खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 08°C

हल्द्वानी, शनिवार 20 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 115 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कोडीन सिरप की तस्करी पर बोले मुख्यमंत्री योगी- सपा से जुड़े होने के प्रारंभिक संकेत पेज 2



गौतम गंभीर को टीम के कोच की जगह प्रबंधक होना चाहिए: कपिल देव खेल टाइम्स




गोवा मुक्तिः भारत की स्वतंत्रता का अंतिम निर्णायक अध्याय सम्पादकीय



ट्रम्प का भारत के साथ सैन्य सहयोग और क्वाड पर जोर पेज 12



रांची : क्रिसमस उत्सव से पहले क्रिसमस कार्निवल के दौरान सेल्फी लेती युवती।

# बांग्लादेश में चीन बना रहा एयरबेस और सबमरीन यार्ड

- संसदीय समिति की रिपोर्ट में खुलासा
- पड़ोसी देश में चीन-पाकिस्तान की बढ़ती पैठ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

**नई दिल्ली।** संसद में विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति ने एक रिपोर्ट पेश की। इसके अनुसार बांग्लादेश की वायुसेना के लालमोनिरहाट एयरबेस की हवाई पट्टी चीन बना रहा है।

साथ ही चीन बांग्लादेश के पेकुआ में 8 पनडुब्बियों का अड्डा भी बना रहा है। बांग्लादेश की नौसेना के पास अभी 2 पनडुब्बी हैं। बांग्लादेश ने इसी साल मार्च में चीन के साथ एमओयू किया है। इसके तहत मोंगला पोर्ट का 370 मिलियन डॉलर से विस्तार होगा। भारत ने बांग्लादेश के डीजीएमओ से लालमोनिरहाट पर पूछा तो सफाई आई कि इस हवाई पट्टी का सैन्य उपयोग नहीं करेंगे। कमेटी को गैर सरकारी विशेषज्ञों ने बताया कि 1971 के बाद से भारत बांग्लादेश में सबसे बड़ी सामरिक चुनौती का सामना कर रहा है। लालमोनिरहाट



एयरबेस भारत की उत्तरी सीमा से 15 किलोमीटर दूर है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर इसकी जद में आता है, जिसे संवेदनशील चिकननेक इलाके के रूप में जानते हैं। सिलीगुड़ी से बांग्लादेश वायुसेना के एयरबेस की दूरी करीब 70 किमी है। चीन की यहां मजबूत मौजूदगी गंभीर सामरिक सवाल खड़े करती है। भूटान और भारत के बीच के चीनी इलाके को देखते हुए भी इस एयरबेस का सामरिक महत्व बढ़ जाता है। कमेटी का कहना है कि बांग्लादेश में ऐसे देशों के पांव मजबूत होना भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, जो हमारे मित्र नहीं। विदेश मंत्रालय ने समिति को आश्वस्त किया कि स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है। राजनीतिक स्तर पर बांग्लादेश का हाथ थामते हुए चीन ने बांग्लादेश की जमात- ए-इस्लामी पार्टी को अपने यहां आमंत्रित किया और बांग्लादेश के राजनीतिक नेतृत्व के साथ अपने संबंध मजबूत करने के इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। कमेटी की रिपोर्ट में सामने आया है कि चीन बांग्लादेश से होते हुए अपनी वस्तुएं भारतीय बाजार में खपा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोस व रास की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई, जिसके साथ ही संसद का शीतकालीन सत्र संपन्न हो गया। एक दिसम्बर से शुरू हुए इस सत्र के दौरान कुल 15 बैठकें हुईं और इसमें मनरेगा का स्थान लेने वाले विकसित भारत जी राम जी विधेयक तथा परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के उदारीकरण से संबंधित शांति विधेयक सहित आठ विधेयक पारित किए गए। सत्र में चुनाव सुधारों और वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में दो विशेष चर्चाएं भी हुईं। हालांकि सहमति बनने के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण की विकराल स्थिति पर चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा ने दो विधेयकों 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' और 'प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक 2025' को विस्तृत अध्ययन के लिए संयुक्त समिति को भेज दिया। मानसून सत्र की तुलना में शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों में कम व्यवधान हुआ और दोनों सदनों में कामकाज अच्छा रहा।

### महुआ मोइत्रा के विरुद्ध CBI नहीं करेगी चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई फिलहाल टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल की ओर से चार्जशीट फाइल करने की मंजूरी को रद्द कर दिया है। यह मंजूरी 12 नवम्बर को दी गई थी। जस्टिस अनिल क्षतरपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा कि हमारा मानना है कि लोकपाल ने इस मामले में गलती की है।

### तेलंगाना में 41 माओवादियों ने सरेंडर किया

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के 41 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। इनमें 6 वरिष्ठ कैडर (कंपनी प्लाटून और डिविजनल कमेटी स्तर) शामिल हैं। यह जानकारी डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी ने दी। सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने हिंसा छोड़ने का ऐलान किया और पुलिस को 24 हथियार सौंपे। पुलिस के मुताबिक नक्सली नेतृत्व से नाराज थे।

# बांग्लादेश में बिगड़े हालात

## शेख हसीना के विरोधी नेता की मौत के बाद हिंसा, दो न्यूज चैनल्स फूंके

## हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या पेड़ पर लटकाकर जलाया

ढाका/नई दिल्ली, वार्ता

**बांग्लादेश में** शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़क गई है। इस दौरान ढाका के नजदीक भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला।

बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, युवक के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें लोग अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाते दिख रहे हैं। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके



- भारत के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा उप- सलाहकार पंकज सरन बोले: बांग्लादेश-भारत को भड़काऊ कार्रवाइयों और बयानों से बचना चाहिए

अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। हादी का शव शुक्रवार शाम को सिंगापुर से ढाका पहुंच गया है। उस्मान हादी शेख हसीना के खिलाफ जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसम्बर को चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग में सुरक्षा कड़ी की गई

**नई दिल्ली।** प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की तरफ से टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में हादी की मृत्यु की पुष्टि के बाद बांग्लादेश में तनाव फैल गया, जिसके चलते गुरुवार रात को व्यापक प्रदर्शन, हमले और तोड़फोड़ हुई। अधिकारी ने कहा कि हमने गुरुवार रात को बांग्लादेश उच्चायोग में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। किसी को भी कानून-व्यवस्था भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# महिला वकील के उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

> शीर्ष अदालत ने केंद्र, उप्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर तलब किया
>
> संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए

**नई दिल्ली।** नोएडा के एक पुलिस थाने में महिला वकील से कथित हिरासत में यौन उत्पीड़न और अवैध नजरबंदी के गंभीर आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया है कि संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए। अदालत ने आदेश दिया कि फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए। हालांकि अदालत ने शुरुआत में याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी, लेकिन आरोपों की गंभीरता और सीसीटीवी से जुड़े मुद्दे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई का फैसला किया। मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान महिला वकील की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। इस पर पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद अब कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इसे बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला बताया। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली से सटे नोएडा में इस तरह की घटना हो सकती है, तो देश के अन्य हिस्सों की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं और निष्पक्ष जांच के लिए मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई को सौंपा जाए। महिला वकील ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि 3 दिसम्बर की रात, जब वह अपने मुवक्किल की ओर से कानूनी जिम्मेदारी निभा रही थीं, तब नोएडा के सेक्टर-126 थाने में उन्हें करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। इस दौरान उनके साथ यौन उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा और मानसिक दबाव डाला गया। याचिका में दावा किया गया है कि घटना के समय पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर बंद कर दिए गए या हटा दिए गए, जो सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का सीधा उल्लंघन है।



# कफ सिरप मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इन्कार

- एफआईआर को खत्म करने की मांग वाली अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज की

**प्रयागराज।** प्रदेश के चर्चित कफ सिरप मामले में दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग वाली अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल समेत 40 आरोपियों ने गिरफ्तारी से रोक लगाने और एफआईआर रद्द करने मांग को लेकर अर्जी दाखिल की थी। शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपियों की अर्जी खारिज कर दी। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है। कोडीनयुक्त कफ सिरप कांड की जांच में यूपी एसटीएफ ने सहारनपुर से दो अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में 25 हजार रुपये के इनामी शुभम जायसवाल का पूरा नेटवर्क सामने आया है। दोनों ने एसटीएफ को बताया कि दोनों विशाल और विभोर राणा के लिए काम करते थे।

### लश्कर आतंकी की मदद करने के आरोप में अदालत ने दो को माना दोषी

**नई दिल्ली।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने जम्मू-कश्मीर के दो निवासियों को 2016 में पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर- ए-तैयबा के आतंकियों को सहायता देने के आरोप में दोषी पाया है। ये आतंकी देश भर में हमले करने के इरादे से भारत में घुसे थे। जहूर अहमद पीर और नजीर अहमद पीर को आतंकियों को ठिकाना देने और उनकी मदद करने के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दोषी पाया गया है।

# मनरेगा की वापसी के लिए बनाएंगे राष्ट्रव्यापी मोर्चा: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि उसने संसदीय परंपराओं को ध्वस्त कर मनरेगा की जगह लेने वाला 'वीबी जी राम जी' विधेयक संसद में जबरदस्ती पारित कर करोड़ों लोगों की उम्मीदों पर पानी फेरा है इसलिए कांग्रेस पार्टी सरकार के इस कदम के खिलाफ लड़ेगी और राष्ट्रव्यापी मोर्चा बनाएगी।



लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि ग्रामीण भारत की उम्मीदों को खत्म करने वाली सरकार की इस योजना को कामयाब नहीं होने देंगे और जिन लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश हुई है उनके साथ खड़े होकर सरकार पर मनरेगा की वापसी करने के लिए दबाव बनाएंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि गुरुवार रात, मोदी सरकार ने एक ही दिन में बीस साल की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को ध्वस्त कर दिया। वीबी-जी राम जी का कोई 'पुनर्गठन' नहीं किया गया है। यह पूरी तरह अधिकार आधारित, मांग- प्रेरित गारंटी को खत्म करता है, जो इसे दिल्ली से नियंत्रित एक सामान्य योजना में बदल देता है।

### यूपी के आठ जिलों के स्कूल बंद, बिहार में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** देश के आधे से ज्यादा राज्य इस समय कड़ाके की सर्दी के साथ भीषण कोहरे की चपेट में हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में शुक्रवार को घने कोहरे का असर सबसे ज्यादा रहा। दिल्ली में कोहरे के कारण 150 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा रहा। बरेली, कानपुर, कासगंज समेत 8 जिलों में 20 दिसम्बर तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लखनऊ समेत 10 जिलों में स्कूलों की टाइमिंग सुबह 9 बजे से कर दी गई है।

# विपक्षी दलों ने 'जी राम जी' विधेयक के विरोध में आधी रात को दिया धरना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण' (वीबी जी-राम-जी) विधेयक '2025 पारित होने के विरोध में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और अन्य इंडिया ब्लॉक पार्टियों के सांसदों ने पुराने संसद भवन की सीढ़ियों पर गुरुवार की आधी रात को 12 घंटे का रात्रिकालीन धरना शुरू किया।

राज्यसभा में आधी रात को यह विधेयक पारित होने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। सदन की कार्यवाही 18 और 19 दिसम्बर की मध्यरात्रि में स्थगित होने के बाद शुरू हुआ यह धरना शुक्रवार को भी



जारी। विपक्षी सांसद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 को निरस्त किए जाने का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि नया 'जी राम जी' कानून मूल अधिनियम के अधिकार संरचना को नष्ट करता है। विरोध प्रदर्शन कर रहे तृणमूल सांसदों ने सरकार पर महात्मा गांधी की विरासत का अपमान करने का आरोप लगाया, क्योंकि सरकार ने उनका नाम प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना से हटा दिया है और कहा कि सरकार ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के मूल्यों की अनदेखी की। पूरी रात तीखे संदेश के साथ पोस्ट और नारे दिखाई और सुनाई देते रहे जिसमें लिखा था कि मनरेगा को वैसे मत मारो जैसे तुमने गांधीजी को मारा था। जी राम जी विधेयक, 2025, दो दशक पुरानी मनरेगा योजना को प्रतिस्थापित करने वाला विधेयक है। सरकार का दावा है कि नया विधेयक एक आधुनिक सुधार है जो गारंटीकृत रोजगार को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करता है जबकि विपक्ष ने इस पर कई आपत्तियां व्यक्त की हैं।

# दिल्ली में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब, दृश्यता 50 मीटर से कम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब होने के कारण दृश्यता 50 मीटर से भी कम रह गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शहर भर के हवाई अड्डों पर बहुत घना कोहरा छा गया है, सफदरजंग में दृश्यता शून्य और पालम में 50 मीटर रह गई है। आईएमडी ने शुक्रवार सुबह 5:30 बजे अगले दो से तीन घंटों के लिए दिल्ली के सभी जिलों में बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना व्यक्त की थी।

### घने कोहरे के कारण दिल्ली में 150 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण शुक्रवार को 150 से ज्यादा उड़ाने अब तक रद्द हो गई हैं। दिल्ली में बीती देर रात से ही घना कोहरा छा गया था। रात करीब 9:00 के बाद से दृश्यता कम हो गई थी और आधी रात के बाद से कैट 3 की प्रक्रिया के तहत उड़ानों का संचालन हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी ने गोवा मुक्ति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा मुक्ति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की और इसे भारत की राष्ट्रीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गोवा मुक्ति दिवस हमें हमारी राष्ट्रीय यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय की याद दिलाता है। हम उन लोगों के अदम्य साहस को याद करते हैं जिन्होंने अन्याय को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और साहस और दृढ़ विश्वास के साथ स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने आगे कहा कि उनके बलिदान हमें गोवा की चौतरफा प्रगति की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन का नाम लोक भवन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने उन स्वतंत्रता सेनानियों और गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने औपनिवेशिक शासन का विरोध किया और ऑपरेशन विजय के माध्यम से 19 दिसम्बर 1961 को गोवा को आजादी दिलाई और 450 से अधिक वर्षों के पुर्तगाली प्रभुत्व को समाप्त किया।

### कांग्रेस ने प्रदूषण पर चर्चा नहीं होने देने के आरोप का किया खंडन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र को प्रदूषण सत्र करार देते हुए कहा है कि प्रदूषण पर चर्चा नहीं होने देने का आरोप गलत है और पार्टी इस आरोप का पूरी तरह से खंडन करती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार का विपक्ष पर प्रदूषण के मुद्दे पर संसद में चर्चा नहीं कराने का आरोप बेबुनियाद और एकदम गलत है। कांग्रेस ही चाहती थी कि इस मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए, क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण के कारण जीना दूभर हो गया है।

# उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 24 तक चलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया, जो 24 दिसम्बर तक चलेगा। सत्र के दौरान 22 दिसम्बर को वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दिन 'वंदे मातरम' विषय पर पांच घंटे की विशेष चर्चा भी प्रस्तावित है।

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। शनिवार और रविवार को अवकाश रहेगा। 22 दिसम्बर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा और 'वंदे मातरम' पर विशेष चर्चा होगी। 23 और 24 दिसम्बर को विधायी कार्य एवं अन्य चर्चाएं संपन्न कराई जाएंगी। शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधान भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। उन्होंने सभी

**■ 22 दिसम्बर को वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा**

राजनीतिक दलों से सत्र के सुचारु संचालन में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पिछले सत्र में कई महत्वपूर्ण और जनोपयोगी विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई थी। तार्किक, तथ्यपरक और गुणवत्तापूर्ण बहस के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान संभव है। मुख्यमंत्री एवं नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विधानसभा जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने का सबसे महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वर्तमान सत्र में सभी महत्वपूर्ण मुद्दों और विधेयकों पर सार्थक चर्चा होगी तथा सरकार प्रत्येक प्रश्न का सकारात्मक उत्तर देने का प्रयास करेगी। साथ ही सदस्यों के सुझावों के आधार पर समाधान निकालने पर भी जोर दिया जाएगा।

### फिर उठी चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री और उसके उपयोग से हो रही जनहानि को लेकर एक बार फिर गंभीर चिता जताई गई है। विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक और दिनेश कुमार गोयल ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए चाइनीज मांझे की खरीद-फरोख्त पर पूरी तरह प्रभावी प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सदस्यों ने इसे जनहित और लोक महत्व का विषय बताते हुए सरकार से इस पर स्पष्ट निर्णय लेने की मांग की है। शुक्रवार को विधान परिषद में सदस्यों ने कहा कि मकर संक्रांति के आसपास पतंग उड़ाने की परंपरा के चलते चाइनीज मांझे की मांग बढ़ जाती है। हालांकि प्रदेश में इसकी बिक्री पर प्रतिबंध है, फिर भी यह धड़ल्ले से बाजारों में उपलब्ध रहता है। चाइनीज मांझा सामान्य मांझे की तुलना में कहीं अधिक धारदार और मजबूत होता है, जो आसानी से नहीं टूटता और कई बार इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों की मौत का कारण बनता है।

### विस में सपा विधायक सुधाकर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया गया। सदन ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सपा के माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सुधाकर सिंह एक लोकप्रिय और कार्यकुशल जनप्रतिनिधि थे।

# मनरेगा खत्म होने का सीधा असर कमजोरों पर होगा

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि मनरेगा को खत्म कर सरकार ने संसद में जिस वीबी जी राम जी विधेयक को जबरदस्ती पारित कराया है उसका पहला और सीधा असर गरीब, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़ों पर होगा और इसका दूसरा असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ेगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस विधेयक से जहां समाज के कमजोर वर्गों के लोगों का हक मारा जाएगा वहीं राज्यों की आर्थिक स्थिति पर इसका गहरा असर पड़ेगा। इस विधेयक में 60 प्रतिशत केंद्र का पैसा होगा जबकि 40 प्रतिशत

**■ राज्यों की वित्तीय स्थिति बिगड़ेगी: कांग्रेस**

राज्यों का रहेगा। हिमालई राज्यों के लिए 90 प्रतिशत हिस्सा केंद्र से जारी किया जाएगा। रमेश ने कहा कि वीबी जीरामजी जन विरोधी कानून है और इसका सीधा असर समाज के हर कमजोर तबके पर पड़ेगा इसलिए कांग्रेस इसके खिलाफ अभियान शुरू करेगी और यह अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा। जिन लोगों पर इस कानून का असर होना तय है उनके साथ कांग्रेस इस जन विरोधी कानून के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति की 27 दिसम्बर को बैठक होने वाली है और उसमें व्यापक रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# मतदाता सूची का निष्पक्ष होना लोकतंत्र की बुनियाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि वोटर लिस्ट का शुद्ध, निष्पक्ष और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की बुनियाद है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही, भेदभाव या राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस प्रक्रिया पर पैनी नजर रखें और जरूरत पड़ने पर चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराएं। सुश्री मायावती ने शुक्रवार को पार्टी की राष्ट्रीय बैठक में चुनावी तैयारियों, संगठन की मजबूती और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को लेकर अहम निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा संचालित वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर विशेष जोर दिया। बैठक में पार्टी



**■ बसपा पदाधिकारी प्रक्रिया पर पैनी नजर बनाए रखें**

संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रमों और आर्थिक मजबूती से जुड़े निर्देशों की समीक्षा की गई। मायावती ने स्पष्ट किया कि संगठन की ताकत और अनुशासन ही बसपा की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी हित में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में चुनावों के दौरान सरकारी धन और संसाधनों का दुरुपयोग बढ़ा है, जिससे निष्पक्ष चुनाव प्रभावित होते हैं।

## कोडीन सिरप की तस्करी पर बोले मुख्यमंत्री

# सपा से जुड़े होने के मिले प्रारंभिक संकेत: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस संबंध में गलत तरीके से तस्करी के पुख्ता सबूत सामने आए हैं, जिसके बाद सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में बड़े स्तर पर गिरफ्तारियां भी की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को विधानसभा में पत्रकारों से बात. चीत करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनके संबंध समाजवादी पार्टी से हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा। योगी ने कहा कि इस बारे में तभी कुछ कहा जाएगा, जब जांच पूरी हो जाएगी। जांच पूरी होने दीजिए,



**■ सरकार ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की है और बड़े स्तर पर गिरफ्तारियां भी की गई है, अंतिम निष्कर्ष जांच के बाद सामने आएगा**

दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर अपराधी के संबंध सपा से होते हैं। समा. जवादी पार्टी बार-बार वही गलती करती है। धूल चेहरे पर होती है और साफ आईने को किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी दोहराया कि राज्य सरकार नशे और अवैध तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है और दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर करोड़ों रुपये के कोडीन-युक्त कफ सिरप की अवैध आपूर्ति में संलिप्त लोगों को बचाने का आरोप लगाया था। यादव ने सपा विधायकों की बैठक के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा के आने वाले सत्र में उठाए जाने वाले कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें कथित कोडीन और कफ सिरप रैकेट एक बड़ी चिता का विषय था।

### जब खुद फंस जाओ, तो दूसरे पर इल्जाम लगाओ, ये खेल बहुत पुराना है: अखिलेश



**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप मामले में समा. जवादी पार्टी से जुड़े लोगों के हाथ होने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर पलटवार करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जब खुद फंस जाओ तो दूसरे पर इल्जाम लगाओ। ये खेल बहुत पुराना है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश से लेकर देश के अन्य राज्यों तक फैले हजारों करोड़ के इस अवैध कारोबार को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। भाजपा सरकार में इसी तरह से अन्य कई अवैध कारोबार हो रहे है। जिलों-जिलों में भूमाफिया सरकारी और गरीबों की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है।

### काकोरी कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन एक्शन के नायकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि शहीदों की विरासत लोगों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प देती रहेगी। योगी ने एक्स पर लिखा ष भारत के स्वाभिमान की अमर गूंज 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के नायक पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मातृभूमि के सम्मान और स्वतंत्रता की लौ को प्रज्वलित रखने हेतु आप सभी ने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।



सेंसेक्स 84929.36
निफ्टी 25966.40



सोना रु. 132394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 200336
प्रति किलो



# रुपये की मजबूती से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

रुपये में जारी तेजी से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में चौतरफा लिवाली रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 447.55 अंक (0.53 प्रतिशत) चढ़कर 84,929.36 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 150.85 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,966.40 अंक पर बंद हुआ। भारी उतार-चढ़ाव के बीच रुपया आज 89.25 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। बाजार में चौतरफा लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.91 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.36 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सभी सेक्टर हरे निशान में रहे। रसायन, रियलिटी, ऑटो, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और फार्मा सेक्टरों में ज्यादा लिवाली रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बीईएल का



शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। पावरग्रिड में भी करीब सवा दो प्रतिशत की तेजी रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, ट्रेंट, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिदुस्तान यूनीलिवर, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही।

### अल्ट्राटेक सीमेंट को 6.58 करोड़ रुपये के कर नोटिस

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित देनदारी, ब्याज और जुर्माने समेत कुल 6-58 करोड़ रुपये के दो कर नोटिस मिले हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि दोनों नोटिस 18 दिसम्बर को मिले हैं। एक नोटिस केंद्रीय जीएसटी के उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित संयुक्त आयुक्त कार्यालय से मिला है। इसमें 72, 62,390 रुपये के जीएसटी, 86,22,535 रुपये के ब्याज और 1,49,41,110 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह राशि कुल 3,08,26,035 रुपये है। इसमें कंपनी पर अयोग्य होने के बावजूद इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने और उन वेंडरों के नाम पर आईटीसी के दावे का आरोप है, जिनके पंजीकरण पहले ही रद्द कर दिए गए थे। दूसरा नोटिस केंद्रीय जीएसटी के पश्चिम बंगाल स्थित भोलापुर के संयुक्त आयुक्त से प्राप्त हुआ है। इसमें 1,74,64, 611 करोड़ रुपये के कर और इतनी ही राशि के ब्याज तथा जुर्माने की मांग की गई है।

### चांदी 2 लाख के ऊपर बरकरार, सोने की कीमत में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को मामूली गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम सोने की कीमत 80 रुपए घटकर 1,32,394 हो गई है।वहीं चांदी के दाम आज 784 रुपए घटकर 2,00,336 प्रति किलो पर आ गए हैं।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हालमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड सोना ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कम्र सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# पीजीटी-टीजीटी परीक्षा के साथ-साथ 24 हजार शिक्षक भर्तियां चुनौती

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग पिछले 2 सालों में एक भी नम्र भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर सका, जिससे प्रतियोगी अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी और असंतोष है। पीजीटी-टीजीटी की परीक्षा भी बार-बार टल रही हैं, इसके अलावा 24 हजार नई शिक्षक भर्तियां भी प्रस्तावित हैं। प्रशांत कुमार के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं।

यूपी के पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का नया अध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति से लाखों अभ्यर्थियों में एक बार फिर उम्मीद जगी है। आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती कम्र सालों से लंबित शिक्षक भर्तियों को समय से और पारदर्शी तरीके से पूरा करना है। बीते दो सालों में आयोग एक भी नई



भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर सका, जिससे प्रतियोगी अभ्यलृथयों में भारी नाराजगी और असंतोष है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन 1 अगस्त 2023 को किया गया था। आयोग के गठन के साथ ही उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड जैसे पुराने निकायों का इसमें विलय कर दिया गया। उद्देश्य था कि प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के साथ-साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की भर्ती एकीकृत, पारदर्शी और तेज प्रक्रिया के तहत हो सके। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से संबंधित पीजीटी और टीजीटी भर्तियां भी अभ्यर्थियों के लिए सबसे बड़ी पीड़ा बनी हुई हैं। जून 2022 में पीजीटी के 624 और टीजीटी के 3539 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे, इनमें साढ़े चार लाख और लगभग साढ़े आठ लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इन परीक्षाओं की तिथियां चार-चार बार घोषित की गईं, लेकिन हर बार परीक्षाएं स्थगित होती रहीं। वर्तमान में दोनों ही भर्तियां आवेदन स्तर पर ही अटकी हुई हैं। इसके अलावा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) भी तय समय पर नहीं हो सकी है। जनवरी में परीक्षा कराने की घोषणा के बावजूद अब तक विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। इससे प्रतियोगियों का आक्रोश और आंदोलन लगातार बढ़ रहा है। आयोग आने वाले समय में 24 हजार से अधिक नए पदों पर भर्ती की बड़ी जिम्मेदारी भी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बांग्लादेश में...**

था। 6 दिन बाद गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। वहीं बांग्लादेश में भारतीय मिशनों पर भीड़ के हमलों के परिप्रेक्ष्य में पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा उप-सलाहकार पंकज सरन ने दोनों देशों को सलाह दी है कि वे आपसी रिश्तों में किसी भी ताकत को दखलअंदाजी न करने दें और भड़काऊ बयानों तथा कार्रवाइयों से बचें। बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त रहे श्री सरन ने एक विशेष साक्षात्कार में चेतावनी दी कि भड़काऊ कार्रवाइयां और बयान केवल माहौल को खराब करने का काम करते हैं। उनका इशारा बांग्लादेश के विभिन्न छात्र नेताओं द्वारा दिए गए उन बयानों की ओर था जो भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार स्थिति पर करीबी नजर रखेगी, ताकि बांग्लादेश में तैनात भारतीय उच्चायोग या भारतीय राजनयिकों को कोई नुकसान न पहुंचे। बांग्लादेश में गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक व्यापक हिंसा देखने को मिली, जब भीड़ ने ढाका और कई अन्य शहरों में उत्पात मचाया। यह हिंसा सिंगापुर के एक अस्पताल में इंकलाब मंच आंदोलन के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद भड़की। इस अशांति ने देश की आंतरिक सुरक्षा, प्रेस की स्वतंत्रता और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# शिल्पा शेट्टी ने धोखाधड़ी की जांच को 'बेबुनियाद प्रयास' बताया

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने कथित 60 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में चल रही जांच पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए दावा किया कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है। अभिनेत्री स्पष्ट किया कि संबंधित कंपनी के साथ उनका जुड़ाव सीमित था और वह किसी भी तरह की संचालन संबंधी भूमिका में शामिल नहीं थीं। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस मामले से मेरा नाम जोड़ने की निराधार कोशिश से मैं बेहद आहत हूं। कंपनी के साथ मेरा जुड़ाव पूरी तरह गैर-कार्यकारी स्तर तक सीमित था और उसके संचालन, वित्त, निर्णय-प्रक्रिया या किसी भी प्रकार के हस्ताक्षर अधिकार में मेरी कोई भूमिका नहीं थी। वास्तव में, अन्य कई सार्वजनिक हस्तियों की तरह मैंने होम शॉपिंग चैनल के लिए कुछ उत्पादों का पेशेवर तौर पर प्रचार किया था, जिसके बदले मुझे किया जाना वाला भुगतान अब भी लंबित है। सुश्री शेट्टी ने यह भी कहा कि मैं रिकॉर्ड पर यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि हमारे परिवार की ओर से कंपनी को लगभग 20 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया था, जो अब तक वापस नहीं किया गया है। लगभग नौ वर्षों की बिना किसी स्पष्ट वजह की देरी के बाद मुझ पर आपराधिक जिम्मेदारी थोपने की शरारतपूर्ण कोशिश कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।

# उत्तर प्रदेश में घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित, कई जिलों में रेड ऑरेंज अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से में शुक्रवार को घने से बहुत घने कोहरे की चादर छाई रही, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अगले दो से तीन दिनों तक शीत से लेकर भीषण शीत दिवस की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के लखनऊ स्थित केंद्र के अनुसार निचले वायुमंडल में इनवर्जन लेयर बनने, पश्चिमी व इससे सटे मध्य भारत में एंटी-साइक्लोनिक सर्कुलेशन और उत्तर भारत के ऊपर सक्रिय ट्रॉपिकल वेस्टरली जेट स्ट्रीम के प्रभाव से कोहरा और अधिक घना हो गया है। इन कारणों से बीते 48 घंटों से दिन में भी कोहरा बना हुआ

**■ अगले दो से तीन दिन तक भीषण शीत लहर की चेतावनी तापमान में गिरावट दर्ज की गई**

है और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एमडी दानिश ने बताया कि मौजूदा हालात कम से कम 20 दिसम्बर तक बने रहने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में शीत से भीषण शीत दिवस की स्थिति देखने को मिल सकती है। आगरा, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर और कुशीनगर के वायुसेना स्टेशनों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई। अलीगढ़ में दृश्यता करीब 40 मीटर रही, जबकि बलिया, बहराइच और हरदोई में लगभग शून्य दृश्यता दर्ज की गई। मुरादाबाद, अयोध्या, वाराणसी, बस्ती और आजमगढ़ में भी घना कोहरा छाया रहा। लखनऊ एयरपोर्ट पर मध्यम कोहरा दर्ज किया गया, जहां दृश्यता करीब 200 मीटर रही। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया और कुशीनगर जिलों में भीषण कोहरे की स्थिति बन सकती है। वहीं कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, बरेली, आगरा और मेरठ सहित पश्चिमी व मध्य यूपी के कई हिस्सों में घना कोहरा रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि कम दृश्यता के चलते सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो सकता है। लोगों को वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने और यात्रा से पहले समय-सारिणी की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

# अगले दो दिन घने कोहरे के कारण सभी डीएम-एसपी को निर्देश जारी

**लखनऊ।** राहत आयुक्त हृषिकेश भास्कर याशोद ने नागरिकों से अपील की है कि अगले तो से तीन दिन घना कोहरा होगा। इसलिए जरूरी हो तभी यात्रा करें।

उन्होंने इस संदर्भ में सभी जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्न. रों व एसएसपी को निर्देश जारी किए हैं कि कोहरे एवं शीतलहर से आमजन के बाचाव एवं सड़क सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। उन्होंने मौसम विभाग से जारी होने वाली चेतावनी को लेकर नागरिकों को जागरूक करने की भी अपील जिलाधिका. रियों से की है। साथ ही कहा है कि गरीबों को शीतलहर से बचाव के लिए रैन बसेरों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराम्र जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय से

**■ आमजन के बचाव के इंतजाम किए जाएं**

लगातार इसकी निगरानी की जा रही है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में तेजी से मौसम बदल रहा है। बीते दिन तीनों से कोहरे का कहर देखने को मिल रहा है। ऊपरी क्षोभ मंडल में उत्तर भारत से होकर गुजर रही उष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम के प्रभाव से ऐसा घना कोहरा छाया कि काशी समेत पूरा पूर्वांचल उसमें समा गया। दिन का अधिकतम तापमान लगभग 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया और बनारस प्रदेश का सबसे ठंडा शहर बन गया। बनारस शिमला, शिलांग, मनाली से भी सर्द रहा और देश का 10वां सबसे ठंडा शहर की श्रेणी में आ गया।

## डालनवाला पुलिस स्टेशन में लापरवाही पर मुख्यमंत्री का कड़ा प्रहार

# सीएम के औचक निरीक्षण में थानेदार अनुपस्थित, तत्काल लाइन हाजिर






**मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप , जनसेवा में कोताही पर जीरो टॉलरेंस: सीएम धामी**

**मुख्यमंत्री ने स्वयं की महिला हेल्प डेस्क, एफआईआर व ड्यूटी रजिस्टर की गहन जांच ,शिकायतकर्ताओं से सीधे बातचीत, त्वरित समाधान के निर्देश, शिकायतों को औपचारिकता नहीं ,बल्कि उत्तरदायित्व समझकर दर्ज किया जाए: सीएम**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित डालनवाला पुलिस स्टेशन के औचक निरीक्षण के दौरान थानेदार के ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से उन्हें लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था और जनसेवा जैसे संवेदनशील दायित्वों में किसी भी स्तर की लापरवाही अक्षम्य अपराध है और ऐसे मामलों में तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी।

विभिन्न बैठकों के बाद मुख्यमंत्री धामी अचानक पुलिस स्टेशन पहुंचे और वहां की संपूर्ण कार्यप्रणाली का गहन निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मौके पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति सामने आई।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस स्टेशन में आए कई शिकायतकर्ताओं से सीधे बात. चीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को औपचारिकता नहीं बल्कि उत्तरदायित्व समझकर दर्ज किया जाए तथा उनका तत्काल, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री महिला हेल्प डेस्क पर भी पहुंचे और वहां मौजूद महिला फरियादियों से बातचीत कर उनकी शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, गोपनीयता और त्वरित कार्रवाई को अनिवार्य बताते हुए किसी भी प्रकार की ढिलाई पर सखह्त कार्रवाई की चेतावनी दी

।मुख्यमंत्री ने एफआईआर रजिस्टर का विस्तृत निरीक्षण करते हुए दर्ज मामलों पर की गई कार्रवाई, फॉलोअप की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर और उपस्थिति रजिस्टर का भी निरीक्षण कर कर्मियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून अजय सिंह तत्काल पुलिस स्टेशन पहुंचे और मौके पर स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की।

### पुलिस थाने में अव्यवस्था और गंदगी पर मुख्यमंत्री सख्त

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने थाने में स्थित कारागार में गंदगी और अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल समुचित साफ-सफाई एवं मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने की स्थिति ही शासन-प्रशासन की कार्यसंस्कृति को दर्शाती है।

### ट्रैफिक अव्यवस्था पर जताई नाराजगी, विस्तृत जांच के आदेश

मुख्यमंत्री ने वाहन जांच अभियान, वेरिफिकेशन ड्राइव तथा अपराध नियंत्रण को लेकर चल रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन अभियानों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था पर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने विस्तृत जांच कर जिम्मेदारी तय करने के आदेश दिए।

### कहा - कानून व्यवस्था से जुड़ा प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी जनता के प्रति जवाबदेह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सखह्त शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़ा प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी जनता के प्रति जवाबदेह है। जनस. ेवा में लापरवाही, अनुशासनहीनता या संवेदनहीनता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस व्यवस्था में सुधार, पारदर्शिता और जवाब. देही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनहित में सखह्त से सखह्त कार्रवाई करने से सरकार पीछे नहीं हटेगी।

# एसपी देहात ने किया कोतवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आज एसपी देहात द्वारा कोतवाली विकासनगर का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी देहात द्वारा थाना भवन एवं थाना परिसर का भ्रमण कर थाना में बने आवासीय भवन व बैरकों का निरीक्षण किया गया, थाने के मैस का निरीक्षण कर कर्मचारियों के भोजन की व्यवस्था की जानकारी ली।

एसपी देहात ने मालगृह के निरीक्षण के दौरान मालखाने में रखे मालों के रखरखाव एवं मालों के निस्तारण एवं संपूर्ण सरकारी संपत्ति की जानकारी ली गई। थाने पर उपलब्ध सरकारी संपत्ति व अस्लाह, आपदा उपकरणों का निरीक्षण किया गया, जिनका रखरखाव सही पाया गया। थाने पर लंबित माल मुकदमाती, लावारिस मालों का निरीक्षण किया गया। मालों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए तथा एमवी एक्ट, लावारिश व अभियोगों से संबंधित मालों का शीघ्र निस्तारण व निलामी प्रक्रिया किये जाने हेतु मालखाना मोहर्रिर को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्लाह खोलने और जोड़ने के संबंध में मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ कर खुलवाये गए तथा नियमित अस्लाह खोलने जोडने का अभ्यास करने हेतु सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। एसपी देहात ने निरीक्षण के उपरांत थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को अपराध नियंत्रण और रोकथाम तथा विवेचनाओं व शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व शीघ्रता से विधिक निस्तारण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं थाना क्षेत्रान्तर्गत यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए इसके अतिरिक्त अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी कर्मचारियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई।

# मोदी सरकार ने गरीबों से छीना काम का अधिकार:कांग्रेस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर केंद्र की मोदी सरकार पर मनरेगा को खत्म करने का गंभीर आरोप लगाया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सुधार के नाम पर लोकसभा में पास किए गए नए प्रावधानों से दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा का मूल स्वरूप समाप्त कर दिया गया है। यह महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और गरीबों के काम के अधिकार पर सीधा हमला है।मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर करने का भी लगाया आरोप।नेताओं ने कहा कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार लगातार मनरेगा को कमजोर कर रही है। बजट कटौती, राज्यों को फंड रोकना, जॉब कार्ड निरस्त करना और आधार आधारित भुगतान लागू कर करोड़ों मजदूरों को योजना से बाहर किया गया। नतीजतन बीते वर्षों में मजदूरों को औसतन 50ख्र55 दिन से अधिक काम नहीं मिल पा रहा।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अब मनरेगा का 40 प्रतिशत खर्च राज्यों पर डालना चाहती है, जबकि नियम, नियंत्रण और श्रेय केंद्र अपने पास रखेगा। इसे संघीय ढांचे के खिलाफ बताते हुए इसे "आर्थिक धोखाधड़ी" करार दिया गया।प्रेस वार्ता में कहा गया कि मनरेगा, जो संविधान के अनुच्छेद 21 से जुड़े अधिकार के रूप में थी, अब केंद्र-नियंत्रित सशर्त योजना बनती जा रही है। डिमांड आधारित रोजगार व्यवस्था को खत्म कर सीमित आवंटन प्रणाली लाई जा रही है।




### नेशनल हेराल्ड मामले पर सरकार को घेरा

देहरादून। कांग्रेस नेताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत के फैसले को मोदी-शाह की बदले की राजनीति की हार बताया। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को राजनीतिक दुर्भावना से निशाना बनाया गया, जिसे न्यायपालिका ने खारिज कर दिया।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों का दुरुपयोग राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए किया गया। कांग्रेस ने साफ किया कि मनरेगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी।

# विश्वविद्यालयों को मिला समर्थ पोर्टल का सम्पूर्ण नियंत्रण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारत सरकार का तैयार उच्च शिक्षा के एकीकृत समर्थ पोर्टल के संचालन का अधिकार राज्य विश्वविद्यालयों को पूर्ण रूप से सौंप दिया गया है। इस संबंध में शासन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

अब राज्य विश्वविद्यालय अपने-अपने स्तर पर छात्र-छात्राओं के प्रवेश, परीक्षा व अन्य शैक्षिक गतिविधियां सम्पादित कर सकेंगे। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विश्व. विद्यालय के कुलपति व कुलसचिव को सौंपी गई है।सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशों के उपरांत समर्थ पोर्टल के संचालन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से राज्य विश्वविद्यालयों कुमाऊं विश्व. विद्यालय, नैनीताल, श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, टिहरी तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा को सौंप दी गई है। अब राज्य विश्वविद्यालय सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों एवं



विश्वविद्यालय परिसरों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश एवं परीक्षा से लेकर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां अपने स्तर से संचालित कर सकेंगे। अभी तक समर्थ पोर्टल का संचालन शासन स्तर पर राज्य समर्थ टीम (एनईपी-पीएमयू) के द्वारा किया जा रहा था लेकिन इससे छात्र-छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन स्तर से जारी आदेश के तहत सभी राज्य विश्वविद्यालय के द्वारा समर्थ पोर्टल के सभी मॉडयूल के संचालन को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। पोर्टल संबंधी संचालन की सारी जिम्मेदारी संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव की होगी, जो किसी भी प्रकार से अन्य को हस्तगत नहीं की जायेगी। प्रत्येक माह पोर्टल की समीक्षा की जायेगी जिसकी रिपोर्ट शासन को आवश्यक रूप से सौंपी जायेगी। छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु पोर्टल खोलने से पहले विश्वविद्यालय सात दिन पहले इसकी सूचना अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करेगा साथ ही सामाचार पत्रों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया माध्यामों के जरिये इसका प्रचार-प्रसार भी करेगा। इसके अलावा इस संबंध में शासन को भी अवगत कराया जायेगा। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विश्व. विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल का ही प्रयोग किया जायेगा। विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में पूर्व से संचालित समस्त ईआरपी/पोर्टल का डाटा 31 मार्च 2026 तक समर्थ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जायेगा इसके उपरांत समर्थ पोर्टल के अतिरिक्त किसी भी दशा में कोई भी ईआरपी/पोर्टल का संचालन नहीं की जायेगी और न ही इस संबंध में कोई भुगतान किया जायेगा।शासन स्तर से जारी आदेश के तहत सभी राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों को अपना एकेडमिक कैलेण्डर तैयार कर उसे आगामी 31 मई 2026 तक अपनी कार्यपरिषद से अनिवार्य रूप से अनुमोदित कराना होगा तदोपरांत आगामी सत्र के प्रवेश, परीक्षा एवं अन्य प्रक्रियाएं सम्पादित की जायेगी। विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में प्रवेश के उपरांत छात्र-छात्राओं की कक्षाओं का संचालन 90 दिवस तथा 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जायेगी, जिसका डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड़ करना अनिवार्य होगा। जबकि निजी विश्व. विद्यालयों में समर्थ मॉड्यूल लागू होने तक छात्रों की उपस्थिति संबंधित ईआरपी पर अपलोड़ की जायेगी, जिसकी जानकारी शासन को उपलब्ध कराई जायेगी। छात्रों की उपस्थिति व कक्षाओं के संचालन मानक पूर्ण न होने की दशा में छात्रों को किसी भी दशा में परीक्षा में बैठने की अनुमति कतई भी नहीं दी जायेगी। उक्त आदेशों को सुनिश्चित करने के लिये संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, संबंधित संस्थान के प्राचार्य/निदेशक एवं उच्च शिक्षा निदेशक जिम्मेदार होंगे।

समर्थ पोर्टल के संचालन का अधिकार राज्य विश्वविद्यालयों को दे दिया गया है। जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा। इसके अलावा उच्च शिक्षण संस्थानों में एकेडमिक कैलेण्डर लागू कर प्रत्येक सेमेस्टर में छात्र-छात्राओं की 75 फीसदी उपस्थिति व 90 दिवस कक्षाओं का संचालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा। जिसका रिकार्ड समर्थ पोर्टल पर अपलोड़ किया जायेगा। - **डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड ।**

# विपक्ष को नई योजना से होने वाले विकास और राम नाम से दिक्कत : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने विकसित भारत- जी राम जी योजना को लेकर कहा, इससे रोजगार गारंटी की कार्याविधि, बजट राशि, डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार से सुरक्षा में वृद्धि हुई है, लेकिन लगता है, कांग्रेस की समझ में कमी आई है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, अब तक एक दर्जन से अधिक मर्तबा ग्रामीण रोजगार की योजनाएं आई, नाम नेहरू से लेकर गांधी हुआ, कभी दिक्कत नहीं हुई।

दरअसल कांग्रेस को गांधी की चिंता नहीं, योजना के नाम में प्रभु राम का नाम आने की है।उन्होंने कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे बेबुनियादी आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विकसित भारत की मजबूत नींव इन 10 वर्षों में पीएम मोदी ने रख दी है, अब नई योजनाओं से देश की शानदार ईमारत खड़ी की जा रही है, लेकिन विपक्ष को ये सब हजम नहीं हो रहा। उन्होंने सिलसिलेवार ढंग से नई ग्रामीण रोजगार योजना की खासियत का जिक्र करते हुए कहा, प्रत्येक क्षेत्र में इसके आने से वृद्धि होना तय है। जैसे रोजगार कार्याविधि की गारंटी अब 125 दिन होगी को पूर्व से 25 दिन अधिक है। वर्षवार इसके तहत केंद्र से प्राप्त धनराशि में भी लगभग 30 फीसदी वृद्धि होकर 1 लाख करोड़ होने वाली है, जो केंद्रीय 60 फीसदी हिस्सा होगा। उसके ऊपर राज्य से मिलना वाला 40 फीसदी हिस्सा अलग से लोगों को मिलने वाला है। इसी तरह पीएम गति शक्ति से जोड़ने, पूर्णतया डिजिटलीकरण, बायोमेट्रिक सत्यापन, साप्ताहिक मूल्यांकन और नवीन तकनीकों के प्रयोग से योजना की शेष सभी कमियां दूर होंगी और भ्रष्टाचार मुक्त होगी।उन्होंने योजना के लाभों का जिक्र करते हुए कहा, नई योजना से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के सभी पहलू में वृद्धि हुई है। वहीं कटाक्ष किया कि कांग्रेस की अनर्गल आपत्तियों से लगता है उनकी सोच और समझ में कमी आई है। या फिर विपक्ष जनता है कि उनकी जहां जहां सरकारें है वो भ्रष्टाचार मुक्त और तकनीक युक्त शासन नहीं चाहता है। लिहाजा कांग्रेस और विपक्ष बार बार बाधाएं खड़े और भ्रम फैला कर, देश में विकास की गति और देशवासियों के सपनों को तोड़ना चाहता है।

# नववर्ष एवं क्रिसमस पर कानून का पाठ पढ़ने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** नववर्ष एवं क्रिसमस आयोजनों की तैयारियों के दृष्टिगत आज पुलिस मुख्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में निर्देश दिए गए की नव वर्ष और किस्मत पर सड़कों पर हद मचाने वालों को कानून का पाठ सिखाया जाए इस अवसर पर प्रदेश के समस्त जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं अग्निशमन अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए।

गोष्ठी के प्रारम्भ में उपनिदेशक (तकनीकी), फायर सर्विस.के. राणा द्वारा गोवा में घटित हालिया अग्निकाण्ड का उल्लेख करते हुए प्रदेश भर में फायर सर्विस द्वारा संच. ालित अग्नि सुरक्षा ऑडिट अभियान की जानकारी दी गई। श्रीमती नीरू गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक, अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा क्रिसमस एवं नववर्ष के दौरान होने वाले समस्त आयोजनों में सुदृढ़ अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जनपदों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन स्थलों जैसे बैंकेट हॉल, मॉल, होटल, पब आदि का समय रहते निरीक्षण किया जाए तथा अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र, उसके नवीनीकरण एवं फायर उपकरणों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए। साथ ही भवन स्वामी, प्रबंधक एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया जाए। निकास मार्गों एवं अग्निशमन वाहनों के पहुँच मार्ग को अवरोधमुक्त रखने तथा निर्धारित विद्युत भार से अधिक उपकरणों के प्रयोग पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर भवन स्वामी/संचालक के साथ-साथ संबंधित मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं अग्निशमन अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी

सुनील कुमार मीणा, पुलिस महा. निरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था द्वारा सभी जनपद प्रभारियों को क्रिसमस एवं नववर्ष के अवसर पर संभावित घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क एवं सूक्ष्म कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी दुर्घटना के पश्चात उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई, मंदिरों की अग्नि सुरक्षा ऑडिट, यातायात प्रबंधन, नववर्ष आयोजनों के नाम पर होने वाली साइबर ठगी तथा हुड़दंग करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए गए। गोष्ठी के समापन पर डॉ. वी. मुरूगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड ने कहा कि नववर्ष आयोजनों के दौरान अग्नि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। फायर ऑडिट केवल औपचारिकता न रहकर वास्तविक अग्नि निवारण प्रयासों पर केंद्रित होना चाहिए।

गोष्ठी में डॉ. वी. मुरूगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड, नीरू गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक, अग्निशमन एवं आपात सेवा,सुनील कुमार मीणा, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, तृप्ति भट्ट, पुलिस अधीक्षक, फायर सर्विस, डॉ. विशाखा अशोक भदाणे, पुलिस अधीक्षक, अपराध, एस.के. राणा उपनिदेशक (तकनीकी), अग्निशमन एवं आपात सेवा तथा अभिनव त्यागी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, देहरादून उपस्थित रहे।

# यूपीईएस में 'आईकेमीस 2.0' का हुआ आयोजन

**सतत तकनीकों के भविष्य पर 200 से अधिक शोधकर्ताओं ने किया मंथन**



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन उन्नत सामग्री, ऊर्जा एवं पर्यावरणीय सततता (आईकेमीस 2. 0) का सफल आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों से आए वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लेकर सतत भविष्य को आकार देने वाली नवीन वैज्ञानिक प्रगतियों पर गहन विचार-विमर्श किया।

अंतरविषयक संवाद के वैश्विक मंच के रूप में आयोजित इस सम्मेलन में 200 से अधिक प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. लोक प्रताप सिंह, महानिदेशक, राष्ट्रीय परिषद सीमेंट एवं भवन सामग्री, नई दिल्ली ने किया। सम्मेलन के मुख्य संरक्षक के रूप में पद्मश्री प्रोफेसर एस. शिवराम, फेलो राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, मानद प्रोफेसर एमेरिटस, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, कोल. काता, तथा जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र, बेंगलुरु, ने मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं, मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र सिंह सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि रहे।इस अवसर पर यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा कि आज सततता से जुड़ी चुनौतियाँ इतनी व्यापक और तात्कालिक हैं कि उन्हें किसी एक विषय के दायरे में रहकर हल नहीं किया जा सकता। शोध को अब काग. जों तक सीमित न रहकर वास्तविक समाधान देने होंगे, जो आम जनजीवन को बेहतर बना सकें। उन्होंने कहा कि आईकेमीस 2.0 के माध्यम से यूपीईएस ऐसा ही एक मंच तैयार कर रहा है, जहां वैज्ञानिक, उद्योग जगत और अनुसंधान संस्थान आपस में संवाद कर साझा समाधान विकसित कर सकें।दो दिवसीय सम्मेलन में तीन प्रमुख विषयगत क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया गया। उन्नत सामग्री के अंतर्गत उन्नत कार्यात्मक सामग्री, नैनो सामग्री, बहुलकीय एवं जैव सामग्री, अर्धचालक, प्रकाशीय एवं सुप्रामॉलिक्यूलर सामग्री, पाईजो एवं ट्राइबो-विद्युत सामग्री तथा उत्प्रेरकों पर चर्चा हुई।

ऊर्जा क्षेत्र में ऊर्जा संचयन एवं भंडारण, नवीकरणीय एवं पारंपरिक ऊर्जा संसाधन, सुपर संधारित्र, बैटरियाँ, वैकल्पिक एवं संकर ऊर्जा प्रणालियाँ तथा ऊर्जा रूपांतरण प्रौद्योगिकियों को प्रमुखता दी गई।

वहीं पर्यावरणीय सततता के अंतर्गत हरित रसायन, अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएँ, हरित अवसंरचना, पर्यावरणीय प्रदूषण की निगरानी एवं उपचार तथा कार्बन संग्रहण, उपयोग और भंडारण जैसे अहम विषयों पर मंथन हुआ।

## शिक्षक बनने का ख्वाब देखने वालों के लिए फिर खुला दरवाजा

**विकासनगर।** शिक्षक बनने का ख्वाब देखने वाले सैकड़ों युवाओं के लिए राहत की खबर। जो छात्र-छात्राएं कुमाऊँ विश्वविद्यालय की ऑनलाइन काउंसलिंग में किसी वजह से पीछे रह गए, उनके लिए एक बार फिर दरवाजा खुल गया है।वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर ने बी. एड. सत्र 2025-27 में प्रवेश के लिए स्पॉट काउंसलिंग का मौका दिया है। यह अवसर उन सभी के लिए है जो इंटरनेट की दिक्कत, दस्तावेजों की कमी या किसी अन्य कारण से पहली बार में प्रवेश नहीं ले सके। बी एड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रुचि बहुखंडी ने बताया कि 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे तक महाविद्यालय के व्यावसायिक परिसर (बस स्टैंड के पास) में प्रवेश और फीस सब कुछ एक साथ जमा होगा।

# सैनिक स्कूल कपूरथला राष्ट्र , चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास की प्रयोगशाला : राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) शुक्रवार को पंजाब में सैनिक स्कूल कपूरथला के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कैडेट्स के हॉस्टल, मैस आदि का भ्रमण कर अपनी पुरानी यादों को साझा किया। गौरतलब है कि राज्यपाल ने इसी स्कूल से अपनी शिक्षा प्राप्त की है।

राज्यपाल ने कहा कि सैनिक स्कूल कपूरथला केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास की प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल कपूरथला उनके जीवन की दिशा निर्धारित करने वाला संस्थान रहा है। इसी परिसर में उन्होंने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के मूल संस्कार आत्मसात किए, जिन्होंने उन्हें भारतीय सेना में सेवा के लिए प्रेरित किया।राज्यपाल ने कहा कि सैनिक स्कूलों का उद्देश्य ऐसे युवाओं का निर्माण करना है, जो राष्ट्र को सर्वोपरि रखें और राष्ट्रीय सुरक्षा में अपना योगदान दें। सैनिक स्कूल कपूरथला ने इस उद्देश्य को सफलतापूर्वक साकार करते हुए सशस्त्र सेनाओं को अनेकों उत्कृष्ट अधिकारी प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय को कई बार 'रक्षा मंत्री ट्रॉफी' से सम्मानित किए जाने को उसकी शैक्षणिक एवं सैन्य उत्कृष्टता का प्रमाण बताया।राज्यपाल ने कहा कि आज का वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है"। साइबर स्पेस, अंतरिक्ष, सूचना तंत्र और तकनीक आज राष्ट्रीय सुरक्षा के नए आयाम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक तभी राष्ट्रहित में प्रभावी होती है जब उसका संचालन मजबूत चरित्र और उच्च नैतिक मूल्यों से हो। सत्यनिष्ठा, साहस, अनुशासन और नेतृत्व-यही सैनिक स्कूलों की सबसे बड़ी देन है। राज्यपाल ने कैडेट्स के अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनका त्याग, धैर्य और विश्वास ही इन बच्चों को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करता है।



# कार पर तड़तड़ाई गोलियां

## पतलिया-गाजा में मचा हड़कंप, लोग घरों में दुबके




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कोतवाली की कोटाबाग चौकी की ग्राम सभा पतलिया-गाजा में अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से हड़कंप मच गया। यहां अज्ञात युवक ने सड़क किनारे खड़ी हुंडई कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर में नैनीताल जिले के कोटाबाग में ग्राम सभा पतलिया-गाजा में सड़क किनारे खड़ी हुंडई कार संख्या यूके 04 के 2997 पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कई राउंड गोलियां झोंक दी।

इस घटना के बाद मौके पर 12 बोर का एक खाली कारतूस भी बरामद हुआ है, जिससे इस बात की पुष्टि हुई कि फायरिंग हुई है। एक के बाद एक गोली चलने की आवाज से लोग दहशत में आ गए और अपने घरों में छुप गए। बताया जा रहा है कि फायरिंग करने वाला युवक वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों में डर और अफरा-तफरी का माहौल देखते हुए तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद कालाढूंगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मौके पर बारीकी से निरीक्षण किया गया है। कार पर फायरिंग के निशानों की जांच की जा रही है, वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। पुलिस जांच में जुटी है कि फायरिंग के पीछे कोई पुरानी रंजिश थी या फिर यह किसी और आपरा. धिक घटना से जुड़ा मामला है। कोटाबाग पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह राणा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही फायरिंग करने वाले युवक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सूत्रों के अनुसार कार में कुछ लोग मौजूद थे।

# ऑनलाइन कमाई: झांसा देकर साढ़े चार लाख की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ऑनलाइन कमाई का लालच देकर एक व्यक्ति के साथ 4,50,274 रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरु कर दी है। मानपुर रोड स्थित प्रकाश रेजीडेंसी निवासी प्रशांत कुमार नवल किशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक लाइफस्टाइल कम्पनी में टास्क दिए जाते हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए कुछ धनराशि जमा करानी पड़ती है, जिसके पश्चात टास्क पूरा किया जाता है। टास्क पूरा होने के उपरान्त कुछ कमीशन भी मिलता है, जो सम्बन्धित के बैंक खाते में उनके द्वारा शुरूआती दौर में निर्गत भी किया जाता है। प्रशांत ने बताया कि इसके बाद उसका विश्वास जतीने के उपरान्त उनके द्वारा बड़े टास्क दिए जाते हैं, जिसके लिए बड़ी धनराशि जमा करनी पड़ती है। जब जमा धन. राशि एवं कमीशन मिलाकर कुल धनराशि अत्यधिक हो जाती है, तब अकाउण्ट पंजीकृत करने पर उनके द्वारा यह शर्त रखी जाती है कि आपको अपने कुल कमीशन का 30 प्रतिशत टैक्स वेरिफिकेशन प्रोसेस के लिए जमा कराना होगा। जिसके बाद आपका पैसा पैसा आपके अकाउण्ट में निर्गत कर दिया जाएगा। प्रशांत ने बताया कि कम्पनी द्वारा ऐसा व्यवहार करने पर उसे शक हुआ कि उक्त कम्पनी उके साथ फ्रॉड कर रही है और मैं इसका शिकार हो चुका हूं। कम्पनी द्वारा टास्क पूरा करने के लिए दिए गये बैंक खाते में एवं यूपीआई के माध्यम से कुल 4,50,274 जमा करा कर उसके साथ साईबर धोखाधड़ी की गई है। उसने अज्ञात साईबर ठग के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर उसकी रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# साइकिलों में लगाए रेडियम रिफ्लेक्टर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सूर्या रोशनी लिमिटेड, काशीपुर द्वारा संस्थान में नियोजित सभी कर्मचारियों के वाहनों (मोटरसाइकिल, स्कूटी, साइकिल एवं कार) में रेडियम युक्त रिफ्लेक्टर लगाया गया, ताकि घने कोहरे में ड्यूटी आते एवं जाते समय सभी कर्मचारी सुरक्षित रहकर सड़क पर यातायात कर सकें। सूर्या रोशनी लिमिटेड प्रबंधन हर वर्ष सुरक्षा एवं सेफ्टी से संबंधित समय-समय पर ऐसे कार्य करता रहता है, जिससे सभी कर्मचारियों में सुरक्षा एवं सेफ्टी की भावना उजागर होती है और एक भरोसा कायम होता है। प्रबंधन की अपने सभी कर्मचारियों की सुरक्षा, उनके परिवारों की सुरक्षा हेतु उचित एवं प्रभावी पहल पूर्व से ही रहती है, क्योंकि सभी कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सूर्या रोशनी काशीपुर प्रबंधन में प्लांट हेड शुभम चमोली एवं एचआर हेड मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से सभी के लिए यह संदेश दिया कि सभी लोग सड़क पर यातायात के सभी जरूरी नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

# कांडा महोत्सव का रंगारंग आगाज

## विधायक पार्वती दास व जिपं. उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** तीन दिवसीय कांडा महोत्सव का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हो गया है। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया व बागेश्वर की विधायक पार्वती दास तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक गड़िया ने कहा कि यह महोत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि हमारी समृद्ध लोक कला और लोक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए मील का पत्थर साबित होते है। इसी क्रम में विधायक पार्वती दास ने कहा कि सरकार महोत्सवों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। कांडा महोत्सव क्षेत्र की कला को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष खेतवाल ने आयोजकों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। कांडा रामलीला मेदान में आयोजित महोत्सव के पहले दिन लोक कला, लोक संस्कृति और सभ्यता की अद्भुत झलक देखने को मिली, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। महोत्सव के दौरान पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प, वेशभूषा और स्थानीय खान-पान ने दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सांस्कृतिक विविधता और सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता हीरा सिंह कर्म्याल, संयोजक वीरेंद्र नागरकोटी, सचिव आनंद धपोला, मंडल अध्यक्ष दरबान सिंह गैड़ा, आलम मेहरा, किशोरी लाल वर्मा, दीप चंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा, हयात धपोला, प्रशांत नागरकोटी, शंकर धपोला आदि मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा में कांग्रेस की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में एसआईआर समेत पार्टी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। वहीं, कार्यक्रमों को लेकर विधानसभा वार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर के मालरोड स्थित जिला पार्टी दफ्तर में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडे अपना रही है। कहा कि कार्यकर्ताओं को अभी से विस चुनाव की तैयारियां करनी है। जिससे पार्टी को मजबूती मिलने के साथ ही विस चुनाव में एतिहासिक जीत मिल सके। वहीं, किसी प्रकार की गड़बड़ न हो साथ ही कोई भी मतदाता सूची से ना छूटे इसके लिए जागेश्वर विस में जिला महामंत्री दिवान सतवाल, सोमेश्वर में दिनेश पिलख्वाल और अल्मोड़ा में पूरन सिंह रौतेला को जिम्मेदारी सौंपी गई। अल्मोड़ा विधानसभा के लिए देवेंद्र बिष्ट और गोपाल बिष्ट, सोमेश्वर में आनंद बिष्ट व एनडी पांडे, जागेश्वर में दीप डांगी को प्रभारी बनाया गया। यहां विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, राजेंद्र बाराकोटी, पीतांबर पांडे, राधा बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, शिवराज नयाल, महेश चंद्र, बीके पाण्डेय, निजाम कुरैशी, कुंदन नेगी, गोविंद बल्टियाल, तारा चंद्र साह, रमेश भाकुनी, दानिश खान, जया जोशी, भगवती मटेला आदि मौजूद रहे।

# कल क्रिकेट में हाथ आजमाएंगे वकील

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**काशीपुर।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की स्मृति में काशीपुर बार एसोसिएशन के तत्वावधान में ऑल उत्तराखंड बार एसोसिएशन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 21 दिसंबर को छावनी में किया जाएगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ व एक स्मारिका 'न्यायपथ' का भी विमोचन मुख्य अतिथि उत्तराखंड के न्याय मूर्ति जस्टिस आलोक बमहरा द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रथम अपर जिला जज मनोज गर्ब्याल व द्वितीय अपर जिला जज रीतेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, जसपुर विधायक आदेश चौहान, काशीपुर मेयर दीपक बाली तथा जिले के प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों समेत अन्य गणमान्य जन मौजूद रहेंगे। उद्घाटन मैच काशीपुर एडवोकेट लीगल लाइंस व देहरादून के अधिवक्ताओं के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट 31 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें उत्तराखंड अधिवक्ता की 54 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट कमेटी के संयोजक उमेश जोशी एडवोकेट व उप संयोजक अतुल अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि फाइनल विजेता टीम को 1 लाख रुपए नकद व उप विजेता टीम को 1 स्कूटी का पुरस्कार दिया जाएगा। क्रिकेट टूर्नामेंट की अध्यक्षता काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे व संचालन सचिव नृपेंद्र चौधरी करेंगे। अतिथिगण का स्वागत एडवोकेट अनूप शर्मा, सूरज कुमार, अभिताभ सक्सेना, मुजीब अहमद, वकील सिद्दीकी, पराग नेगी, सुखवीर सिंह, भास्कर त्यागी, संदीप चतुर्वेदी एडवोकेट आदि करेंगे। मैचों का शुभारंभ अतिथियों के साथ उमेश जोशी एडवोकेट, अतुल अग्रवाल एडवोकेट, टीम कैप्टन विवेक मिश्रा व मेहराज खान करेंगे। टीमों के रहने सहने की व्यवस्था एडवोकेट मेहराज खान द्वारा की जाएगी।

# रिटायर्ड सूबेदार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** सेना के रिटायर्ड सूबेदार घर के कमरे में मृत हाल में मिले। हालांकि परिजनों बचने की उम्मीद में उन्हें जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर शव पीएम के लिए मोर्चरी में रखा गया। मृतक के दो बेटे हैं। एक भारतीय नव सेना में तैनात है तथा दूसरा बेटा भारतीय सेना के जम्मू में तैनात है। बताया जा रहा है कि उनके आने के बाद ही शव का पीएम किया जाएगा। तब तक शव को मोर्चरी में रखा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौगांव छीना के ग्वालाकुडी तोक निवासी जीत सिंह पुत्र बालम सिंह उम्र 69 साल गांव के घर में अकेले रहते थे। बीते मंगवार को मृतक जीत सिंह की अपने बेटों से फोन में बात हुई थी। गुरुवार को फिर बड़े बेटे का फोन आया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद बड़े बेटे नवीन ने अपने चेहरे भाई ईश्वर सिंह को फोन कर बताया कि उनके पिता फोन नहीं उठा रहे हैं, वे एक बार घर में जाकर देख कर आए। तभी ईश्वर सिंह तथा अन्य पड़ोसी मृतक के घर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण उन्होंने खिड़की से खोलकर अंदर देखा। जहां जीत सिंह जमीन पर लेटे हुए दिखाई दिए। उन्होंने मामले की जानकारी उनके बेटे व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक के कमरे में कोयले जलाए हुए थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक की मौत गैस लगने से हुई है। हालांकि मौत के असली कारणों का पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएंगी।

# मेडिकल कालेज का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**अल्मोड़ा।** मेडिकल कालेज के अधीन बेस अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को तीसरे दिन भी लोग धरने में बैठे रहे। वहीं, मेडिकल कालेज प्रशासन का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। नगर के गांधी पार्क में आयोजित धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल बनी हुई है। वहीं, मेडिकल कालेज प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जन औषधि केंद्र में दवा उपलब्ध कराने की मांग की। पर्चे में दवा लिखने में डाक्टरों की मनमानी बंद करने, बेस अस्पताल में कम से कम छह एंबुलेंस रखने, महत्वपूर्ण विभागों में विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति करने, अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था को नियमित करने, बेवजह मरीजों को हायर सेंटर रेफर करने में रोक लगाने की मांग की। राहुल बिष्ट, पंकज रावत, दीप्ति, दिनेश जोशी, सोनू नेगी, सूरज आर्या, प्रेम कुमार, गिरीश चंद्र, अक्षित, संजय कुमार, सुनील भाकुनी, पवन पाण्डे, आयुष कुमार, प्रदीप बिष्ट, हेम चंद आदि मौजूद रहे।

# दीनदयाल पार्क में सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम काशीपुर द्वारा आज आवास विकास स्थित दीन दयाल पार्क में सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

इस अभियान में महापौर दीपक बाली, नगर निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ, सीनियर सिटीजन एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान महापौर ने कहा कि वार्ड स्तर पर पार्षद के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों एवं स्वच्छता व प्रकृति संरक्षण में रुचि रखने वाले स्वयंसेवकों की एक समिति गठित की जाए, जो पार्क की देखभाल एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करे। पार्षद पुष्कर सिंह बिष्ट ने अपील की कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर पौधारोपण किया जाए और पौधों की देखभाल बच्चे की तरह की जाए। इस अवसर पर विना. ेद लाल ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एवं स्वच्छ भारत मिशन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, स्फाई निरीक्षक योगेश बिश्नोई, भगवान दास, जेपी अग्रवाल, कृष्ण कुमार छाबड़ा, एसपी त्यागी, अश्वनी शर्मा, अनिल शर्मा, अमित मनचंदा, विनोद पंत सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव के लिए उमड़ा जनसैलाब

## एक दिनी धरना-प्रदर्शन में ग्रामीणों ने आर-पार के संघर्ष का किया ऐलान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता क्षेत्र को राजस्व गांव का दर्जा दिलाने का लंबे समय से चला आ रहा संघर्ष एक बार फिर जोर पकड़ने लगा है। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और सरकार से तत्काल अधिसूचना जारी करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व जिलाधिकारी द्वारा पत्रावली शासन को भेजे जाने के बावजूद कार्यवाही न होने पर गहरी नाराजगी भी जताई। शुक्रवार को धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सवाल उठाया कि जब पूर्व जिलाधिकारी ने पूरी पत्रावली शासन को प्रेषित कर दी थी, तो अधिसूचना जारी करने के बजाय जिलाधिकारी को ही कार्यवाही का निर्देश क्यों दिया गया? उन्होंने इसे वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के खिलाफ बताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्या बिंदुखत्ता की यह लड़ाई राजनीतिक दलों के वोट बैंक की राजनीति में फंसकर रह गई है? धरने में वन अधिकार समिति द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बिंदुखत्ता मूल रूप से वन ग्राम है, जहां दशकों से बसे हजारों परिवार भूमि अधिकारों से वंचित हैं। वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा 4(7) के तहत वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में बदलने का प्रावधान है, जिसके आधार पर यह मांग की जा रही है। बता दें कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की लंबी लड़ाई में ग्रामीणों की उम्मीदें एक बार फिर नई चुनौतियों से जूझ रही हैं। स्थानीय विधायक ने घोषणा की है कि प्रदेश में सभी वन ग्रामों (गोठ रकबों) के लिए नई व्यवस्था लागू की जाएगी, जिसे कैबिनेट से पास कर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। यदि केंद्र में फाइल गयी, तो मामला सुप्रीम कोर्ट होते हुए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय तक पहुंचेगा। वक्ताओं ने इसे वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत राजस्व गांव बनाने की जटिल प्रक्रिया बताया। धरना प्रदर्शन में प्रमा. ेद कलोनी, संध्या डालाकोटी, कांग्रसे जिला प्रवक्ता हरेन्द्र क्वीरा, कुंदन मेहता, उमेश भट्ट, किशन, भुवन जोशी, अर्जुन सिंह बिष्ट, गंगा सिंह मेहता, रणजीत सिंह गढ़िया, धरम सिंह बिष्ट, उमेद सिंह मेहता, नारायण सिंह मेहता, पुष्कर सिंह दानू, प्रदीप मौजूद रहे।

### तेंदुए का बुजुर्ग पर हमला

**अल्मोड़ा।** चौखुटिया क्षेत्र के भटकोट गांव में तेंदुए ने एक बुजुर्ग पर देर रात हमला कर उसे घसीट लिया। यह घटना करीब एक बजे लीसा डिपो के पास स्थित किराए के मकान में हुई। चंदन राम नामक बुजुर्ग कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर बाहर आए, तभी तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें कुछ दूरी तक घसीटा। परिजनों और ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ बुजुर्ग को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। हमले में चंदन राम के सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं, और उनकी पीठ पर नाखूनों के गहरे निशान थे। उन्हें तत्काल चौखुटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सिर में 35 टांके लगाए गए। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत खतरे से बाहर है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। हाल ही में चौखुटिया क्षेत्र में भालू के हमले में दो महिलाएं भी घायल हुई थीं। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने की मांग की है।

# काकोरी के शहीदों को याद किया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काकोरी कांड के शहीदों की याद में पनचक्की चौराहे से लेकर सरदार की कोठी और अम्बेडकर पार्क तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस दौरान काकोरी के शहीदों के नारे लगाए गए और उनके बलिदान को याद किया गया। प्रभात फेरी में शहीदों के सम्मान में नारे लगाए गए जैसे काकोरी के शहीद अमर रहें, जाति-धर्म में नहीं बांटेंगे, अशफाक-बिस्मिल का संदेश, हिन्दू-मुस्लिम सब का देश, अशफाक-बिस्मिल तुम जिंदा हो, हम सबके अरमानों में और राजेन्द्र नाथ लोहड़ी-रोशन सिंह तुम जिंदा हो, हम सबके अरमानों में। साथ ही साझी शहादत-साझी विरासत, को आगे बढ़ाओ! के तहत पर्चे भी वित. रित किए गए।

प्रभात फेरी में काकोरी कांड के शहीदों के संघर्ष को याद करते हुए जागो फिर एक बार जागो, जागो रे, सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है गीत गाए गए। इस आयोजन के बाद एक संक्षिप्त सभा का आयोजन भी किया गया। सभा में संचालन मोहन मटियाली ने किया। सभा में उपस्थित लोगों ने आगामी 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाली विचार गोष्ठी काकोरी के शहीदों का संघर्ष और आज का भारत में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। भीम आर्मी के संजय कुमार ने बढ़ते संवैधानिक हमलों से रक्षा के लिए एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया और 21 दिसम्बर की विचार गोष्ठी में भागीदारी की अपील की। प्रभात फेरी और सभा में विभिन्न संगठन और लोग शामिल थे, जिनमें क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के शहर सचिव टीआर पांडे, परिवर्तन कामी छात्र संगठन के महेश और चंदन, भीम आर्मी से संजय कुमार, प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र की रजनी जोशी, रियासत शेखर, मोहन मटियाली आदि प्रमुख थे।

## एक नजर

### रालोद की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह सुरकाली के नेतृत्व में शुक्रवार को जिले में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के मजबूती एवं संगठन के विस्तार को लेकर मंथन किया गया। संगठन का विस्तार करते हुए रोहित पंथ को उपाध्यक्ष, खिलाफ सिंह सचिव, नरेश कुमार सह सचिव बनाए गए। बैठक में जिलाध्यक्ष दिनेश सुरकाली ने कहा कि जल्द ही तहसील व ब्लाक स्तर पर संगठन का विस्तार किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक दल के विचारधाराओं को लेकर कार्यकर्ता लोगों के बीच पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलकर संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वन्य जीव प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट वितरण

**बागेश्वर।** शीतकालीन मौसम में जनपद बागेश्वर के विभिन्न क्षेत्रों में गुलदार एवं भालू जैसे वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए बागेश्वर वन प्रभाग द्वारा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए मानव-वन्य जीव संघर्ष को कम करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत संवेदनशील एवं गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइटों का वितरण व स्थापना की जा रही हैं। वन प्रभाग द्वारा मण्डलसेरा, शीशाखानी, हरस. ेला, रैथल, भनार, चन्तोला, वज्यूला, छटिया, खोली, मेलाडुंगरी, लाहुरबरमती एवं सोराग सहित कुल 30 संवेदनशील क्षेत्रों का चयन किया गया है, जहां सोलर लाइटें लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। इन क्षेत्रों में पूर्व में वन्यजीवों की आवाजाही एवं घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्रों में जागरूकता एवं निगरानी कार्य भी तेज कर दिए गए हैं। ग्राम सभाओं, गोष्ठियों, रैलियों एवं जागरूकता शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को सुरक्षा एवं सतर्कता उपायों की जानकारी दी जा रही है।

### काकोरी कांड के शहीदों को याद किया

**कालाढूंगी।** काकोरी के शहीदों की याद में शुक्रवार को उनकी कुर्बानी को याद किया गया। क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के संयोजक आनंद पांडे के नेतृत्व में वार्ड नंबर 6 में स्थित शहीद पार्क में काकोरी में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर गगनदीप, प्रकाश आर्या, भुवन कोहली, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अली हुसैन आदि मौजूद रहे।

### घर के ताले तोड़कर ज्वैलरी व नकदी चोरी

**काशीपुर।** बंद घर के ताले तोड़कर चोरों ने जेवरात, नकदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। मकान स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। ग्राम चांदपुर निवासी यादवेन्द्र नाथ पाण्डेय पुत्र स्व. शिव शंकर पाण्डेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह हरिद्वार गया था तथा उसकी पत्नी एंव दो बच्चे पहले से ही रिश्तेदारी में बलरामपुर गये हुए थे। जिस कारण उसने अपने पड़ोसी शर्माजी व दिनेश पुत्र पृथ्वीपाल को घर मे सोने एवं रखवाली करने के लिए कहा था जिस पर दिनेश सहमत था। कहा कि 23 मई 2025 को सुबह लगभग 9 बजे दिनेश ने उसे फोन कर बताया कि आपके घर के ताले टूटे हुए हैं और घर का सामान बिखरा हुआ है। जिसके बाद वह हरिद्वार से घर पर आया तो उसने देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ है तथा चोर सोने-चांदी के जेवरात, नगदी, 10-12 नयी साड़ी, एटीएम कार्ड, कुछ नेपाली करेन्सी तथा एक मेहरुम रंग का बैग चोरी कर ले गये हैं। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने आकर मौका मुआयना किय। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### उत्तरायणी मेले को भव्य बनाने की तैयारियां

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेला 13 से 20 जनवरी तक आयोजित होने जा रहा है, जिसे भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने विकास भवन में गूगल मीट के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक की। सीडीओ ने तोरण द्वारों की गुणवत्ता और डिजाइन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वागत द्वारों में एकरूपता बनाए रखते हुए प्राकृतिक सजावट का प्रयोग किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों को तोरण द्वारों के निर्माण की जिम्मेदारी दी, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, पीएमजीएसवाई, लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम और जल संस्थान शामिल हैं। सीडीओ ने बताया कि नुमाइशखेत में 33 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें उपयुक्त फनीचर, ग्रीन मैटिंग, और चार्जिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

**काशीपुर।** बाइक के चालक ने स्कूटी में टक्कर मारकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ केस मुकदमा किया है। मोहल्ला महेशपुरा मदर कालोनी निवासी अरमान पुत्र लियाकत खां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीती 16 नवंबर को अपनी स्कूटी सं. यूके18टी-7287 से अपने घर से सरवरखेड़ा पुलिस चौकी की तरफ जा रहा था कि रास्ते में कुक्कु टायर हाउस के पास सामने से तेज गति से आ रही स्पलेन्डर बाइक संख्या यूके18 टी-0440 पर सवार युवक ने गलत साईड से आकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी तथा मौके से फरार हो गया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### अल्मोड़ा में डिप्लोमा इंजीनियर्स की प्रतियोगिताएं संपन्न

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की ओर से आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का समापन हो गया है। शुक्रवार को क्रिकेट में प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पिथौरागढ़ की टीम विजेता बनी। वहीं, वालीबॉल में रानीखेत की टीम ने कब्जा जमाया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पिथौरागढ़ की टीम ने निर्धारित ओवरों में 167 रन बनाए। वहीं, जवाब में अल्मोड़ा की टीम मात्र 139 रन ही बना सकी और पिथौरागढ़ ने 28 रनों के अंतर से जीत दर्ज की। वालीबॉल के फाइनल मुकाबले में रानीखेत ने पिथौरागढ़ को 15-8 और 15-11 से हराया। बैडमिंटन डबल्स में पिथौरागढ़ के दिनेश गुरुरानी व ऋषभ शाह ने अल्मोड़ा के प्रदीप जोशी व हरीश बिष्ट को हराया। इस मौके पर अतिथि विधायक मनोज तिवारी ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। यहां प्रांतीय अध्यक्ष महासंघ रमेश चंद्र शर्मा, वीरेंद्र गुंसाई, पीसी जोशी, अरविंद प्रताप सिंह, महेश नयाल, मनोज जोशी, प्रकाश चंद्र जोशी, कैलाश गुरुरानी, दर्शन रावत, एसएस डंगवाल, दीपक सिंह मटियाली, ललित शर्मा, केजी गोस्वामी आदि रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों से ठगी पर आईजी सख्त

## समीक्षा बैठक में सामने आए कई चौंकाने वाले मामले, कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर ठगी और भूमि धोखाधड़ी पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसके लिए आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने इन अपराधों की त्वरित और प्रभावी रोकथाम के लिए स्पष्ट निर्देश देते हुए हल्द्वानी स्थित कैम्प कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर हो रही साइबर ठगी पर गहरी चिंता जताई और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने भूमि धोखाधड़ी में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने की बात की। आईजी ने ऐसे मामलों में तकनीकी साक्ष्यों के मजबूत संकलन, शीघ्र अनावरण और ठगी गई धनराशि की रिकवरी को प्राथमिकता देने के



निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए सभी थाना प्रमुखों और एसटीएफ को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। इसके साथ ही आईजी ने निर्देश दिया कि साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की रोकथाम के लिए स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। विशेष रूप से छात्रों से आग्रह किया गया है कि वे अपने घरों और रिश्तेदारों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी के प्रति सतर्क करें। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को यह सलाह दी गई है कि पेंशन, बैंक या केवाईसी के नाम पर आने वाले किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक का जवाब न दें और किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी साझा न करें। आईजी द्वारा भूमि धोखाधड़ी (लैंड फ्रॉड) से संबंधित मामलों की भी समीक्षा करते हुए क्षेत्राधिकारियों से कहा कि भूमि धोखाधड़ी के मामलों में दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की जाए और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में आईजी ने सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपराधियों के खिलाफ कानून के दायरे में रहते हुए निष्पक्ष और निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गुण-दोष के आधार पर कार्रवाई की जाए और विशेष रूप से भूमि धोखाधड़ी और साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों को शीघ्र न्याय और राहत प्रदान की जाए। आईजी ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से समाज में पुलिस का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आमजन की सुरक्षा और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अपराधों में कमी आएगी, जो कुमायूँ परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# मेयर गजराज ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड देवलचौड़ और गौजाजाली में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुक्रवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हल्द्वानी-काठगोदाम में चरणबद्ध तरीके से कुल 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जा रहे है, जिससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब, श्रमिक एवं जरूरतमंद वर्ग को घर के समीप निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।




मेयर गजराज बिष्ट ने बताया कि इन केंद्रों पर प्रशिक्षित एमबीबीएस चिकित्सकों की टीम प्रतिदिन सामान्य रोगों की जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा निशुल्क देगी। इसके साथ ही आवश्यक दवाइयाँ, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, वरिष्ठ नागरिकों की नियमित स्वास्थ्य जांच तथा एनसीडी जैसे हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कैंसर की प्राथमिक जांच एवं परामर्श की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएँगी।

इन सभी सेवाओं के लिए नागरिकों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर के लिए यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इन केंद्रों पर उपचार के साथ-साथ नागरिकों को स्वास्थ्य जागरूकता, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं रोगों से बचाव संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि डा. अशोक चौहान ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित रहेगा। केंद्र में डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम लागू किया गया है जिससे मरीजों का स्वास्थ्य डाटा सुरक्षित रहेगा और भविष्य में उपचार में सहायक होगा। इस मौके पर नगर आयुक्त परितोष वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, रोहित दुम्का, स्थानीय पार्षद रुकमणी बिष्ट, संजय पाण्डेय, अमित बिष्ट, राजेश पंत, तनुजा जोशी, बीना चौहान, हेमा भट्ट, नेहा अधिकारी, डा. अशोक चौहान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कांडपाल, गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## फोन पर धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** काठगोदाम दमुवाढूंगा निवासी एक व्यक्ति ने काठगोदाम थाने में तहरीर देते हुए दिल्ली निवासी दो व्यक्तियों पर फोन के माध्यम से गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दमुवाढूंगा कुमाऊं कॉलोनी निवासी पीड़ित व्यक्ति ने तहरीर देते हुए कहा कि बीते कई दिनों से उनके और उनकी के मोबाइल नंबरों पर मदन कुमार झा और उसके बेटे अश्विनी कुमार झा अलग-अलग नंबरों से कॉल कर धमकी दे रहे है। इतना ही नहीं वह लोग पत्नी व 13 वर्षीय बेटी के संबंध में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। धमकी व बातचीत की रिकॉर्डिंग भी उनके पास से है। पीड़ित के मुताबिक यह लोग आरा. पी दिल्ली के मुकुंदपुर एक्सटेंशन, समयपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक एसआई कृष्णा गिरी, कांस्टेबल विजय भारद्वाज और सुभाष सिंह ने गौला नदी के अंदर दूसरे ब्लॉक के पास झाड़ियों में बैठे एक व्यक्ति रंगेहाथ शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी के पास से पुलिस ने 60 पाउच शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कुनाल पुत्र कालू निवासी बरसाती नहर राजपुरा बताया।

# एसटीएच में शव को बंधक मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक बीमार युवक की सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। लेकिन उसका कोई वारिस नहीं था और इलाज का

### बिल का एक हज़ार रुपये न मिलने पर मोर्चरी भेजा शव

बकाया बिल भी 1000 रुपये से ज्यादा हो चुका था। ऐसे में अस्पताल ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जब परिजनों को शव लेने की सूचना मिली, तो अस्पताल ने यह शर्त रखी कि पहले बकाया बिल चुकाया जाए, तभी शव सौंपा जाएगा। बिल भुगतान होने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के मुताबिक, युवक शहर के एक व्यापारी के लिए काम करता था। तीन दिन पूर्व वह बुरी तरह बीमार हुआ। इस पर व्यापारी ने उसे एसटीएच में भर्ती करा दिया। बीमार का नाम-पता दर्ज कराया और चला गया। इसके बाद कोई भी उसकी खबर लेने नहीं पहुंचा। इधर, गुरुवार को उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक के उपचार पर जो खर्च हुआ, उसका भुगतान नहीं हुआ था। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन ने शव को मौंर्चरी भेज दिया और मॉर्चरी में यह संदेश भिजवा दिया कि अस्पताल के बकाए बिल का भुगतान होने पर ही शव को परिजनों के सुपुर्द किया जाए। जब इस मामले की जानकारी शुक्रवार सुबह परिजन अपने बेटे को तलाशते हुए पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। यहां परिजनों के शव दिखाया गया और बताया गया कि युवक के उपचार पर जो खर्च हुआ है उसका बिल बकाया है। पहले अस्पताल जाकर बिल भरें और फिर शव लेकर जाएं। इस पर परिजन एसटीएच पहुंचे। बकाया बिल का भुगतान किया और फिर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां पर युवक का शव उनके सुपुर्द किया गया।

### बीमारी से मरा था, फिर भी मॉर्चरी भेजा गया

आमतौर पर पोस्टमार्टम हाउस या मॉर्चरी उन्हीं शवों को भेजे जाते हैं जिनकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हो, जैसे आत्महत्या, हत्या, या दुर्घटना। हालांकि इस मामले में युवक की मृत्यु बीमारी की वजह से हुई थी, फिर भी शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। परिजनों ने बकाया बिल का भुगतान करने के बाद शव को लिया, और खास बात यह थी कि उसकी मृत्यु बीमारी से हुई थी, इसलिए शव का पोस्टमार्टम नहीं किया गया।

अस्पताल में जो भी लावारिस भर्ती होता है, उसका इलाज कभी नहीं रोका जाता। कुछ दिनों पहले सिर में चोट लगने के कारण एक अज्ञात व्यक्ति भर्ती हुआ था, जिसका इलाज 46,000 रुपये में हुआ। सभी चिकित्सकों ने मिलकर चौरिटी के रूप में उसका इलाज किया। वह व्यक्ति कल मर गया। अगर किसी अन्य मामले में पैसे जमा करने की बात है, तो इसे प्राथमिकता के साथ देखा जाएगा।

**जीएस तितियाल, प्राचार्य**

# वार्ड-60 में पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को नगर निगम क्षेत्र में 25 लाख रुपये की अनुमानित लागत से पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का



शिलान्यास महापौर गजराज बिष्ट द्वारा वार्ड 60 में किया गया। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर निगम द्वारा पार्क में ओपन जिम, बच्चों के खेल-कूद के उपकरण, और मैदान का सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से शहर के विकास की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इस मौके पर नगर आयुक्त परितोष वर्मा, मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, रोहित दुम्का, स्थानीय पार्षद संजय पाण्डेय, रुकमणी बिष्ट, अमित बिष्ट, राजेश पंत, तनुजा जोशी, बीना चौहान, हेमा भट्ट, नेहा अधिकारी, अभियंता नवल नौटियाल, डा. मनोज काण्डपाल, गणेश भट्ट सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रविन्द्र बाली का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली आर्य का शुक्रवार को कार्यकर्ताओं द्वारा रामनगर में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली आर्य ने



समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित समाज के भरपूर योगदान का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलकर भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोरी लाल व नगर अध्यक्ष आशीष आर्य द्वारा की गई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पिरूमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, भागीरथ लाल चौधरी, रुचि शर्मा, दिनेश मेहरा, गणेश रावत, वीरेंद्र रावत, सोनू शर्मा, जगदीश बल्लभ, भावना भट्ट, पूरन नैनवाल, नवीन करगेती, नीलम आर्य, आशीष कुमार, भुवन चंद्र मौजूद रहे।

## कार चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते 4 दिसंबर को एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। काठगोदाम पुलिस को सौंपी तहरीर में डोलमार दोगड़ा निवासी गौरव सिंह रमोला ने कहा कि उनका भाई गजेंद्र मेहरा 4 दिसंबर को अपनी स्कूटी से नैनीताल रोड होते हुए घर की ओर जा रहा था। तभी रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर के पास एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इस टक्कर से गजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि हादसा करने वाला चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# नाले में मिला महिला होमगार्ड के बेटे का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते शुक्रवार की सुबह घर के पास इंटर कालेज स्थित नाले में महिला होमगार्ड के इकलौते बेटे का

### मामले की जांच में जुटी पुलिस, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार

शव पड़ा हुआ मिला। आनन फानन में लोगों द्वारा उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस ने अपनी ओर से मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारायण नगर कुसुमखेड़ा निवासी पुष्पा देवी होमगार्ड की जवान है, और वह दो साल बाद सेवानिवृत्त होने वाली है। उनका इकलौता बेटा 24 वर्षीय पवन कुमार उर्फ पप्पू शुक्रवार सुबह घर के पास ही इंटर कॉलेज के पास से गुजरे नाले में तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को नाले से बाहर निकालकर उसे सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि घटना की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह सामने आयेगी।

## कुंडा में मिला सात माह के नवजात का शव, कल किया जाएगा पोस्टमार्टम

**हल्द्वानी।** नवजात बच्चों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है, और खासकर लड़कियों के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला ऊधमसिंह नगर के किच्छा से जुड़ा है, जहां पुलिस ने एक नवजात बच्ची को सड़क पर पड़े हुए पाया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बच्ची को जीवित फेंका गया था या फिर उसकी हत्या की गई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा। पुलिस के अनुसार बीती 17 नवंबर को स्थानीय लोगों ने सूचना दी थी कि किच्छा के कुंडा क्षेत्र में एक बच्ची पड़ी है, जो हाल ही पैदा हुई है। उसकी नाभी से नाल तक नहीं काटी गई है। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शिनाख्त के लिए बच्ची के शव को मर्क्चरी में रख दिया गया। अब रविवार को शव को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इस घटना के बाद कुंडा क्षेत्र में चर्चा है कि शायद समाज की निंदा से बचने के लिए बच्ची को मार कर फेंक दिया गया। हालांकि पुलिस का कहना है कि यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा कि मौत कैसे हुई।

# सिंथिया और आर्यमान के बीच होगा फाइनल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी एवं सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल लामाचौड़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेवन-ए-साइड अंतर विद्यालयी बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है।

प्रतियोगिता में वरिष्ठ बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला सिंथिया स्कूल की टीम और आर्यमान विक्रम बिरला स्कूल के मध्य होगा। वही वरिष्ठ बालक वर्ग में बीरशिवा स्कूल और व्हाइटहॉल स्कूल के बीच खिताबी भिड़ंत होगी, जबकि सब जूनियर बालिका वर्ग में शिवा. लिक स्कूल की टीम डॉन बॉस्को स्कूल के विरुद्ध फाइनल मुकाबला खेलेगी। प्रतियोगिता के पांचवें दिन के अवसर पर मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, विशिष्ट



अतिथि अंतरराष्ट्रीय धावक एवं पूर्व उप जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेश चंद्र पांडेय मौजूद रहे। मुख्य अतिथि नवीन वर्मा ने कहा कि खेलों के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सकती है। यदि युवा पीढ़ी खेलों से जुड़ती है तो समाज में फैलने वाली कई विकृतियों पर अंकुश लगेगा और शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत युवाओं का निर्माण होगा। विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र पांडेय ने खिलाड़ियों से खेलों के माध्यम से अनुशासन अपनाने और सही मार्गदर्शन के साथ निरंतर मेहनत कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस मौके पर गोपाल सिंह बिष्ट, श्यामल दास, श्याम सुंदर बेलवाल, नवीन सक्सेना, मनोज भट्ट, नंदन सिंह बिष्ट, अंकित, निर्मल, दीराज रावत, दीप्ति रावत, निधि रावत, रविंद्र साह, पुष्पेंद्र, प्रतिभा, दीपा मेहता, जानकी बसेरा, प्रधानाचार्य डा. प्रविंद्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला, कात्यायन रौतेला, प्रधानाचार्य तुलिका रस्तोगी, सुरेश चंद्र मिश्रा, महेश जोशी, बीबी जोशी आदि मौजूद रहे।

## पंकज कपूर के पिता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि व्यापार मंडल की शोक सभा में संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज कपूर के पिता स्व. लक्ष्मी चंद कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा में सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। शोकसभा में प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्डा, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल, महामंत्री राजीव जायसवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश ढींगरा, जगमीत सिंह मीटी, प्रेम चौधरी, मनीष वर्मा, परविंदर सिंह प्रिंस, जसपाल मालदार, रवींद्र बाली, पवन बिष्ट, विनोद कांडपाल मौजूद रहे।

# बोनस में दोहरे भेदभाव से शिक्षक संगठन नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य सरकार द्वारा गैर राजपत्रित श्रेणी के सभी कर्मचारियो एवं शिक्षकों को बोनस भुगतान किए जाने के स्पष्ट शासनादेश के पश्चात भी प्रदेश के राजकीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र एवं संविदा कर्मियों को बोनस का भुगतान नहीं किए जाने को लेकर संघ ने नाराजगी व्यक्त की है, संगठन का कहना है कि जब इस संदर्भ में दो-दो बार स्पष्ट शासनादेश निर्गत किया जा चुके हैं, जिसमें दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी तक को भी तदर्थ बोनस बोनस दिए जाने का प्रावधान निहित है परंतु दुर्भाग्यवश विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते राज्य के दुर्गम क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा से सेवा दे रहे शिक्षा मित्रों एवं संविदा कर्मियों को विगत वर्ष में भी भुगतान नहीं किया गया और ना ही इस वर्ष में इनके लिए कोई बात करने को तैयार है, उन्होंने कहा की यह दुर्भाग्य का विषय है कि राज्य में एक ऐसी कार्य संस्कृति बन चुकी है की छोटे बड़े सभी प्रकरणों पर न्यायालय का रुख करना पड़ रहा है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने इस संदर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सचिव वित्त तथा सचिव विद्यालय शिक्षा को ज्ञापन भेज कर तदर्थ बोनस दिए जाने की मांग की है, श्री तिवारी ने कहा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर भी इस शिकायत को दर्ज करवाया जा चुका है।

## प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन का विस्तार करते हुए सोनी सबरवाल और गौरव अग्रवाल को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया। इसके अलावा नितेश थूवाल को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन से जोड़ो कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर से कर्मठ और साफ-सुथरी छवि वाले लोगों को दायित्व सौंपे जा रहे हैं, जिससे व्यापारी एकता को मजबूती मिलेगी और वे एकजुट होकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकेंगे। मनोनीत पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, संयोजक डा. धर्म यादव, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, पूरन साह, दीपक माहेश्वरी, देवेश अग्रवाल, नवीन वर्मा, कुंदन रावत, ललित जायसवाल, चमन गुप्ता, राकेश दुआ ने बधाई दी।

# टनकपुर डिपो में गरजे कर्मचारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन की तृतीय चरण की प्रांतीय बैठक शुक्रवार को टनकपुर वर्कशॉप में संपन्न हुई। बैठक में परिवहन निगम की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। देहरादून और हल्द्वानी में हुई बैठकों की तर्ज पर यहां भी दो प्रमुख प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।




पहले प्रस्ताव में समिति द्वारा सरकार को सिफारिश की गई वर्तमान कट-ऑफ तिथि दिसंबर 2018 के स्थान पर दिसंबर 2025 किए जाने तथा परिवहन निगम में कार्यरत विशेष श्रेणी, संविदा और उपनल कर्मचारियों के नियमित. ीकरण की मांग की गई। दूसरे प्रस्ताव में परिवहन निगम के निद. ेशक मंडल की पिछली बैठक में निगम प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत ढांचे में संशोधन के प्रस्ताव, जिसमें समूह 'ग' के नियमित पदों को आउटसोर्स करने की सिफारिश की गई थी, उसक प्रदेश स्तर पर विरोध करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान टनकपुर मंडल में कर्मचारियों पर निगम प्रबंधन के रवैये को लेकर भी आक्रोश देखने को मिला। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, महामंत्री अशोक चौधरी, उपमहामंत्री एलडी पालीवाल, हरीश जोशी, गोपेश्वर श्रीवास्तव, जमुना देवी, नीरज सिंह, शेर सिंह बिष्ट, अनुराग सिंह, अमित कपूर, विनोद पाठक, भुवन रौतेला, डूंगर सिंह, प्रकाश, नाथ, नीरज बिष्ट, केपी सिंह, हरेंद्र कुमार, परमजीत सिंह, जितेंद्र कुमार, आनंद बिष्ट, मनिंदर सिंह, धीरज फर्त्याल, प्रवीन जोशी, महिपाल सिंह, रवि शर्मा, सुरेंद्र चिलवाल, शमशेर सिंह बिष्ट, मनोज भट्ट मौजूद रहे।

# रोहित, प्रखर के बल्ले से बरसे रन

## चौडमन्यां इंटर कॉलेज ने जीता शिव शक्ति अंतरविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेरीनाग।** रोहित और प्रखर की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर चौडमन्याँ इंटर कॉलेज ने पहला शिव शक्ति अंतरविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट अपने नाम किया। रोहित को मैन ऑफ-द-मैच और मैन ऑफ-द-सीरीज का पुरस्कार भी दिया गया। यह रोमांचक फाइनल मुकाबला शुक्रवार को डिग्री कॉलेज मैदान पर हुआ, जहां चौडमन्याँ और रायगढ़ इंटर कालेज के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चौडमन्याँ ने 12 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 216 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। रोहित ने 38 गेंदों में 96 रन बनाए, जबकि प्रखर ने 72 रन की नाबाद पारी खेली। जवाब में उतरी रायगढ़ टीम 9 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 130 रन ही




बना सकी। चौडमन्याँ की ओर से अतुल, योगेश और तनिष ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। समापन समारोह में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेम पंत, प्रदेश अध्यक्ष आयुर्वेदिक यूनानी सेवा संघ डा. नीरज कोहली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमित पाठक और अन्य सम्मानित अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन मेहता, सामाजिक कार्यकर्ता और विधायक प्रतिनिधि दीपक नेवलिया, जिला उपाध्यक्ष व्यापार संघ कमलेश पंत, सभासद सुनील पंत, ज्ञान सिंह कार्की, प्रदीप पंत, गोविंद भंडारी, पंकज पांडे, देवेंद्र लाल शाह, मुकेश धानिक, राजेश कार्की, अंशुल डांगी, दीपक कालाकोटी, दीपक धानिक, गोविंद खाती, सुमित मिश्रा, गोकुल मेहरा, दीपक नेगी, चंद्र शेखर खाती, मनोहर सिंह खाती, मनीष रौतेला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंपायर की भूमिका में भूपेंद्र महरा और गोकुल महरा मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## हाईवे चौड़ीकरण कार्य का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** इन्द्रा चौक से डीडी चौक तक हो रहे हाईवे मार्ग के चौड़ीकरण के कार्य का जिला विकास प्राधिकरण सचिव जयकिशन, उपाध्यक्ष एवं एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी आदि अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से करने के निदेश दिए।

गौरतलब हो कि गत दिनों मेयर विकास शर्मा द्वारा मार्ग का निरीक्षण किया गया था और उन्होंने कार्य के कछुआ गति से कराये जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने को कहा था। जिसके बाद आज शुक्रवार को सम्बंधित अधिकारियों ने निर्माणाधीन मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उनका कहना है कि मार्ग पर से अभी तक विद्युत पोल के न हटाए जाने के कारण मार्ग निर्माण के कार्य में बाधा आ रही है, जबकि विभाग को उनकी मांग के अनुरूप धनराशि आंवटित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विद्युत पोल हटाने के अतिरिक्त अन्य जो बाधाएं सामने आ रही हैं उनका भी शीघ्र ही समाधान किया जा रहा है। वहीं लोगों का कहना है कि मार्ग चौड़ीकरण का कार्य बीच में ही अधूरा छोड़ देने के कारण इन्द्रा चौक के पास, गुरूद्वारा मार्ग मोड़ के पास, रोड़वेज के पास गंदे पानी का जमाव हो गया है। जिस कारण यहां आए दिन दुर्घटना हो रही हैं।

उनका कहना है कि यदि मार्ग का निर्माण इसी तरह कछुआ गति से चलता रहा तो मार्ग पूरा होने में कई माह का समय लग सकता है। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि मार्ग का निर्माण जल्द ही शुरू कर दिया जायेगा। गौरतलब हो कि मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में जिस स्थान पर विधायक शिव अरोरा द्वारा शिलान्यास किया गया था वहां पर अभी तक कोई भी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

## बढ़ते नशे पर रोकथाम को कांग्रेसी हुए लामबंद

- **नशे के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जरूरत: कापड़ी**
- **विधायक कापड़ी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कोतवाल, थाना व पुलिस चौकियों में दिया ज्ञापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे नशीले पदार्थों स्मैक आदि पर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक व उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस तथा एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से खटीमा कोतवाल विजेंद्र शाह को एक ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे नशीले पदार्थों स्मैक आदि पर अंकुश लगाने तथा नशे के कारोबारियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की।

विधायक कापड़ी ने बताया कि नशे के कारण युवाओं के भविष्य के साथ ही तमाम परिवार बर्बाद हो रहे हैं। इसके साथ-साथ ही क्षेत्र में अपराध भी चरम सीमा पर बढ़ रहा है। उन्होंने नशे के कारोबारियों तथा उन्हें संरक्षण देने वालों पर कड़ी कार्यवाही, नशे के संभावित अड्डों पर गश्त, स्कूल कॉलेजों एवं जन समुदायों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर थाना झनकईया, पुलिस चौकी लोहिया हेड, चकरपुर, 17 मिल एवं झनकट में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाकर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे नशे पर रोकथाम लगाने का काम करेगी ताकि नशे के दलदल में फंसते युवा पीढ़ी को बचाया जा सके और बढ़ते हुए अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। विधायक कापड़ी ने नशे के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्यवाही करने की बात कही। वहीं उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि नशे के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी क्षेत्र वासियों के साथ मिलकर एक बड़े जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

वहीं उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपेक्षा किया कि वह जनहित को ध्यान में रखते हुए नशे के खिलाफ निर्णायक कदम उठाएगी। इस मौके पर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्या, रेखा सोनकर, रोहित शर्मा, अफजाल रजा, सैफ खान, जगदीश चंद, नीरज सिंह कन्याल, अनिल कुमार, फईम अंसारी, अरफात अंसारी, प्रकाश बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी तथा जरीफ सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नाला निर्माण के दौरान फटी गैस पाइप लाइन, मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वार्ड नंबर एक फुलसुंगा में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण के दौरान अचानक गैस पाइप लाइन फटने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों में डर और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के घरों में रसोई गैस की सप्लाई भी प्रभावित हो गई, जिससे आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, फुलसुंगा के दक्ष चौराहे से तीन पानी डाम वाली रोड पर खुशी वाटिका कॉलोनी के सामने नगर निगम द्वारा नाले का निर्माण किया जा रहा था। खुदाई के दौरान वहां से गुजर रही इंडियन ऑयल-आदानी गैस पाइप लाइन अचानक फट गई, जिससे तेज गति से गैस रिसाव शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों में डर और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के घरों में रसोई गैस की सप्लाई भी प्रभावित हो गई, जिससे आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। जल्द ही इंडियन ऑयल-आदानी गैस पाइपलाइन की टीम मौके पर पहुंची और रिसाव को नियंत्रित कर पाइप लाइन की मरम्मत की। टीम के सक्रिय प्रयासों के कारण गैस रिसाव को कुछ ही समय में रोका जा सका और आसपास के क्षेत्र में हालात सामान्य हुए। नगर निगम और गैस कंपनी के अधिकारियों ने सभी नागरिकों से सतर्क रहने और निर्माण स्थल के आसपास कोई अनावश्यक जोखिम न लेने की अपील की है।

### ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल के वार्षिक क्रीड़ा उत्सव शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल के वार्षिक क्रीडा उत्सव शुभारंभ पूर्व दर्जा राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार व प्रदेश सह-संयोजक एक राष्ट्र एक चुनाव उत्तराखंड राजेश कुमार, विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह काहलो, डायरेक्टर राजिंदर कौर काहलो, मैनेजिंग डायरेक्टर सरबजीत काहलो, प्रिंसिपल भुवन चंद्र कांडपाल ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से मशाल जलाकर किया।

इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश कुमार ने कहा आज के युग मे पढ़ाई के साथ साथ खेलों का अपना महत्वपूर्ण स्थान है, जिससे विद्यार्थियों का शारीरक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से रोजाना व्यायाम करने व मोबाइल, व नशे से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल मोहिता कांडपाल, कोच मनोज राजहंस, सरबजीत कौर, आर के रोशन, अभिषेक नैंन, अमनदीप कौर, रमीम खान, सहित समस्त शिक्षकगण मौजूद थे।

### सुरक्षा, स्वास्थ्य व सकारात्मक वातावरण को लगा जागरुकता शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद में एक सुरक्षित, स्वस्थ और सकारात्मक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए सफाई मित्रों के साथ एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों को दैनिक कार्यों में अपनाई जाने वाली आवश्यक सुरक्षित आदतों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। जिससे वह विभिन्न बीमारियों, दुर्घटनाओं एवं चोटों से स्वयं को सुरक्षित रख सकें। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नगर पालिका ईओ प्रियंका आर्य, कार्यक्रम प्रबंधक अनूप कुमार, आशा जोशी, बबलू भारती, जय प्रकाश शर्मा, रामपाल, अमनदीप पप्पू भारती तथा प्रियांशु आदि उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों को स्वेटर बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** पायनियर्स क्लब रामनगर द्वारा गरीबेश्वर प्राथमिक स्कूल रामनगर में गरीब स्कूली बच्चों को स्वेटर बांटे। स्कूल के 40 बच्चों को स्वेटर दिए गए। हर साल पायनियर्स क्लब द्वारा 500 निर्धन स्कूली बच्चों को स्वेटर निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं। इस दौरान अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, सन्तोष मेहरोत्रा, विजय अग्रवाल, नवीन तिबारी, दीपांशु अग्रवाल, राकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### जनता चौपाल लगाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुछड़ी में उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर जनता चौपाल लगाई गई। ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र के प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने बताया कि तीन लोगों की विरासतन दर्ज की गई। इस दौरान कानूनगो राजीव सिंह बिष्ट,राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्य, प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,मोहम्मद नसीम,आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

### पर्यटकों के लिए खोली हाथी सफारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी जोन और ढिकाला जोन में हाथी सफारी पर्यटकों के लिए खोल दी गयी है। हाथी सफारी के लिए 02 घण्टे का समय निर्धारित किया गया है।

प्रातः एवं सांय की कुल दो पालियों में हाथी सफारी की जायेगी। हाथी सफारी के लिए भारतीय पर्यटक के लिए 1000 रुपये और विदेशी पर्यटक के लिए 3000 रुपये शुल्क निर्धारित है। पर्यटकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित ट्रैक पर ही सफारी की जाएगी।

## उक्रांद की बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपे गए दायित्व

- **धन बहादुर चंद को सैन्य प्रकोष्ठ का अध्यक्ष व शहाबुद्दीन अंसारी को नगर अध्यक्ष किया नियुक्त**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल की एक बैठक जिला कार्यालय अमाउं में जिला अध्यक्ष राम सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए बल दिया गया। वहीं बैठक में कुछ कार्यकर्ताओं को दल में जिम्मेदारियां दी गई। इस मौके पर अन्य संगठनों से आकर लोगों ने सदस्यता ग्रहण की जिनको जिला कार्यकारिणी में दायित्व दिए गए। धन बहादुर चंद को सैन्य प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष, मुकेश मोहन शर्मा को जिला संरक्षक, संतोष मल्होत्रा को जिला महामंत्री, शहाबुद्दीन अंसारी को जिला कोषाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष, भवानी शंकर उर्फ कमल बिष्ट को युवा जिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का अध्यक्ष, ओमक. ार सिंह कार्की को सैन्य प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं होशियार सिंह धामी, रुस्तम सिंह राना, सुनील चंद्र भट्ट ने उत्तराखंड क्रांति दल की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया, केंद्रीय महामंत्री गोविंद सिंह बिष्ट, जिला अध्यक्ष राम सिंह धामी, विनोद राजपूत, राजू बिष्ट, सज्जन सिंह पोखरिया, खेम सिंह बोरा तथा हरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## आपदा प्रबंधन मंत्री ने जसपुर में स्टेडियम मंजूरी की सोशल मीडिया में दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जसपुर क्षेत्र के वर्षो पुरानी स्टेडियम को लेकर की जा रही मांग की कोशिशें को असली जामा पहनता दिख रहा है। उत्तराखंड सरकार में आपदा प्रबंधन मंत्री भाजपा नेता विनय रोहिला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के माध्यम से जसपुर में मिनी स्टेडियम स्वीकृत होने की जानकारी जसपुर क्षेत्र वासियों के साथ साझा की ।

विदित हो कि विधानसभा क्षेत्र जसपुर उत्तराखण्ड के जनपद उधम सिंह नगर का प्रमुख क्षेत्र है, जिसकी सीमा कई और से समीपवर्ती राज्य उत्तर प्रदेश से मिलती है। यहां के स्कूलों में पढ़ने वाले अनेकों विद्यार्थियों ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभाओं का लोहा बनवाया है। आज भी यहां के स्कूलों से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी देश-विदेश की कंपनियों में उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र में स्टेडियम का आभाव था। क्षेत्र की जनता काफी समय से जसपुर में स्टेडियम बनाने की मांग कर रही थी । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी क्षेत्र की जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जसपुर विधानसभा क्षेत्र में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की ।

इस बात की जानकारी उत्तराखण्ड आपदा प्रबन्धन समिति के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) विनय रो. हेला ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से साझा की । उन्होंने जसपुर विधानसभा क्षेत्र में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि सम्मानित जनता और भारतीय जनता पार्टी, जसपुर के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने जसपुर में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा कर हम सबको अनुग्रहित किया । उन्होंने विधानसभा जसपुर की सम्मानित जनता की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

## बाजपुर में गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केद्र का शुभारंभ



- **कृषकों को मिलेगा त्वरित, व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक मार्गदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देशों के क्रम में राज्य की समस्त सहकारी गन्ना विकास समितियों में गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सहक. ारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, बाजपुर में गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केन्द्र का शुभारंभ गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू ने कहा कि यह गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केन्द्र गन्ना कृषकों को एक ही स्थान पर त्वरित, व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने बताया कि केन्द्र के माध्यम से कृषकों को गन्ना फसल की औसत उपज में वृद्धि हेतु मार्गदर्शन, रोग एवं कीट से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध समाधान, उर्वरक प्रबंधन, बीज एवं भूमि उपचार, तथा नवीन एवं उन्नत गन्ना किस्मों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से भी अवगत कराया जाएगा।राज्य मंत्री ने कहा कि यह पहल कृषकों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगी। गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केन्द्र प्रत्येक कार्यदिवस खुला रहेगा, जहां एक गन्ना पर्यवेक्षक एवं एक गन्ना विकास निरीक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहकर कृषकों की समस्याओं के समाधान हेतु सेवाएं प्रदान करेंगे। गन्ना विभाग द्वारा संच. ालित यह गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केन्द्र कृषक हित में एक प्रभावी मंच के रूप में कार्य करेगा, जिससे गन्ना उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार की अपेक्षा है। कार्यक्रम में कृषकगण स्वर्ण सिंह,रंजीत सिंह,सुखदेव सिंह, बलदेव सिंह, जितेन्द्र सहित ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गौतम सिंह नेगी, गन्ना विकास निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, मीनाक्षी आर्या, लेखाकार मोहि. हत सिंह रावत तथा समस्त गन्ना पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## एआर ने किसान सेवा सहकारी समिति का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुक्रवार को जिला सहायक निबंधक (एआर) सहकारी समितियां एच.सी. खंडूरी ने रामराज रोड स्थित बहुउद्देशीय प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के कार्यों, अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एआर खंडूरी ने समिति के संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने, किसानों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने और अभिलेखों के नियमित संधारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों की भूमिका किसानों की आर्थिक मजबूती में अहम है, इसलिए सभी कार्य नियमानुसार और जिम्मेदारी से किए जाएं। इस अवसर पर समिति के प्रबंध निदेशक हेम काण्डपाल, आंकिक फूलचन्द सैनी, लिपिक ललित कुमार सहित दीपांशु रावत, दान सिंह, मिट्ठन लाल, राम सिंह यादव, तौफीक अहमद एवं नरेश कुमार उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, पति पर हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। शुक्रवार को मृतका की मां ने दामाद पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली बाजपुर में तहरीर दी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवती पत्नी स्वर्गीय चंदन पाल, निवासी हकीमगंज, तहसील स्वार, जिला रामपुर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पुत्री पूजा कुमारी का विवाह लगभग 20 वर्ष पूर्व देवेन्द्र पुत्र रूप बसंत, निवासी लखनपुर खमरिया, तहसील बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर से हुआ था। विवाह के बाद से ही पति द्वारा नशे की हालत में मारपीट की जाती थी। आरोप है कि दिनांक 17 दिसंबर 2025 की सुबह, जब पूजा काम पर जा रही थी, तभी उसके पति ने रास्ते में मारपीट कर उसे घर ले जाकर साड़ी से गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को उसी साड़ी से कमरे में लटका दिया गया और बिना किसी सूचना के अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पीड़िता की मां न्याय की मांग को लेकर शीतलहर के बीच देर शाम तक कोतवाली बाजपुर में बैठी रहीं। वहीं, स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब दूसरे पक्ष के लोग भी कोतवाली के बाहर एकत्र होने लगे। एहतियातन पुलिस ने मौके पर सतर्कता बनाए रखी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त कर ली गई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है तथा तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों का हुआ निःशुल्क उपचार

- **कई गंभीर बीमारियों से मिला नया जीवन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) वर्ष 2013 से निरंतर संचालित है, जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों, राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की विभिन्न जन्मजात (पैदायशी) एवं अन्य बीमारियों की निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जाता है।

कार्यक्रम के तहत बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उचित पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानक. ारी दी जाती है, साथ ही आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जाता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बाजपुर की RBSKA-TEAM में कार्यरत डा.अशोक सिंह तोमर, डा. आकांक्षा चौहान एवं फार्मासिस्ट मो. उस्मान रजा द्वारा बच्चों की नियमित हेल्थ स्क्रीनिंग एवं जांच की गई। वर्ष 2025 में चिन्हित गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को DEIC रुद्रपुर के माध्यम से एम्पैनल्ड अस्पतालों-ग्राफिक एरा हॉस्पिटल देहरादून, सत्य साईं हार्ट केयर अस्पताल पलवल, राममूर्ति मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा (बरेली) आदि में भेजकर निःशुल्क इलाज कराया गया। इस कार्य में DEIC से आरबीएसके मैनेजर पूरनमल, जावेद, संजय तथा आरबीएसके वाहन चालक विजेंद्र का सराहनीय सहयोग रहा।

RBSKA-TEAM द्वारा वर्ष 2025 में कंजेनिटल हार्ट डिजीज (दिल में छेद अथवा दिल के वाल्व में दिक्कत) से पीड़ित 08 बच्चों का सफल ऑपरेशन कराकर उन्हें स्वस्थ किया गया,जबकि अन्य बच्चों का उपचार जारी है। इसके अतिरिक्त न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट्स के अंतर्गत दो बच्चों का भी सफल ऑपरेशन कराया गया।

वहीं, क्लेफ्ट लिप, क्लेफ्ट पैलेट, डेवलपमेंटल डिस्प्लेसिया ऑफ हिप एवं क्लब फुट से ग्रसित बच्चों का भी उपचार कराकर उन्हें राहत दी गई।

## 'जन-जन की सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बाजपुर। उत्तराखंड सरकार के जन-जन की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को चीनी मिल अतिथि गृह में प्रशास. निक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तराखंड सरकार में मंत्री दीपक मेहरा ने की।

बैठक में विधानसभा बाजपुर क्षेत्र की विभिन्न न्याय पंचायतों में प्रस्तावित बड़े बहुउद्देशीय शिविरों की तैयारियों पर चर्चा की गई। भाजपा नेता राजेश कुमार ने बताया कि इन शिविरों में 23 विभागों के अधिकारी अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि के मंत्र पर कार्य कर रही है, ताकि आमजन की समस्याओं का संबंधित विभाग द्वारा मौके पर ही त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि शिविरों में आयुष्मान कार्डों के अपडेट की भी विशेष व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के तहत पहला शिविर 22 जनवरी को बरहनी में इंटर कॉलेज के सामने स्थित प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। बैठक में उप जिलाधिकारी डॉक्टर अमृता शर्मा, तहसीलदार काशीपुर पंकज चंदोला, तहसीलदार बाजपुर दीवान सिंह बिष्ट, खंड विकास अधिकारी बाजपुर एवं काशीपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव सैनी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख काशीपुर तरसेम सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष कुंडेश्वरी बरहनी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण कन्नू जोशी, हरजिंदर सिंह, जिला मंत्री भाजपा संजीव कुमार बिट्टू चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर सिंह, राकेश गुप्ता, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस, भाजपा अनुसूि. चत जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम को जनसरोकार से जोड़ते हुए



अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

# कुमाऊं आयुक्त ने किया स्पोर्ट्स कॉलेज लेलू का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत द्वारा श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज, लेलू, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सर्वप्रथम कॉलेज के कार्मिकों एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही खेल सुविधाओं, भोजन, शिक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात प्रशासनिक भवन, छात्रावास एवं भोजन मैस का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कॉलेज में भविष्य में प्रस्तावित नए खेलों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। आयुक्त द्वारा 38वें राष्ट्रीय खेलों हेतु निर्मित बहुउद्देश्यीय बॉक्सिंग क्रीड़ा हॉल–01 एवं हॉल–02, निर्माणाधीन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल खेल मैदान, दर्शक दीर्घा तथा अन्य प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की गई। बहुउद्देश्यीय बॉक्सिंग क्रीड़ा हॉल–02 को भविष्य में अन्य खेल आयोजनों हेतु उपयोग में लाने पर भी चर्चा की गई। आयुक्त ने कॉलेज की व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, तहसीलदार विजय गोस्वामी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट, अभियंता शैलेन्द्र सिंह भण्डारी, अभियंता पुष्पेन्द्र चौधरी, अभियंता विशाल शर्मा सहित रविन्द्र सिंह, डॉ. पुष्कर सिंह अधिकारी, अजय पल्याल, दीप चन्द्र जोशी, गोपेश पाण्डेय, कुलदीप चौहान, नरेन्द्र भण्डारी, देशरत्न बोहरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व ध्यान दिवस का आयोजन 21 दिसंबर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा ध्यान और इससे होने वाले लाभों के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 दिसंबर 2024 को 'विश्व ध्यान दिवस' के रूप में घोषित किया गया। इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी इस अवसर पर 'एक विश्व, एक हृदय' थीम पर आधारित 21 दिसंबर को रात्रि 8 बजे ऑनलाइन माध्यम से हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मार्गदर्शक दाजी के द्वारा निर्देशित सामूहिक ध्यान कराया जाएगा। जिसके लिए विश्व भर से लाखों लोगों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

यह ध्यान साधना के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण वैश्विक क्षण होगा, जब लाखों लोग विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले एक सामूहिक सत्र के लिए हार्टफुलनेस समुदाय से जुड़ेंगे। ये पूर्णतया नि:शुल्क है जिसमें 15 वर्ष से ऊपर किसी भी उम्र का व्यक्ति इससे जुड़कर हृदय आधारित ध्यान को अनुभव कर सकता है। हार्टफुलनेस संस्था रुद्रपुर की केंद्र समन्वयक व प्रशिक्षक डा. सीमा अरोड़ा का कहना है कि आज की व्यस्त व तनावपूर्ण जीवनशैली में दैनिक जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए हमें कुछ पल स्वयं से जुड़ने की अधिक आवश्यकता है। ध्यान हमारा आंतरिक रूपांतरण करता है जो दुनिया के प्रति हमारे दृष्टिकोण को बेहतर बनाता है। यह हमें भावनात्मक व मानसिक संतुलन प्रदान कर हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है, जिससे आंतरिक शांति उत्पन्न होती है। यह सामूहिक ध्यान वैश्विक शांति, करुणा व एकता को बढ़ाने में अवश्य सहायक होगा। इसके लिए उन्होंने सभी से अधिक से अधिक संख्या में इस वैश्विक आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## एक नजर

# न्याय पंचायत स्तर तक शिविर आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर प्रदेश भर में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान न्याय पंचायत स्तर तक शिविर आयोजित कर चलाया जा रहा है। इन शिविरों में जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

पैंतालीस दिनों तक चलने वाले इस अभियान में 23 विभाग शामिल हैं।जन–जन की सरकार जन–जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) नैनीताल विवेक राय एवं विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट की उपस्थिति में राजकीय इंटर कॉलेज मालधनचौड़,रामनगर में क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनी गई शिविर में अधिकांश शिकायतों का मौके पर भी समाधान किया गया।मालधन चौड़ क्षेत्र में लगाए गए शिविर को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा, शिविर से सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित, लोगों द्वारा सरकार का आभार व्यक्त किया। शिविर में कुल 79 आवेदन जो विभिन्न समस्याओं से संबंधित थी।इन समस्याओं को क्रमवार सुना गया, जिनमें से लगभग 70 समस्याओं का मौके पर ही समाधान विभागों के माध्यम से कराया गया। जिन समस्याओं का मौके पर समाधान संभव नहीं था उन समस्याओं के समाधान के लिए एक समय सीमा निर्धारित करते हुए विभागीय अधिकारियों को उनका समाधान करते हुए संबंधितों को भी लिखित रूप से अवगत कराने के निर्देश अपर जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस दौरान विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, क्षेत्र प्रमुख मंजू नेगी, सदस्य जिला पंचायत अनीता आर्या, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य बशन्ती आर्या,ग्राम प्रधान विमला देवी, दीप्ति आर्या, भाजपा मालधन अध्यक्ष प्रेमचंद आर्य, राकेश नैनवाल, किशोरी लाल, उप जिला अधिकारी प्रमोद कुमार, खंड विकास अधिकारी गिरीश पांडे, तहसीलदार मनीषा मारकाना, एसएसआई दीपक बिष्ट,आबकारी निरीक्षक उमेश पाल आदि मौजूद रहे।

# लोहाघाट में आधुनिक मध्यान्ह भोजन एवं वाचनालय बैठक स्थल का लोकार्पण

- **पंडित बेनीराम पुनेठा की स्मृति में स्थापित हुआ जनपद का पहला सुसज्जित भोजनालय**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट (चम्पावत)।** जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि के रूप में राजकीय इंटर कॉलेज लोहाघाट में जनपद का पहला सुसज्जित एवं आधुनिक मध्यान्ह भोजनालय एवं वाचनालय बैठक स्थल का लोकार्पण किया गया। यह निर्माण कार्य विद्यालय एवं छात्र कल्याण समिति द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से कराया गया है।

इस अवसर पर पंडित बेनीराम पुनेठा की स्मृति में प्रतिमा स्थापना किए जाने की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में पंडित बेनीराम पुनेठा राजकीय इंटर कॉलेज लोहाघाट में पधारे प्रसिद्ध कलाकार एवं एलेरा ग्रुप लंदन के सीईओ राज भट्ट का भव्य स्वागत किया गया। राज भट्ट ने विद्यालय के बोर्ड परीक्षा टॉपर्स एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। साथ ही छात्रों को उच्च शिक्षा, व्यवसाय और भविष्य निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। राज भट्ट द्वारा प्रतिवर्ष विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं संसाधनों के विकास हेतु सहयोग किया जाता है। इसी क्रम में उन्होंने अपनी पूज्य माता की स्मृति में सहायता राशि प्रदान कर "श्रीमती हीरा देवी भट्ट स्मृति" सुसज्जित आधुनिक मध्यान्ह भोजनालय एवं वाचनालय बैठक स्थल का विधिवत लोकार्पण किया। यहां विद्यालय कल्याण समिति के अध्यक्ष श्याम चौबे, लडवाल फाउंडेशन के निदेशक नरेंद्र सिंह लडवाल, डा. अरुण पुनेठा, किरण पुनेठा, जय पुनेठा, खंड शिक्षा अधिकारी धनश्याम भट्ट आदि मौजूद थे।

# क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक में ब्लॉक प्रमुख रुवाली ने लगाई अधिकारियों को फटकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओखलकांडा।** विकास खंड ओखलकांडा में क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों की कार्यशैली पर ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और कार्य के प्रति सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए।

ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली ने कहा कि जनहित में हो रही लापरवाही पर अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में जवाबदेह ठहराते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। क्षेत्र पंचायत की बैठक के दौरान पेयजल विभाग, जल संस्थान एवं जल निगम की कार्यशैली को लेकर जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। जनभावनाओं की मजबूती से आवाज उठाते हुए ब्लॉक प्रमुख केडी रूवाली ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉक प्रमुख का यह सख्त और जनहितकारी रुख क्षेत्रवासियों के हितों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और मजबूत नेतृत्व को दर्शाता है। बैठक के दौरान बड़ोंन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नदारद रहे, जिससे बड़ोंन क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया।

# प्रॉपर्टी डीलर समीर हत्याकांड में पांच दोषी करार, 22 को सुनाई जाएगी सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एडीजे तृतीय मुकेश कुमार आर्या की अदालत ने किच्छा के बहुचर्चित प्रॉपर्टी डीलर समीर हत्याकांड मामले में अहम फैसला सुनाया है। पांच आरोपियों पर दोष सिद्ध होके दौरान तीन आरोपियों को पुलिस कस्टडी में लेने के आदेश दिए। दो के विरुद्ध वारंट जारी कर किच्छा पुलिस को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने का आदेश दिया है। 22 दिसंबर को इस मामले में सजा सुनाई जाएगी। घटना तीन मई 2018 की है। प्रॉपर्टी डीलर समीर अहमद की आदित्य चौक पर शर्मा ढाबे के बाहर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या कर दी थी। बदमाश की पहचान सीसीटीवी फुटेज में दिखे हाथ में पहने कड़े से हुई थी जिसके बाद पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर जसविंदर सिंह, अंग्रेज सिंह उर्फ रिंकू, गुरचरण सिंह उर्फ बंटी, सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा, प्रसन्नजीत सिंह उर्फ सन्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हत्याकांड की सुनवाई एडीजे तृतीय के न्यायालय में चल रही है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अंग्रेज सिंह उर्फ रिंकू, गुरचरण सिंह उर्फ बंटी, प्रसन्नजीत सिंह उर्फ सन्नी के मौजूद होने पर पुलिस कस्टडी में लेने के आदेश दे दिए। सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं होने वाले जसविंदर सिंह और सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा के विरुद्ध वारंट जारी कर पुलिस को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के निर्देश दे दिए हैं। पांचों पर दोष सिद्ध होने के बाद सजा 22 दिसंबर को सुनाई जाएगी। हत्याकांड का एक आरोपी रणदीप सिंह उर्फ राजा अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिसे भगोड़ा घोषित कर दिया है। असल में लुक आउट सर्कुलर जारी होने के बाद पुलिस ने रणदीप को मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा था। मुंबई से लाते समय आरोपी यूपी के पिलखुआ के पास पुलिस कस्टडी से भाग गया था। सात वर्ष बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है।

# समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूल छात्रों ने नेशनल कॉर्बेट पार्क में भ्रमण किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** प्राकृतिक छटाओं व जीव जंतुओं की ऐतिहासिक जानकारी के लिए मशहूर नेशनल कार्बेट पार्क, पौराणिक आस्था के द्वार और आयुर्वेदिक व यूनानी दवा के कारखाने में शैक्षिक भ्रमण कर छात्र–छात्राओं ने ज्ञान अर्जित किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम की रिपोर्ट भी तैयार की गई।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआडाबरा के कक्षा 9 व 10 के बालको और कक्षा 11 व12 की बालिकाओं के संयुक्त शैक्षिक भ्रमण दल को प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने हरी झंडी दिखाकर रामनगर के लिए रवाना किया। उन्होंने शैक्षिक भ्रमण की महत्ता को समझाते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में अनुशासन व नेतृत्व क्षमता आदि का विकास होता है। शैक्षिक भ्रमण दल उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित नेशनल कॉर्बेट पार्क पहुंचा। जहां उन्होंने म्यूजियम वाइल्ड लाइफ के विभिन्न चित्र, चित्रों माध्यम से जंगली जानवरों के रहन–सहन व उनकी आवाजों और विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं के जीवाश्म व अन्य क्रियाकलापों को जाना। म्यूजियम में जिम कार्बेट के जीवन, उनके शिकार के अनुभव और उनके द्वारा बचाए गए जानवरों के विषय में जानकारी ली। इसके अलावा पर्यावरण व जंगली जानवरों से संबंधित जानकारियां ली। पहाड़ी वादियों से गुजरता से हुआ शैक्षिक भ्रमण दल मोहान जनपद अल्मोड़ा में स्थित भारत की प्रसिद्ध इंडियन मेडिसिंस फार्मास्यूटिकल कॉरपोरेशन लिमिटेड फैक्ट्री पहुंचा। प्रोडक्शन मैनेजर अभिषेक सैनी ने छात्राओं–छात्रों को आयुर्वेदिक तरीके से मशीनों के माध्यम से विभिन्न सिरप, भस्म व टैबलेट के निर्माण, पैकिंग व लोडिंग की विधियां के विषय में बताया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी, महेंद्र सिंह, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, डॉक्टर तजम्मुल हसन, शाकिर हुसैन, नाजिम कमर, जयवीर सिंह, नीतू सैनी, मोनिका, अजय कुमार, चेतन चौहान, नफीस अहमद, राम सजीवन, सोमपाल, मनोज पाल आदि मौजूद थे।

# संकल्प दिवस पर गरजे श्रमिक संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाकपा माले की रुद्रपुर इकाई ने गुरुवार को कॉमरेड विनोद मिश्रा की 27वीं बरसी पर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए हेड मास्टर निशान सिंह भवन रुद्रपुर में "संकल्प दिवस" का आयोजन किया।

भाकपा( माले ) के राज्य सचिव कॉमरेड इंद्रेश मैखुरी ने बताया कि 1970 के दशक के शुरुआती भयंकर झटके और बिखराव के बाद भाकपा (माले) को दोबारा खड़ा करने और संगठित करने से लेकर, 1990 के दशक में संघ–भाजपा के बढ़ते खध्तरनाक हमलों के चुनौतीपूर्ण दौर का मुकाबला करने के लिए पार्टी को तैयार करने तक कॉमरेड विनोद मिश्र ने हमारे लिए एक शानदार, गौरवशाली कम्युनिस्ट विरासत हमारे हवाले की है। उनकी अगुवाई में पार्टी ने हर तरह की बाधाओं को पार किया और भारत के इतिहास व समाज को समझने के लिए अपनी मार्क्सवादी समझ को लगातार विकसित व मजबूत करते हुए व्यापक जन–संघर्षों को खड़ा किया। इस दौरान जिला प्रभारी केके बोरा ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार तक एक के बाद एक राज्य चुनावों में मिली जीतों से बेलगाम होकर मोदी सरकार ने पूरे देश में अपने फासीवादी हमलों को तेज कर दिया है। बीमा क्षेत्र को सौ प्रतिशत विदेशी निवेश के लिए खोल दिया है। संघीय ढांचे पर हमला तेज हो चुका है और पूरे देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की खाई को जबरदस्ती और गहरा किया जा रहा है। केके बोरा, ललित मटियाली, दिनेश तिवारी, अमनदीप कौर, ज्ञानी सुरेन सिंह, अनिता अन्ना, कमलेश कार्की, रंजन विश्वास, उत्तम दास, नरेश, विजय शर्मा, प्रीति, जगजीत कौर, नरेश कुमार, नवजोत सिंह आदि शामिल रहे।

# सुसाइड नोट छोड़कर टेम्पो चालक हुआ लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक ऑटो चालक संदिग्ध परिस्थितियों में घर में सुसाइड करने जाने का नोट छोड़कर लापता हो गया। परिजनों को चार दिन बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों का आरोप है कि उसके साथ हुए मारपीट मामले में वह लगातार रम्पुरा चौकी के चक्कर काट रहे ह, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक, रमेश चंद मिश्रा निवासी सोढ़ी कॉलोनी डिबडिबा बिलासपुर ने बताया कि उनका बेटा पुनीत कुमार मिश्रा ऑटो चालक है और वह दिनेशपुर–रुद्रपुर रूट पर टेंपो चलाता है। आरोप है कि 14 दिसंबर को रुद्रपुर निवासी टेंपो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। पुनीत ने भागकर अपनी जान बचाई। आरोप है कि रम्पुरा चौकी में शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों के मुताबिक, इसी वजह से वह परेशान रहने लगा और 15 दिसंबर की शाम को घर से दवा लेने की बात कहते हुए निकल गया लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी हर जगह खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। इस दौरान घर के बाहर खड़े टेंपो में एक नोट मिला था, जिसमें उसने कार्रवाई न होने और आत्महत्या करने जाने की बात लिखी थी। परिजनों ने रम्पुरा चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

# बाराकोट लिंक रोड पर भीषण हादसा 100 मीटर गहरी खाई में समाई कार



- **योगेश जोशी 'योगी' और योगी सेना ने अंधेरे में उतरकर बचाई दो जिंदगियां**
- **108 सेवा पर उठे गंभीर सवाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** बाराकोट ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। बाराकोट से तल्ला बापरु की ओर जा रही ऑल्टो कार (संख्या न्ज्ञ 03 ज। 2143) पिथौरागढ़ लिंक रोड पर कैलाड़ी विद्युत पावर हाउस के समीप मोड़ पर अचानक अनियंत्रित हो गई और लगभग 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे में कार चालक अमित शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा एवं विक्रम सिंह पुत्र कुंवर सिंह, दोनों निवासी तल्ला बापरु, गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी 'योगी' के नेतृत्व में योगी सेना के युवा तुरंत मौके पर पहुंचे। गहरी खाई, अंधेरा और दुर्गम हालात के बावजूद टीम ने जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और बाराकोट चौकी को सूचना दी गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा को बार–बार फोन किया गया, लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने से घायलों की हालत और गंभीर हो सकती थी। मजबूरी में पुलिस वाहन से दोनों को लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।

लोहाघाट अस्पताल में डॉ. अजीम एवं उनकी टीम ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार अमित शर्मा के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें पहले चंपावत जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां सीटी स्कैन के बाद हालत गंभीर होने पर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। वहीं विक्रम सिंह के सिर में भी चोटें आई हैं, लेकिन उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। जनप्रतिनिधियों में आक्रोश, 108 सेवा पर सवाल

जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी 'योगी' ने कहा कि, "बाराकोट और लोहाघाट दोनों स्थानों से 108 एंबुलेंस को कॉल की गई, लेकिन समय पर सेवा नहीं मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गंभीर घायल को निजी साधन से भेजना पड़ा। यह लापरवाही गंभीर चिंता का विषय है।

इस घटना को लेकर क्षेत्रीय युवाओं और जनप्रतिनिधियों में गहरा रोष व्याप्त है। रेस्क्यू अभियान में योगी सेना के विजय नाथ, सूरज बिष्ट, सोनू चौधरी, ललित मोहन, राहुल जोशी, शुभम बिष्ट, हिमांशु नाथ, हिमांशु जोशी, सौरभ नाथ, धीरज सिंह सहित कई युवाओं ने सराहनीय योगदान दिया।

यह हादसा न सिर्फ सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है, बल्कि आपातकालीन सेवाओं की तत्परता पर भी गंभीर मंथन की जरूरत को उजागर करता है।

# मंडी समिति में चल रहा किसानों का धरना एसडीएम के आश्वासन पर स्थगित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मंडी समिति में चलाया जा रहा धरना आज एसडीएम जसपुर के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया।

ज्ञात हो कि मंडी समिति जसपुर में किसानों का कई रोज से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार धरना चल रहा था शुक्रवार के रोज किसानों के बीच पहुंचे एसडीएम जसपुर के मांगें के संबंध में तीन दिन में जांच करने के आश्वासन के बाद स्थगित किया गया। मीडिया से बात करते हुए भाकियू के युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने बताया कि जसपुर में कच्चे आढ़ती/राइस मिलर्स द्वारा खरीदा गया धान का किसानों को अभी तक पेमेंट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि केंद्र पर ऑफ लाइन खरीदे गए धान की 6 आर अभी तक कृषकों को नहीं मिल पाई है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अभी तक लिमिट बढ़ाने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाए की किसानों को लिमिट बढ़ाने व पोर्टल बंद होने का झांसा देकर विभाग के कर्मचारियों द्वारा 06/ 12/ 2025 से 16/ 12/ 2025 तक धान की खरीद पोर्टल पर चढ़ाई गई है। उन्होंने इसके लिए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है और एसडीएम जसपुर को किसानो की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है। एसडीएम जसपुर ने आश्वासन दिया है कि तीन दिनों के भीतर किसानो की समस्याओं का समाधान करवा दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय ट्रैक चैंपियनशिप में 80 अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिस्टों की भागीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित वेलोड्रोम में शुक्रवार से 77वीं सीनियर, 54वीं जूनियर और 40वीं सब जूनियर राष्ट्रीय ट्रैक चौंपियनशिप का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 23 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें देशभर से चयनित 695 साइकिलस्ट प्रतिभाग कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस चौंपियनशिप में 80 अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। रेलवे, सर्विसेज, अंडमान, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, राजस्थान, ओडिशा, हरियाणा और पंजाब सहित कई राज्यों व संस्थानों के खिलाड़ी अपने–अपने वर्ग में पदक जीतने के लिए ट्रैक पर उतर चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं की मौजूदगी ने खिलाड़ियों में खास उत्साह भर दिया है और दर्शकों को भी रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है। खिलाड़ियों की संख्या और वर्गवार भागीदारी राष्ट्रीय ट्रैक चौंपियनशिप में कुल 695 खिलाड़ियों ने भागीदारी की है। पुरुष सीनियर वर्ग में 125 और महिला सीनियर वर्ग में 90 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इसी तरह बालक जूनियर वर्ग में 130, बालिका जूनियर में 100, बालक सब जूनियर में 100 और बालिका सब जूनियर में 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। इसके अलावा यूथ वर्ग में बालक और बालिका श्रेणी में 40–40 खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर के 80 खिलाड़ी मैदान में उतर रहे हैं। जिनमें पुरुष सीनियर वर्ग में 25, महिला सीनियर में 20, बालक जूनियर में 20 और बालिका जूनियर वर्ग में 15 अंतरराष्ट्रीय साइकिलस्ट शामिल हैं।

# काकोरी कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर। काकोरी** कांड के अमर शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को शहीद अशफाक उल्ला खां पार्क खेड़ा कॉलोनी में श्रद्धांजलि सभा हुई। कार्यक्रम में शहीदों को पुष्प अर्पित कर क्रांतिकारी सलाम पेश किया गया। इसके बाद शहीदों की तस्वीरें हाथ में लेकर जोशीले नारों और क्रांतिकारी गीतों के साथ खेड़ा कॉलोनी में जुलूस निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी कांड ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊर्जा दी। बिस्मिल, अशफाक, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह ने सांप्रदायिक सौहार्द और देशप्रेम की मिसाल कायम की। वक्ताओं ने मौजूदा दौर में सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी और मजदूर–किसानों पर हमलों का विरोध करते हुए जनता से एकजुट संघर्ष का आह्वान किया। इस दौरान कैलाश भट्ट, सुनीता, ललित मटियाली, रविन्द्र कौर, गोपाल गौतम, शिवदेव सिंह, राजेश, दुर्गाप्रसाद, लक्ष्मण, साजिद खान, मुकुल, महेंद्र, सुरेंद्र, फिरोज, अजीज खान, सौरभ, वीर सिंह, हृदयेश कुमार, सुरेंद्र सिंह आदि थे।

पढ़ते रहिए शाह टाइम्स

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र गुरमुख सिंह के दुर्व्यवहारों से तंग आकर इनसे अपने तथा अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर अपने पुत्र गुरमुख सिंह को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का मेरे पुत्र गुरमुख सिंह से कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र गुरमुख सिंह से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता–सरोकार अथवा लेनदेन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं या मेरा कोई भी परिजन इनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**बलदेव सिंह श्री हजूर सिंह एवं बचन कौर पत्नी श्री बलदेव सिंह, निवासी–ग्राम पचपेड़ा, तहसील सितारगंज, जिला–ऊधमसिंह नगर**

# गरमपानी मिनी बैंक प्रकरण में FIR दर्ज

## डीएम की त्वरित कार्रवाई से सहकारी समिति में वित्तीय अनियमितता का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** नैनीताल जिले के श्री कैंची धाम तहसील क्षेत्र के गरमपानी स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति लिमिटेड में वित्तीय अनियमितता एवं ग्रामीणों की जमा पूंजी न लौटाए जाने की गंभीर शिकायत पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। प्रकरण के अनुसार, समिति के कर्मचारी और मिनी बैंक प्रभारी पटल आनंद सिंह पनौरा पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गरमपानी स्थित ग्रामीण बचत केंद्र में सदस्यों की जमा राशि में वित्तीय अनियमितताएं कीं।

इस मामले में बचत केंद्र के सदस्यों ने 17 दिसंबर 2025 बुधवार को जन-जन की सरकार-जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत महिला सभागार छड़ा खैरना में जिलाधिक.ारी नैनीताल के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिक.ारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार, कोतवाली भवाली में एफआईआर संख्या 0042/25, दिनांक 18.12.2025 को अभियोग पंजीकृत किया गया। इस मामले में शिकायतकर्ता गोपाल सिंह रौतेला, सचिव, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति लिमिटेड, गरमपानी, विकासखंड बेतालघाट, जनपद नैनीताल हैं, जबकि अन्य शिकायतकर्ताओं में हीरा सिंह, देवेन्द्र सिंह, पूरन सिंह और हरदयाल सिंह भी शामिल हैं। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में आम जनता की मेहनत की कमाई से किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।

## कुविवि के पूर्व साइंस डीन प्रो. तिवारी नहीं रहे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने कुमाऊं विश्व.विधालय के पूर्व डीन साइंस तथा पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एच पी तिवारी (88) के निधन पर दुख व्यक्त किया है । प्रो. तिवारी का लखनऊ में निधन हुआ। प्रो. तिवारी के निधन पर एलुमनी सेल के अध्यक्ष डा. बीएस कालाकोटी तथा महासचिव प्रो. ललित तिवारी सहित पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सी एस मथेला तथा कूटा परिवार ने दुख जताया है।

# अप-टू-डेट रहेगी यातायात व्यवस्था

## विंटर कार्निवाल, थर्टीफर्स्ट के लिए नैनीताल पुलिस ने कसी कमर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में विंटर कार्निवाल, क्रिसमस पर्व, थर्टी फर्स्ट तथा नव वर्ष 2026 के अवसर पर सैलानियों के आगमन की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए धरातल पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रभावी निराकरण, सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु नैनीताल पुलिस पूरी तरह तैयार है। यह बात शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा पुलिस लाइन नैनीताल के सभागार में विभिन्न विभागों एवं स्टेकहोल्डर्स के साथ महत्वपूर्ण समन्वय गोष्ठी में कही। बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कहा कि




पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 दिसंबर से विन्टर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त क्रिसमस, थर्टी फर्स्ट व नव वर्ष 2026 के अवसर पर अत्यधिक पर्यटक दबाव को देखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। तय किया कि नैनीताल के लिए नारायण नगर को मुख्य पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। पार्किंग भरने की स्थिति में नारायण नगर से शटल सेवा संचालित की जाएगी। सभी पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त मैनपावर व प्रकाश व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण की जाएंगी। निर्धारित स्थानों से रोडवेज व टैक्तसी एवं केएमओयू वाहनों द्वारा शटल सेवा संचालित करने पर सहमति बनी। टैकसी चालकों द्वारा अपने वाहनों पर तथा होटल स्वामियों द्वारा अपने होटल में मोबाईल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएंगे। पर्यटकों के सुरक्षित आवागमन हेतु लोनिवि प्रान्तीय खण्ड को सड़क किनारे पेड़ों की लॉपिंग एवं साफ-सफाई के निर्देश दिए गए तथा रोड सेप्टी के दृष्टिगत पेड़ों पर रिफ्लेक्टर लगाने एवं गडप्पू से नया गांव तक क्रैश बैरियर लगाए जाने का निर्णय लिया गया।

इसके साथ ही भवाली से कैंची धाम तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं सड़क पर पड़े अतिरिक्त सामग्री को हटाने के निर्देश। तय किया गया अति आवश्यक सेवाओं को छोड़कर भारी माल वाहक वाहनों का दिन में पूर्ण प्रतिबंध तथा रात्रि 11 बजे से प्रात: 6 बजे तक आवागमन की अनुमति दिए जाने का निर्णय लिया गया। स्थानीय निवासियों को लोकल पहचान पत्र दिखाने पर ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी।

# पुलिस कप्तान ने जवानों की फिटनेस और दक्षता का किया मूल्यांकन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी की ओर से शुक्रवार को पुलिस लाइन नैनीताल में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान पुलिस बल की ड्रिल, शारीरिक फिटनेस तथा कार्यक्षमता एवं हथियार संचालन का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी संवर्गों थानों समेत पुलिस लाइन, फायर सर्विस, सीपीयू एवं परिवहन शाखा के जवानों ने परेड में हिस्सा लिया। महिलाएं व पुरुष एवं यातायात पुलिस की अलग-अलग टोलियां बनाकर हथियार संचालन का अभ्यास कराया गया। हथियार संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर महिला आरक्षी रेखा निखुरपा एवं महिला आरक्षी किरन मेहता को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस बल के प्रत्येक कर्मी को हथियार संचालन में दक्ष होना चाहिए और किसी भी परिस्थिति के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि फोर्स का हर जवान शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत हो। विशेष रूप से महिला कर्मियों से आत्मविश्वास बनाए रखने, स्वयं को सशक्त बनाने तथा शस्त्रों की पूरी जानकारी रखने का आह्वान किया गया। परेड के दौरान सभी प्रभारियों को आवंटित सरकारी वाहनों की लॉग बुक, फिटनेस एवं मेंटीनेंस की भी जांच की गई। संबंधित प्रभारियों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप वाहनों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। परेड में एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्र, एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हरकेश सिंह सहित सभी थाना व चौकी एवं शाखा प्रभारी तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।

## हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपात्र विकलांगता प्रमाण पत्रों के जरिये शिक्षा विभाग में आरक्षण का लाभ ले रहे कार्मिकों के प्रमाण पत्रों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को कोर्ट ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बता दें कोर्ट ने पिछली 28 नवंबर को राज्य सरकार और शिक्षा विभाग को स्पष्ट आदेश दिया था कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत की गई नियुक्तियों का पूरा बयौरा शपथ पत्र के माध्यम से पेश किया जाए लेकिन विभाग ने यह ब्यौरा अब तक नहीं दिया। जिस पर हाईकोर्ट ने अपर निद.ेशक माध्यमिक शिक्षा कुमाऊँ को 29 दिसंबर को कोर्ट में पेश होने को कहा है। पिछली सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने विभाग से उन सभी व्यक्तियों की सूची मांगी थी जिन्हें दिव्यांग कोटे के तहत नियुक्त किया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि शपथ पत्र के साथ नियुक्त व्यक्तियों की विकलांगता का प्रकार और उनके विकलांगता प्रमाणपत्रों की प्रतियां भी अनिवार्य रूप से संलग्न की जाएं। आज की सुनवाई तक विभाग द्वारा न तो कोई हलफनामा दाखिल किया गया और न ही कोर्ट के निर्देशों का पालन किया गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने अब अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा (कुमाऊं मंडल) को 29 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। बता दें यह जनहित याचिका नेशनल फ़ेडरेशन आफ ब्लाइंड की उत्तराखंड शाखा द्वारा दायर की गई है।

## एक नजर

### भीमताल के जून स्टेट में निर्माण कार्य पर हाईकोर्ट में सुनवाई 29 को

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने भीमताल के जून स्टेट में हो रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने अगली सुनवाई 29 दिसंबर को निर्धारित की है। मामले में डीएफओ, एसडीएम और जिला विकास प्राधिकरण से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि पूर्व में दिए गए आदेशों का पालन नहीं हुआ और अभी तक मामले की जांच भी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि 1980 के बाद हुए निर्माण कार्यों को ध्वस्त किया जाए, क्योंकि यह भूमि वन विभाग की है, न कि राजस्व भूमि।

### अवैध खनन का मामला सुना जाएगा 31 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऊधम सिंह नगर जिले के सिरोल.ीकलां और आसपास के पांच गांवों में अवैध खनन के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने अगली सुनवाई 31 दिसंबर को तय की और राज्य सरकार से रिपोर्ट पेश करने को कहा। इस मामले में जिला खान अधिकारी ने कोर्ट में वीसी के जरिए बताया कि अवैध खनन नहीं हो रहा, और जहां हो रहा है, वहां अनुमति प्राप्त है। लेकिन कोर्ट इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ और पूछा कि रिवर बैड में भारी मशीनों से खनन कैसे हो रहा है।

### अवैध खड़िया खनन पर सुनवाई 30 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील और अन्य गांवों में अवैध खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में जनहित याचिका और 165 खनन इकाइयों से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने अगली सुनवाई 30 दिसंबर को निर्धारित की है। शुक्रवार को मामले में दोनों कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश हुए, और उनके मोबाइल से रिपोर्ट प्राप्त की गई। कोर्ट ने उनसे शपथपत्र पेश करने को कहा है।

### एडीएम नेगी ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**नैनीताल।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी नैनीताल शैलेंद्र सिंह नेगी द्वारा जंगलियागांव पंहुचकर रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना इसके साथ ही उन्होंने आपदा प्रभावित स्थलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा आपदा से गांव के क्षतिग्रस्त पंचायत घर की सुरक्षा दीवार की मरम्मत किए जाने, राजकीय इंटर कालेज जंगलिया गांव में इंटर में विज्ञान विषय खोले जाने, जगलिया गांव से बुड़ाधूरा तक सड़क मार्ग में डामरीकरण कराए जाने, बंदरों से हो रहे नुकसान की समस्या का समाधान किए जाने संबंधित शिकायत से अवगत कराया। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी ने मौके पर से ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इससे पूर्व अपर जिलाधिकारी ने विकास खंड कार्यालय भीमताल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### वेतन रोकने के आदेश किए जारी

**नैनीताल।** जिले के सीईओ गोविन्द जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार को रामनगर विकास खंड के सावलदे न्याय पंचायत के जीआईसी ढेला, प्राइमरी स्कूल ढेला तथा हाईस्कूल पटरानी तथा प्रावि पटरानी नंबर 3, प्रा वि पटरानी, प्रा वि कारगिल पटरानी, कन्या जूनियर हाईस्कूल सावलदे, प्रा वि सावलदे, जीआईसी सेमलखलिया, प्रा. वि. सेमलखालिया सहित 10 विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ जायसवाल द्वारा समय पूर्व विद्यार्थियों की छुटी करने पर जीआईसी सेमलखलिया एवं प्राथमिक विद्यालय सेमलखालिया के 17 अध्यापकों एवं लिपिकों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए। सीईओ जायसवाल द्वारा जिले के सभी विद्यालयों को स्पष्ट रूप से सचेत किया है कि विद्यालयों के संचालन में कोई लापरवाही न बरती जाय एवं विद्यालय संचालन में समय का विशेष ध्यान रखा जाए। समय से पाठ्यक्रम पूर्ण न करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### 18.87 करोड़ से होंगे नैनीताल जिले में कई कार्य

**नैनीताल।** जिले में नाबार्ड द्वारा 18.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाओं का कार्य शुरू होगा। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने बताया कि इन परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और कौशल विकास विभाग शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग को 9.26 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है, जिसके तहत भीमताल और रामनगर में दो ग्रामीण सड़कों का निर्माण होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों, शैक्षणिक संस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। कौशल विकास विभाग को 4.66 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो हल्द्वानी के आईटीआई में छात्रावास भवन के निर्माण के लिए होंगे। इस परियोजना से युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान आवास सुविधा मिलेगी। ग्रामीण कार्य विभाग को 4.95 करोड़ रुपये की स्वीकृति ओखलकांडा में एक सड़क के निर्माण के लिए दी गई है, जिससे दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा मिलेगा।

# धूमधाम से मनाया एपीएस का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत का वार्षिकोत्सव स्पंदन मुख्य अतिथि कुमाऊॅ एवं नागा रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव एवं प्रधानाचार्य कमलेश जोशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत ने अपना वार्षिकोत्सव स्पन्दन सेना के दीवान सिंह हॉल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वही प्रधानाचार्य कमलेश जोशी ने स्कूल का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात विधालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसके बाद मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने 2024-25 में शिक्षा व अन्य प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मैं आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत के वार्षिक समारोह स्पंदन 2025 के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही इस सफल आयोजन के लिए आर्मी पब्लिक स्कूल परिवार और सभी योगदानकर्ताओं को बधाई देता हूं। मैं प्रतिभाशाली प्रतिभागियों के असाधारण प्रदर्शन, अटूट प्रतिबद्धता और आज की उत्कृष्टता की भावना के साथ समर्पण दिखाने के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। जैसा कि हम सभी जानते हैं, बचपन मानव अस्तित्व का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें मौलिक मूल्य प्रदान किए जाते हैं।

यह भविष्य की दिशा को आगे बढ़ाता है और सामाजिक कल्याण को समृद्ध करता है, आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत आज एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में खड़ा है, जो व्यापक विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देता है। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि हमारे स्कूल के छात्र एक इष्टतम शैक्षिक वातावरण में लगे हुए हैं। कक्षा 10वीं और 12वीं के अनुकरणीय बोर्ड परिणामों और हमारे देश के प्रीमियम संस्थानों में छात्रों के सराहनीय चयन से प्रमाणित शैक्षणिक उपलब्धियां हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और मातृभूमि के प्रति सम्मान को दर्शाती हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिला, कर्नल मोहित बर्मा, प्रोफेसर अनिल जोशी, प्रभात माहरा, हिमांशु उपाध्याय, सेना के अधिकारी, आर्मी पब्लिक स्कूल के शिक्षक गण व कर्मचारीगण, अभिभावक सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एसटीएच में जटिल प्रसूति ऑपरेशन सफल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने एक जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिससे महिलाओं को राहत मिली है। विभागाध्यक्ष प्रो. डा. गोदावरी जोशी और उनकी टीम ने 30 वर्षीय गर्भवती महिला का सफल ऑपरेशन किया। महिला की बच्चेदानी में 10 सेंटीमीटर की बड़ी रसौली (फाइब्रॉएड) थी, जो गर्भपात या शिशु के लिए खतरे की वजह बन सकती थी। इस ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव का खतरा था, लेकिन डा. गोदावरी और उनकी टीम ने पूरी सावधानी और विशेषज्ञता से रसौली को निकाला और फिर शिशु का सुरक्षित जन्म कराया। इस ऑपरेशन में महिला और शिशु दोनों स्वस्थ हैं। यह ऑपरेशन निजी अस्पतालों में महंगे होते हैं, लेकिन सुशीला तिवारी अस्पताल में यह पूरा उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क उपलब्ध कराया गया। अस्पताल के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने डा. गोदावरी जोशी और उनकी टीम को बधाई दी, और कहा कि यह चिकित्सालय के लिए गर्व की बात है कि यहां जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं।



# जूट हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला उद्योग केंद्र में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के नेशनल जूट बोर्ड, दिल्ली द्वारा आयोजित 35 दिवसीय जूट हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।




इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यमिता विकास सलाहकार परिषद उत्तराखंड की अध्यक्ष रेनु अधिक.ारी ने समापन किया। उन्होंने प्रशिक्षण में बने जूट उत्पादों की सराहना की और महिलाओं से इन उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने की अपील की, ताकि वे इसे अपनी आजीविका का स्रोत बना सकें। रेनु अधिकारी ने महिलाओं को विशेषज्ञता हासिल करने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने भारत और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की भी सराहना की। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक पल्लवी गुप्ता ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। निर्मला संस्था के निदेशक संजीव कुमार भटनागर ने जूट हस्तशिल्प उत्पादों के बेहतर बाजार और नेशनल जूट बोर्ड की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन लता जोशी ने किया, और इस दौरान शैलेंद्र बिष्ट, अर्पण जैन, किरण धपोला, प्रशिक्षिका गुंजन सक्सेना और अन्य प्रशिक्षार्थी भी उपस्थित रहे।

## नैनीताल बैंक प्रबंधन ने की सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार लाल की सीएम पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट हुई। भेंट के दौरान बैंक के प्रबंध निदेशक द्वारा बैंक की श्चेली भ ा ू ल ी छात्रववृत्ति योजना के अ ं त ग ॅ त आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में सीएम को आमंत्रित किया गया। इस योजना के तहत प्रदेश की 60 से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को लाभान्वित किया जाएगा। यह योजना बैंक की सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसी अवसर पर सीएम धामी द्वारा बैंक के नववर्ष 2026 के कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। शिष्टाचार भेंट के दौरान बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी डा. दीपक पंत, क्षेत्रीय प्रबंधक मुकुल सनवाल सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



# ऑलसेंट्स कॉलेज में साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** क्रिसमस के पावन अवसर पर ऑल सेंट्स कालेज परिसर में ईसाई समुदाय द्वारा पारंपरिक कैरोल संध्याओं का आयोजन किया गया। इन संध्याओं के दौरान प्रभु यीशु की स्तुति में मधुर कैरोल गीत गाए गए तथा एक-दूसरे के आवासों पर जाकर सामूहिक प्रार्थनाएं की गईं। कैरोल संध्या की विशेष बात यह रही कि इसमें केवल ईसाई समुदाय ही नहीं बल्कि अन्य धर्मों के लोग भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सभी ने मिलकर इन संध्याओं का आनंद लिया जिससे कालेज परिसर में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सद्भाव का सुंदर वातावरण बना। यह आयोजन सर्वधर्म समभाव और साम्प्रदायिक एकता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम के दौरान ईश्वर से समस्त मानवता, प्रकृति तथा सभी प्राणियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। कैरोल गीतों की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और क्रिसमस के वास्तविक संदेश, प्रेम, करुणा व शांति और सेवा को सभी के हृदय तक पहुँचाया।



# नैनीताल में विंटर कार्निवाल 22 से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ऐतिहासिक डीएसए मैदान में 22 से 25 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहे चार दिवसीय विंटर कार्निवाल की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विधायक सरिता आर्या ने की, जबकि अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने संचालन किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विंटर कार्निवाल का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे और समापन पर्यटन मंत्री द्वारा किया जाएगा।



## परमीश वर्मा और पवनदीप राजन मचाएंगे धमाल

इस वर्ष 2018 के बाद नैनीताल में आयोजित हो रहे इस भव्य विंटर कार्निवाल में पहाड़ी संस्कृति, भोजन, कलाकारों के साथ बॉलीवुड सितारे भी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में पर्यटकों के लिए ट्रैकिंग, वोट रेस, बैंड परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड फेस्टिवल और स्टार नाइट जैसे प्रमुख आकर्षण होंगे।

विशेष रूप से, बॉलीवुड कलाकार परमीश वर्मा और उत्तराखंड स्टार नाइट में पवनदीप व अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। विंटर कार्निवाल के दौरान स्थानीय कलाकारों की कई प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। माल रोड को लाइट माला से सजाया जाएगा और विभिन्न स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी ताकि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जा सके। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है, और इस अवसर पर सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहर और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर होल्डिंग्स लगाकर विंटर कार्निवाल का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से विंटर कार्निवाल का आयोजन नैनीताल में हो रहा है और इसे हर वर्ष आयोजित करने की योजना है। नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी, पुलिस अधीक्षक (यातायात) जगदीश चंद्र, एसडीएम नवाजिश खलिक, बीसी पंत, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विज सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत और विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषि व पशुपालन एक दूसरे के पूरक: डा. संजय

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् पटवाडांगर में कृषक-वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि पशुपालन व कृषि एक दूजे के पूरक हैं। परिषद् के निदेशक डा. संजय कुमार ने उत्तराखण्ड व देश में पायी जाने वाली गाय व भैंस की विभिन्न प्रजातियों के दूध देने की क्षमता की जानकारी दी। बताया कि उत्तराखण्ड की बद्री गाय में दूध देने की क्षमता और गायों के अपेक्षाकृत कुछ कम हैं लेकिन दूध की गुणवत्ता उच्च स्तर की होती है। बताया कि कृषि व पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने पानी की शुद्धता व तापमान पर भी प्रकाश डाला व गाय व पशुओं में पाये जाने वाले थनैला रोग के कारण व निवारण पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट के वैज्ञानिक डा. बलवान सिंह ने गाय, भैंस के दूध की मार्केटिंग व उत्पादन बढ़ाने पर अपने विचार व्यक्त किये।

# हरीश जोशी की पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रामगढ़ महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक डा. हरीश चन्द्र जोशी के द्वारा संपादित पुस्तक ट्रांसफार्मिंग उत्तराखंड: विकास, वृद्धि और सतत विकास का मार्ग का प्राचार्य प्रो. नगेंद्र द्विवेदी के द्वारा विमोचन किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. नगेंद्र दिवेदी ने कहा कि शिक्षकों को सदैव सृजनात्मक कार्य करने चाहिए। डा. जोशी ने उत्तराखंड अर्थव्यवस्था के लिए जो लिखा है यह एक बड़ी कामयाबी है और इसके लिए उन्होंने मुक्त कंठ से उनकी प्रशंसा करी और कहा कि यह कृति पाठकों को नवीन चिंतन और मंथन के लिए विवश करेगी ऐसा मेरा मानना है। वरिष्ठतम प्राध्यापिका प्रो. माया शुकला ने पुस्तक को उच्च कोटि का बताया और उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर होने की उममीद व्यक्त की। उन्होंने डा. जोशी की कामयाबी के लिए उनको बधाई दी। अपने उद्बोधन में पुस्तक के लेखक डा. हरीश चन्द्र जोशी ने कहा कि डा. जितेंद्र लोहानी के साथ संपादित यह पुस्तक उत्तराखंड को गाढ व गधेरे, गलगल, मनी ऑर्डर अर्थव्यवस्था से बाहर ले जाकर एक गरिमामई स्वरोजगार से युक्त अर्थव्यवस्था बनने के लिए यह पुस्तक एक प्रयास है। इस पुस्तक में प्रयास किया गया है कि न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं की पूर्ति हो बल्कि सतत विकास की बात भी इस पुस्तक में है। उत्तराखंड अर्थव्यवस्था को कैसे एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में हम देखें इस हेतु इस पुस्तक में सुझाव दिए गए हैं। इस अवसर पर डा. संध्या गढ़कोटी, डा. नीमा पंत, डा. हरेश राम, तनुजा जोशी, कविंद्र प्रसाद, हिमांशु बिष्ट, दीप्ती, गणेश बिष्ट, कुंदन गोस्वामी तथा प्रेम भारती सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रही। संच.ालन डा. निर्मला रावत ने किया। कार्यक्रम को स्फल बनाने में छात्र संघ सचिव गरिमा, कमल, अमित, अपर्णा, रोशनी तथा नीलम व खुशी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। अंत में डा. हरीश जोशी ने सभी का आभार जताया।



खेल विशेष

## श्रीलंका को हराकर भारत अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में

**दुबई, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐरन जॉर्ज (नाबाद 58) और विहान मल्होत्रा (नाबाद 61) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका को 12 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है जहां उसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान आयुष म्हात्रा (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) के विकेट 25 के स्कोर पर गंवा दिये। ऐसे संकट के समय ऐरन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की अविजित साझेदारी हुई। भारत ने 18 ओवर में दो विकेट पर 139 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। ऐरन जॉर्ज ने 49 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 58) रनों की पारी खेली। वहीं विहान मल्होत्रा ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 61) रन बनाये। श्रीलंका के लिए रसित निमसारा ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां चमिका हीना. तिगला (42), कप्तान विमथ दिनसारा (32) और सेठमिका सेनेविरत्ने (30) की जुझारू पारियों के दम पर श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 139 रनों का लक्ष्य दिया था। मैदान गीला होने के कारण विलंब से शुरु हुये मैच को 20-20 ओवरों का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# गंभीर को टीम में कोच की जगह प्रबंधक होना चाहिए: कपिल



**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कोच का असली काम खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझना और उनका मनोबल बढ़ाना है**

**कोलकाता, वार्ता।** भारत के पहले विश्व कप जीतने वाले कप्तान कपिल देव ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को लेकर कहा कि आज के क्रिकेट सेटअप में गंभीर को कोच के बजाय टीम प्रबंधक के तौर पर देखा जाना चाहिए। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के आईसीसी शताब्दी सत्र में कपिल ने कहा कि समकालीन क्रिकेट में 'कोच' शब्द को अक्सर गलत समझा जाता है और उन्होंने उच्चतम स्तर पर इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। कपिल की यह टिप्पणी भारत के हाल ही में घर पर टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार के बाद गंभीर की बढ़ती आलोचना के बीच आई है, जिसमें खिलाड़ियों के बार-बार रोटेशन और ऑलराउंडरों पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर गंभीर की आलोचना की गई है। कपिल ने कहा कि आज, कोच नाम का यह शब्द, कोच एक बहुत ही आम शब्द है। गौतम गंभीर कोच नहीं हो सकते। वह टीम के मैनेजर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप कोच कहते हैं, तो कोच वह होता है जिनसे मैं स्कूल और कॉलेज में सीखता हूं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि गौतम गंभीर किसी लेग-स्पिनर या विकेटकीपर को क्रिकेट की बारीकियां कैसे सिखा सकते हैं। उनके अनुसार, यह काम स्कूल या कॉलेज स्तर के कोचों का होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कोच का असली काम खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझना, उनका मनोबल बढ़ाना और टीम के लिए एक सही माहौल तैयार करना है। पूर्व ऑलराउंडर ने इस बात पर बल दिया कि कोच का काम तकनीकी सिखाने से ज्यादा खिलाड़ियों का सही तरीके से प्रबंधन करना होता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आपको मैनेज करना होगा। यह अधिक महत्वपूर्ण है। एक प्रबंधक के तौर पर आप उन्हें प्रोत्साहित करते हैं कि आप यह कर सकते हैं, क्योंकि जब आप प्रबंधक बनते हैं, तो युवा लड़के आपको देखते हैं। कपिल ने समझाया कि एक सहायक माहौल बनाना कप्तान और टीम मैनेजमेंट दोनों की एक प्रमुख जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा कि आप किसी लेग स्पिनर या विकेटकीपर को कैसे कोच कर सकते हैं, जब वे पहले से उस कला में माहिर हैं? ऐसे में सबसे जरूरी काम मैनेजमेंट का होता है। एक मैनेजर खिलाड़ियों को भरोसा देता है, हौसला बढ़ाता है और उन्हें यह एहसास दिलाता है कि वे बेहतर कर सकते हैं। कपिल ने कहा कि कप्तान या प्रबंधक का काम टीम को आराम और आत्मविश्वास देना है। खासकर उन खिलाड़ियों को, जो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं उन्होंने अपने कप्तानी अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जो खिलाड़ी शतक बनाता है, उसके साथ मैं डिनर पर नहीं जाऊंगा। मैं उन लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करता हूं, जो संघर्ष कर रहे हों, ताकि उन्हें आत्मविश्वास मिले। कपिल ने इस बात पर बल देते हुए अपनी बात खत्म की कि क्रिकेट में लीडरशिप केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन से कहीं अधिक होती है।

## इंडियन विमेंस लीग में ईस्ट बंगाल अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी

- **भारत की प्रीमियर महिला फुटबॉल लीग पहली बार दो चरणों में खेली जाएगी पहला चरण आज से 9 जनवरी तक चलेगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के आठ शीर्ष महिला फुटबॉल क्लब के बीच शनिवार से शुरु होने वाली इंडियन विमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 में पूर्व चैंपियन ईस्ट बंगाल अपने खिताब का बचाव करने मैदान में उतरेगी। भारत की प्रीमियर महिला फुटबॉल लीग पहली बार, दो चरणों में खेली जाएगी। पहला चरण 20 दिसम्बर 2025 से नौ जनवरी, 2026 तक चलेगा।

जबकि दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई, 2026 तक खेला जाएगा। यह स्प्लिट कैलेंडर खिलाड़ियों की उपलब्धता और भारतीय महिला फुटबॉल के लिए एक अभूतपूर्व साल से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए शुरू किया गया है। सभी मैच पश्चिम बंगाल में सेंट्रलाइज्ड जगहों पर होंगे। कोलकाता के सॉल्ट लेक में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीई) और कल्याणी में कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम। हर टीम दूसरी टीम के साथ दो बार मैच खेलेंगी। भारत वर्ष 2026 में सीनियर, अंडर-20 और अंडर-17 लेवल पर तीन एएफसी महिला एशियाई कप में हिस्सा लेगा। पहले चरण में टीमें 28 मैच खेलेंगी और फिर अप्रैल में दूसरे फेज के लिए फिर से इकठा होंगी। इस ब्रेक में एक से 21 मार्च तक सीनियर एएफसी महिला एशियाई कप और एक से 18 अप्रैल तक अंडर-20 एडिशन होगा। 30 अप्रैल से 17 मई तक होने वाला अंडर-17 टूर्नामेंट लीग के आखिरी दौर के साथ ओवरलैप होगा, लेकिन उम्र की वजह से इसका कोई गंभीर असर होने की संभावना नहीं है। 2025-26 सीजन भारत की प्रमुख महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का नौवां संस्करण होगा। कोलकाता की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल एफसी, जिसने पिछले साल प्रतियोगिता में अपने दूसरे ही सीजन में आईडब्ल्यूएल का खिताब जीता था। रिकॉर्ड तीन बार की चैंपियन गोकुलम केरल और पूर्व विजेता सेथु एफसी भी किकस्टार्ट एफसी, नीता एफए और श्रीभूमि एफसी के साथ मैदान में होंगी। गढ़वाल यूनाइटेड और सेसा एफए इस साल आईडब्ल्यूएल 2 से प्रमोट होने वाली दो नई टीमें होंगी। हालांकि 2023-24 की चैंपियन ओडिशा एफसी पिछले साल रेलिगेट होने के बाद इस बार हिस्सा नहीं ले पाएगी। एआईएफएफ ने आईडब्ल्यूएल 2025-26 के पहले फेज का शेड्यूल पहले ही घोषित कर दिया है। दूसरे फेज के मैचों की लिस्ट बाद में घोषित की जाएगी।

## स्टेकहोल्डर्स के बीच मतभेद के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट के स्कॉट वीनिक कार्यकारी पद छोड़ेंगे

- **यह संगठन के सबसे अच्छे हित में है कि नई लीडरशिप एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए**

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वीनिक ने शुक्रवार को मेंबर एसोसिएशन और न्यूजीलैंड क्रिकेट प्लेयर्स एसोसिएशन (एनजेडसीपीए) के साथ मतभेदों का हवाला देते हुए कहा कि वह 30 जनवरी 2026 को अपने पद से हट जाएंगे। एक मीडिया बयान में वीनिक ने कहा कि ध्यान से सोचने के बाद, यह स्पष्ट हो गया है कि एनजेडसी की भविष्य की प्राथमिकताओं, जिसमें खेल की लंबे समय की दिशा और न्यूजीलैंड में टी-20 क्रिकेट की सबसे अच्छी भूमिका शामिल है, पर मेरा कई मेंबर एसोसिएशन और एनजेडसीपीए से अलग नजरिया है। वीनिक ने कहा कि इन मतभेदों को देखते हुए, मेरा मानना है कि यह संगठन के सबसे अच्छे हित में है कि नई लीडरशिप एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वह कुछ स्टेकहोल्डर्स के सपोर्ट के बिना काम जारी रखकर लगातार अस्थिरता पैदा नहीं करना चाहते थे। पिछले ढाई साल से एनजेसी को लीड कर रहे वीनिक ने कहा कि मुख्य कार्यकारी के तौर पर काम करना उनके लिए गर्व की बात रही है और उन्होंने मैदान पर और मैदान के बाहर, दोनों जगह शानदार परफॉर्मेंस के समय को हाईलाइट किया। उनकी लीडरशिप में, एनजेडसी ने अब तक के अपने सबसे अच्छे फाइनेंशियल रिजल्ट्स रिकॉर्ड किए और स्काई और सोनी के साथ लॉन्ग-टर्म ब्रॉडकास्ट एग्रीमेंट्स किए, जिससे संस्थान 'मजबूत फाइनेंशियल पोजीशन' में आ गया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान हुई उन्नति पर गर्व जताते हुए कहा कि हमारे लोगों ने मजबूत एंगेजमेंट और कमिटमेंट का कल्चर बनाया है। वीनिक ने एनजेडसी स्टाफ, स्टेकहोल्डर्स और बड़े क्रिकेट समुदाय को उनके सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया और न्यूजीलैंड सरकार, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी), सदस्य देशों, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं, साथ ही मीडिया, ब्रॉडकास्ट और कमर्शियल पार्टनर्स के साथ बने रिश्तों को माना।

## आईएल टी-20: अबू धाबी ने गल्फ जायंट्स को हराया

- **पीयूष चावला ने 27 रन देकर महत्वपूर्ण चार विकेट हासिल किए**



**अबू धाबी, वार्ता।** पीयूष चावला (27 रन देकर 4 विकेट) की बदौलत अबू धाबी नाइट राइडर्स (एडीकेआर) ने आईएल टी-20 में टूर्नामेंट पर गल्फ जायंट्स को चार विकेट से हराकर अपनी लगातार दूसरी और कुल तीसरी जीत दर्ज की।

जब जायंट्स को बल्लेबाजी के लिए उतारा गया, तो गुरबाज ने कुछ शानदार हिटिंग के साथ शुरुआत की और गेंदबाज के पहले दो ओवरों में जेसन होल्डर को दो चौके और एक छक्का लगाया। पथुम निसांका ने लंबी बाउंड्री के ऊपर से फ्लिक करके छक्का लगाकर खतरनाक दिखना शुरू किया, लेकिन ओली स्टोन की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। जायंट्स के कप्तान जेम्स विस ने एक खूबसूरत कवर-ड्राइव खेला और उसके बाद बैकफुट पंच से गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया। गुरबाज ने स्टोन की गेंद पर छक्का लगाकर 6000 टी-20 रन पूरे किए। चावला को सातवें ओवर में अटैक पर लाया गया और पहली ही गेंद पर विस का विकेट लेकर सफलता हासिल की, जबकि सुनील नारायण ने कुछ शांत ओवर फेंके। अगले ओवर में गुरबाज ने लेग स्पिनर पर हाथ आजमाया और अपना अर्द्धशतक पूरा किया, जिससे जायंट्स ने 11वें ओवर में 100 रन पूरे किए।

इसके बाद चावला ने गूगली से मोईन अली को चकमा दिया, और गेंद का किनारा शॉर्ट-थर्ड मैन तक ही गया। गुरबाज ने स्टोन के खिलाफ कुछ सीधे बल्ले से शॉट लगाकर रन बनाना जारी रखा, अगले ओवर में अजय कुमार की धीमी गेंद पर अफगानी बल्लेबाज ने सीधे डीप मिड-विकेट पर शॉट मारा। रहमानुल्लाह गुरबाज ने जायंट्स के लिए 45 गेंदों में 72 रन बनाकर टॉप स्कोर किया। इसके बाद चावला ने लगातार गेंदों पर अजमतुल्लाह ओमरजई और मैथ्यू फोर्डे को आउट किया, जिससे जायंट्स 16 ओवर के बाद 6 विकेट पर 135 रन बनाकर लड़खड़ा गए। लगातार विकेट गिरने का मतलब था कि जायंट्स आखिरी ओवरों में आदर्श फिनिश नहीं कर पाए और आखिरी पांच ओवरों में सिर्फ 33 रन बनाकर सात विकेट पर 165 रन ही बना पाए। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट और एलेक्स हेल्स ने आक्रामक शुरुआत की। पहले बल्लेबाज ने पहली दो गेंदों पर लगातार दो चौके लगाए और फिर तीसरे ओवर में फ्रेड क्लासेन के ओवर में 17 रन बनाए।

## न्यूजीलैंड सीरीज, टी-20 विश्व कप के लिए टीम के चयन को लेकर बैठक आज

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार कहा कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली भारतीय चयन समिति अगले साल न्यूजीलैंड में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज और टी-20 विश्व कप 2026 के लिए टीमों के चयन को लेकर शनिवार को बीसीसीआई मुख्यालय में बैठक करेगी।

ऐसा माना जा है कि दोनों टीमें काफी हद तक एक जैसी होंगी, जिसमें कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी इस बैठक में शामिल होंगे, हालांकि वह अभी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी-20 के लिए अहमदाबाद में हैं।

## ट्रैविस के नाबाद शतक से टीम बढ़त की ओर

**एडिलेड।** सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (नाबाद 145) की शतकीय और एलेक्स कैरी (नाबाद 52) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहली पारी में 286 पर समेटने के बाद शुक्रवार को तीसरे एशेज टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप्स के समय अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 271 रन बना लिए है और उसकी कुल बढत 356 रन हो गई है। यहां इंग्लैंड ने कल के आठ विकेट पर 213 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में इंग्लैंड का नौवां विकेट कप्तान बेन स्टोक्स के रूप में गिरा। उन्हें 85वें ओवर की पहली गेंद पर मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया। बेन स्टोक्स ने 198 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 83 रनों की पारी खेली।


### कार्यालय नगर निगम रूड़की जनपद - हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

दूरभाष नम्बर: 01332-272666 ई-मेल आई0डी0 nagarnigamroorkee@gmail.com

पत्रांक : 138/पथ0प्र0/अनु0/ई0 निविदा/न0नि0रू0/2025 26 दिनांक: 19.12.2025

**Press Note**
**Tender Notice**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूड़की पथ प्रकाश अनुभाग द्वारा पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु एंव मा0 पार्षद वार्ड नं0-37 द्वारा किये गये आवेदन के क्रम में उक्त वार्ड हेतु जेम माध्यम से 20 अदद सिंग्ल आर्म पोल क्रय किये गये थे। जिनको वार्ड में स्थापित किये जाने हेतु नगर निगम रूडकी द्वारा सील बंद निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा पत्र विज्ञपति जारी होने की तिथि से दिनांक 03-01-2026 तक कार्यालय पथ प्रकाश अनुभाग से 590.00 रू. मय जी0एस0टी0 जमा कराते हुऐ प्राप्त कर सकते है, तथा दिनांक 05-01-2026 को अपराहन 01:00 बजे तक सील बंद निविदाये कार्यालय पथ प्रकाश अनुभाग में जमा करानी अनिवार्य होगी, प्राप्त निविदायें को नगर निगम रूड़की द्वारा दिनांक 05-01-2026 को साय 04:00 बजे निविदा समिति व ठेकेद्वार के समक्ष खोला जायेगा। निविदा के सापेक्ष 14,915.00 निविदा प्रतिभूति राशि नगर आयुक्त महोदय नगर निगम रूड़की के नाम बंधक करते हुऐ निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करनी अनिवार्य होगी।

नोट:-
1- अवकाश होने की स्थिति मे निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी।
2- निविदा के सापेक्ष किसी भी प्रकार की जानकारी नगर निगम रूड़की पथ प्रकाश अनुभाग से प्राप्त कर सकते हैं।
3- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, रूड़की।



### कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर (ऊधमसिंहनगर)

email:-nppjashpur@gmail.com Fax or Phone No-05947220058

पत्रांक: 1925/04-सम्पत्ति कर अनुभाग/2025-26/2025 दिनांक- 19/12/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर जिला उधमसिंह नगर के कर विभाग में अभिलेखों में नामान्तरण / दाखिल खारिज हेतु आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त हुए है- सूची निम्नवत् है।

| क्र0 सं0 | आवेदन का दिनांक | मौहल्ला / डिमाण्ड रजि0 संख्या | वर्तमान अभिलेखों में दर्ज नाम व पता | नामान्तरण होने वाले का नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 16.12.2025 | बाजार/119 भवन | श्री अमन सिंघल पुत्र वीरेन्द्र प्रकाश सिंघल | श्रीमती राशि अग्रवाल, श्रीमती सोनल अग्रवाल, पारूल अग्रवाल पुत्री श्री वीरेन्द्र प्रकाश सिंघल व श्री अमन सिंघल पुत्र श्री वीरेन्द्र प्रकाश सिंघल | विरासतन /मृत्यु |
| 2 | 16.12.2025 | भूपसिंह/805 भवन | श्री वीरेन्द्र प्रकाश सिंघल पुत्र श्री जयजयराम सिंघल | श्रीमती राशि अग्रवाल, श्रीमती सोनल अग्रवाल, पारूल अग्रवाल पुत्री श्री वीरेन्द्र प्रकाश सिंघल व श्री अमन सिंघल पुत्र श्री वीरेन्द्र प्रकाश सिंघल | विरासतन /मृत्यु |
| 3 | 17.12.2025 | गुजरातियान /908 भवन | श्रीमती मिथलेश गुप्ता पत्नि स्व. श्री मदन लाल | श्री अजय कुमार व श्री सुशील कुमार पुत्र श्री मदन लाल | विरासतन /मृत्यु |
| 4 | 18.12.2025 | पटटी चौहान | NA | श्री अवनीश कुमार व श्री गौरव कुमार पुत्र श्री धन्नू सिंह | विरासतन /मृत्यु |
| 5 | 19.12.2025 | नत्था सिंह | NA | श्री अनीता देवी पत्नि श्री सुरेश सिंह | रजिस्टर्ड बैनामा |

जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामान्तरण / दाखिल-खारिज किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह एक माह (30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर नामान्तरण / दाखिल-खारिज कर दिया जायेगा, तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0प0 जसपुर।



### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 काशीपुर

Phone No : 05947-275230
Fax No : 05947- 278797
E-Mail ID : eepwdksp@gmail.com
: eecdksp.pwduk@gov.in

पत्रांक : 2121/2 एसी दिनांक : 19/12/2025

**निविदा सूचना (E-Tendering)**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग द्वारा (एकल-बिड सिस्टम के अंतर्गत) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित सभी सूचनायें http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 23.12.2025 से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र की लागत (रु0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में एम0पी0डी0जी0 मार्ग के किमी0 5 से गुलडिया तक मार्ग का पुनः निर्माण कार्य। | 1.04 | 4000.00+ 18%GST | 90 दिन | 9 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी एवं उच्चतर |
| 2 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में ग्राम कुआंखेडा में विजन वैली स्कूल वाली रोड से होते हुए मक्खन सिंह के घर से हरदीप सिंह के घर तक मार्ग का पी0सी0 द्वारा पुनः निर्माण कार्य | 1.59 | 4000.00+ 18%GST | 90 दिन | 9 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी एवं उच्चतर |
| 3 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में ग्राम चांदपुर में सैनिक कालोनी के बाग से महेन्द्र के घर के सामने से होते हुए शिव मंदिर तक टाईल मार्ग का निर्माण कार्य | 1.60 | 4000.00+ 18%GST | 90 दिन | 9 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी एवं उच्चतर |

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, काशीपुर



### कार्यालय-नगर पंचायत भगवानपुर, जिला हरिद्वार

पत्रांक: 760/न0पं0भ0/2025-26 दिनांक: 19/12/2025

**अति अल्पकालीन पुनः ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार द्वारा देवभूमि रजत जयन्ती पार्क मद /राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष उत्तराखण्ड राज्य के सरकारी / अर्द्धसरकारी विभागों / स्थानीय निकायों / उपक्रमों में पंजीकृत इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य को कराये जाने हेतु टू-बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) निविदा के माध्यम से दिनांक 27-12-2025 तक निम्नानुसार पुनः ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैद्यता | कार्य करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत अर्हता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत भगवानपुर में देवभूमि रजत जयंती पार्क का निर्माण कार्य। | 69.18 | 1.39 | 4000+GST | 45 दिन | 06 माह | 'ए'' श्रेणी |

ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें www.uktenders.gov.in पर दिनांक 20-12-2025 से उपलब्ध होंगी। निविदा की शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। निविदा की शर्तों व निविदा की तिथियों में किसी भी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन/बढ़ोत्तरी की सूचना वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर ही Publish की जायेगी। निर्धारित तिथि को किसी अपरिहार्य कारण अथवा अवकाश होने, निविदा न खोले जाने की स्थिति में उक्त कार्य को आगामी कार्य दिवसों में किया जायेगा।

(अंकित राणा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार।

(गुलबहार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार।

## ग्राम पंचायत बढ़ेडी राजपूतान में प्रशासन ने लगाया बहुद्देशीय शिविर

# ग्रामीणों ने अधिकारियों को सुनाई अपनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रुड़की ब्लॉक के ग्राम पंचायत बढ़ेडी राजपूतान में प्रशासन गांव की ओर अभियान के रूप में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का स्टॉल लगाते हुए संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। वही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों को अपनी शिकायत सुनाई,विभागीय अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। जबकि कई शिकायतों को आगे संबंधित विभागों के आला अधिकारियों को भेजी गई है।

कार्यक्रम में पहुंचे अपर जिलाधिकारी फिंचा राम चौहान, तहसीलदार विकास अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख लुबना राव, बीडीओ सुमन कुटियाल और प्रधान सुरुचि सैनी ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में कृषि विभाग, आयुर्वेदिक, बहुद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति दौलतपुर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, आयुष्मान आरोग्य, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, होम्योपैथिक, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, पेयजल विभाग समेत अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों की जानकारी ग्रामीणों को दी। वही मौके पर पहुंचे एडीएम दीपेंद्र सिंह नेगी, तहसीलदार विकास अवस्थी ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। शिविर में 25 शिकायतें आई, जिनमें 18 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष 7 शिकायतें संबंधित विभाग को सौंपी गई। इसके साथ ही शिविर का 282 लोगों ने लाभ भी उठाया। वही शिविर में विद्युत विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे।इस दौरान तहसीलदार विकास अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत गांव-गांव जाकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में करीब कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिन विभागों के अधिकारी शिविर में नहीं पहुंचे। जिलाधिकारी हरिद्वार को उनकी अनुपस्थिति भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि शिविर का मक्सद सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर पहुंचना हैं। शिविर में पेयजल को लेकर शिकायतें आई है। जिसमे मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया हैं। इस दौरान एडीएम दीपेंद्र सिंह नेगी, तहसीलदार विकास अवस्थी, कानूनगो प्रवीण त्यागी , बीडीओ सुमन कुटियाल, सहायक बीडीओ जगेंद्र सिंह राणा, जिला क्रीड़ा अधिकारी साबाली, ग्राम विकास अधिकारी जोत सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी योगेश सैनी, ब्लॉक प्रमुख लुबना राव, ग्राम प्रधान सुरुचि सैनी, रोमा सैनी, आदित्य राज सैनी, राव काले खां, संजय सैनी(पूर्व बीडीसी) समेत अन्य मौजूद रहे।



❖एडीएम फिंचा राम चौहान, तहसीलदार विकास अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख लुबना राव, बीडीओ सुमन कुटियाल व प्रधान सुरुचि ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया

❖ स्टॉल लगाकर विभागों ने दी अपने-अपने विभाग की जानकारी



# शहर, गांव, कस्बों व सड़क मार्गों पर निरंतर की जा रही सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद को स्वच्छ, सुंदर, क्लीन जनपद बनाने के लिए सफाई अभियान का सफलता पूर्वक एक माह पूर्ण कर लिया है तथा दूसरा माह शुरू हो गया है,जिसमें सफाई अभियान नगर क्षेत्र से लेकर गांव कस्बों में एवं सड़क मार्गों पर निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसका असर धरातल पर दिख रहा है। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद में सफाई अभियान का कार्य निरंतर चल रहा है,जिसका असर धरातल पर दिखने लगा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोनिवि द्वारा अपने अपने सड़क मार्गों पर चलाया जा रहा है सफाई अभियान' अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचआई अतुल शर्मा ने अवगत कराया है कि उनके द्वारा पंतद्वीप पार्किंग क्षेत्रांतर्गत सड़क किनारे साफ सफाई एवं झाड़ी कटान का कार्य किया गया है इसके साथ ही नारसन क्षेत्र ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए गड्ढों को गड्ढा मुक्त कराते हुए पेच वर्क का कार्य किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी विपुल सैनी ने अवगत कराया है कि कोर कॉलेज के पास ओल्ड एन एच 58 से रुड़की की ओर सड़क किनारे की झाड़ी कटान एवं साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है एवं घने कोहरे के कारण कोई सड़क दुर्घटना गठित न हो इसके लिए सफेद पट्टी लगाए जाने का भी कार्य किया जा रहा है। अपर परियोजना निर्देशक नलिनीत घिल्डियाल ने अवगत कराया है कि महिला समूह प्रकाशमय द्वारा नौकरग्रांट एवं सपना समूह द्वारा लिबरहेडी, गोपालपुर ब्लॉक नारसन में भी सफाई अभियान का कार्य किया गया। खंड विकास अधिकारी खानपुर राजेंद्र जोशी ने अवगत कराया कि खानपुर क्षेत्रांतर्गत साफ सफाई अभियान चलाया गया साथ ही कूड़ा उठाया गया। खंड विकास अधिकारी नारसन सुभाष सैनी ने अवगत कराया है कि पंचायत भवन ग्राम पंचायत नसीरपुर,अफजलपुर क्षेत्रांतर्गत साफ सफाई अभियान चलाया गया। ईओ झबरेडा हर्ष रावत ने अवगत कराया है कि नगर पंचायत झबरेडा के मुख्य मार्गो एवं सभी वार्डो में निरंतर सफाई का कार्य किया जा रहा है। आज बुग्गावाला ग्रामीण बाजार भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत साफ सफाई एवं पालीथीन प्लास्टिक अवशिष्ट को एकत्रित किया गया इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले पर एवं सफाई न करने वाले दुकानदारों पर चालान की कार्यवाही गतिमान है।



# कड़ाके की ठंड से ठिठुरे लोग, आग के सामने बैठने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ज्यादा सर्दी व धुंध होने के कारण आग के सामने बैठने को मजबूर हैं लोग। ग्रामीण ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि 2 दिन से सर्दी इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि बूढ़े बुजुर्ग आदमियों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है और आम जनता के सामने भी सर्दी का खोफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा अगर सर्दी इसी तरह से रही तो इससे बहुत बड़े परेशानी बुजुर्ग व्यक्तियों को हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब आग के सामने बैठने के सिवा कोई चारा नहीं है क्योंकि सर्दी इतनी बढ़ चुकी है और धूंध इतनी आ चुकी है कि सामने वाले वहांन भी कम दिखाई दे रहे हैं ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया गया कि सभी को सोच समझकर अपने वाहन चलाने चाहिए।



# शराब पीकर वाहन चलाते एक गिरफ्तार, वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** आपरेशन लगाम के तहत कोतवाली रुड़की पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत यातायात के नियमों उलंघन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। आज शराब पीकर वाहन चलाते एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार तथा वाहन को भी सीज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन लगाम के तहत ओवर स्पीड, रैश ड्राइविंग, वाहन चालाते मोबाइल का प्रयोग करना, नशे में वाहन चालान, मोडिफाईड/रेट्रो साईलेन्सर,, नाबालिंग द्वारा वाहन चलाना, ओवर लोडिग, ट्रिपल राईडिग आदि के विरुद्ध चलाये गये अभियान को सफल बनाने के लिये ेच हरिद्वार द्वारा जनपद में यातायात के नियमो का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में पुलिस टीमें निकालकर वाहन चौकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एक व्यक्ति को शराब पीकर वाहन चलाते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम -हिमांशु सैनी पुत्र सुरेंद्र सैनी नि0 नजदीक जैन अतिथि भवन मैन बाजार थाना सरसावन देहात सहारनपुर है।

## पीठ बाजार ने बढ़ाई आमजन की मुश्किलें

# सड़क पर दुकान लगाने से लगा रहता है जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** शुक्रवार को लंढौरा में लगने वाले पीठ बाजार में दुकानदारों द्वारा सड़क पर दुकानें लगाने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर अतिक्रमण के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है, जिससे लंबा जाम लग जाता है। जाम की वजह से राहगीरों, वाहनों और मरीजों को खासा दिक्कत उठानी पड़ रही है।

लंढौरा में प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाली साप्ताहिक पीठ बाजार के लिए निर्धारित स्थान उपलब्ध होने के बावजूद कई दुकानदार सड़क पर ही अपनी दुकानें सजा रहें हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। साथ ही मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों व लोगों खासकर महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सड़क किनारे दुकान व रेहड़ी लगाने वाले दुकानदारों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कस्बे के तौसिफ, नफीस, शोभाराम, इस्लाम, इदरीस, कुलदीप, रविंद्र, शहजाद, अमित, अब्दुल आदि लोगों ने एसडीएम और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वह सड़क पर दुकानें न लगाएं और केवल पीठ बाजार के लिए निर्धारित स्थान पर ही व्यापार करें। चौकी प्रभारी महिपाल सैनी ने कहा कि अगले शुक्रवार सड़क किनारे दुकान लगाने वाले तथा फल व रेहड़ी वाले को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



# दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** मोटरसाइकिल और जेवर की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने विवाहिता को दो साल के बच्चे के साथ पीटकर घर से निकाल दिया। आरोपियों ने मायके में रह रही विवाहिता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पति समेत नौ आरोपियों के खिलाफ महिला हेल्प लाइन के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

लंढौरा के मोहल्ला पठानान निवासी महसर ने महिला हेल्पलाइन में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका विवाह कलियर थाना क्षेत्र के महमूदपुर निवासी इकराम के साथ साल 2022 में हुआ था। विवाह में मायके वालों ने काफी दहेज दिया था। शादी के बाद से उसे कम दहेज के ताने देने लगे। बताया गया कि मायके से मोटरसाइकिल और आभूषण लाने की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसने दहेज लाने में असमर्थता जताई तो ससुरालवालों ने उसे दो साल के बच्चे के साथ पीटकर पिछले साल घर से निकाल दिया था। वह अपने बच्चे के साथ मायके में रहने लगी। जुलाई 2025 को आरोपी उसके मायके आए और दहेज की मांग पूरी न करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि महिला हेल्पलाइन के आदेश पर इकराम, हनीफा, साबरी, गुलिस्ता, अखलाक, रहमान, फरीद, रिहान, फरहान निवासीगण महमूदपुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# 5.89 ग्राम स्मैक सहित एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 5.89 ग्राम स्मैक बरामद हुई हैं। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है।

एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल के दिशा निर्देश पर समाज में नशा बेच कर जहर घोलने वालों के विरुद्ध मंगलौर व लंढौरा पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। वीरवार की शाम लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी महिपाल सैनी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की शिकारपुर मार्ग पर एक युवक फुटकर में स्मैक बेच रहा है। चौकी प्रभारी ने स्मैक तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर तत्काल अपने सहयोगी हेड कांस्टेबल शूरबीर के साथ घेराबंदी कर स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि स्मैक तस्कर को कोतवाली लाकर की गई पुछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलजार पुत्र मुर्तजा निवासी भगवानपुर चंदनपुर बताया है। आरोपी के पास से 5.89 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। बाद पुछताछ के आरोपी खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर चालान के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# तृतीय काउंसलिंग के बाद भी बीएड में आठ सीटें खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कन्हैया लाल डीएवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुड़की में बीएड सत्र 2025ख27 में प्रवेश प्रक्रिया के तहत तृतीय काउंसलिंग में कई सीटें अब भी रिक्त हैं। इस संबंध में महाविद्यालय प्रशासन की ओर से सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार कला एवं वाणिज्य वर्ग में सामान्य भूतपूर्व सैनिक की 01 सीट, ईडब्ल्यूएस ओपन की 01 सीट और ईडब्ल्यूएस महिला की 01 सीट खाली है। वहीं विज्ञान वर्ग में सामान्य भूतपूर्व सैनिक स्वयं की 01 सीट, दिव्यांग सामान्य की 01 सीट, ईडब्ल्यूएस ओपन की 01 सीट, ईडब्ल्यूएस महिला की 01 सीट और एसटी वर्ग की 01 सीट खाली है। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों ने बीएड के लिए आवेदन किया था लेकिन अब तक उनका प्रवेश नहीं हो पाया है, वे निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय में संपर्क कर अपना पंजीकरण पूर्ण कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को 19 दिसंबर 2025 तक समस्त आवश्यक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। प्राचार्य डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि निधरित समय सीमा के बाद रिक्त सीटों पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** इमलीखेड़ा-भगवानपुर मार्ग पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है। कलियर थाना क्षेत्र के ग्राम इमलीखेड़ा निवासी आकाश (37) भगवानपुर स्थित एक कंपनी में कार्यरत था। बुधवार रात करीब 11:30 बजे वह ड्यूटी समाप्त करके बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह इमलीखेड़ा के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही आकाश सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कलियर थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक भगवानपुर से ड्यूटी कर अपने घर इमलीखेड़ा लौट रहा था। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर फरार चालक की तलाश की जा रही है। उधर, युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एपीएस-1 में वार्षिक खेल दिवस पर हर्ष सदन का रहा दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की के तत्वाधान में बी0 ई0 जी0 एंड सेंटर पवेलियन रुड़की में वार्षिक खेल दिवस तथा खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया । गत चार दिवस से हो रहे इस समारोह के अंतिम दिवस में विद्यालय ने अपनी स्थापना के गौरवपूर्ण पैंतीस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक उत्सव खेल दिवस पर अंतर सदनीय एवं अंतर विद्यालय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजित कर मनाया।

ब्रिगेडियर के.पी. सिंह, कमांडेंट, बीईजी एवं सेंटर रुड़की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा श्रीमती निधि सिंह निदेशक परिवार कल्याण संगठन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं। सर्वप्रथम सीनियर तथा प्राइमरी विंग के छात्रों द्वारा कदम ताल मिलाते हुए मार्च पास्ट का भव्य प्रदर्शन किया गया । विद्यालय के चारों सदन अशोक, हर्ष, कनिष्का तथा शिवाजी के विद्यार्थियों ने एकता, अनुशासन व आपसी सामंजस्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। खेल को खेल भावना के रूप में खेलने की शपथ ग्रहण की गई। प्राइमरी विंग के नन्हे विद्यार्थियों ने शिवगण स्तुति तथा वेलकम प्रेयर डांस के द्वारा अप्रतिम नृत्य झांकी प्रस्तुत करते हुए मंगल कामना की तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। कक्षा एक तथा दो के नन्हे बच्चों द्वारा प्रदर्शित 'स्पार्कलिंग स्टार्स: चीयर लीडर्स' ने सबका मन मोह लिया । कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों द्वारा 'रिदम वॉरियर्स: एरोबिक्स और जुम्बा' का आकर्षक प्रदर्शन किया गया । इसके अतिरिक्त सीनियर विंग के लगभग एक हजार विद्यार्थियों द्वारा पीटी का मनमोहक प्रदर्शन सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। गत दिवस हुई 400 मीटर रेस (अंडर 17) बालक वर्ग में प्रथम स्थान अनमोल, द्वितीय स्थान रुद्र और तृतीय स्थान रानू ने प्राप्त किया। अंतर विद्यालय 400 मीटर रिले (अंडर-19) बालक वर्ग ए पी एस नंबर 1 रुड़की ने प्रथम, ए पी एस नंबर 2 रुड़की ने द्वितीय तथा मोंटफोर्ट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर अंडर-19 बालिका वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर एक रुड़की की इशिका, यामिनी, निशा, आस्था, हीर ने प्रथम सेंटेंस विद्यालय की अनंता, चर्चिल, काशवी, आविका, आलिया ने द्वितीय स्थान, आदर्श बाल निकेतन विद्यालय की परिधि, जिया, तृषा, मोहिशा, मंतशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के अंतर सदनीय प्रतियोगिताओं में समग्र विजेता हर्ष हाउस रहा। अंत में बोर्ड की परीक्षाओं तथा वर्ष भर की उपलब्धियों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, मेडल तथा नमन अवार्ड , आशा अरोड़ा मेमोरियल, मानव नैयर मेमोरियल अवार्ड, जॉर्ज अवार्ड, कृष्णा मलिक अवार्ड, लेफ्टिनेंट कर्नल आर0 आर मलिक अवार्ड, लेफ्टिनेंट कर्नल आरके अग्रवाल अवार्ड के अंतर्गत लगभग 35000 की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी, अभिभावक गण, शिक्षक गण, प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा तथा मुख्य अतिथि उपस्थित रहे । अंत में मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए की तथा उन्हें जीवन में अनुशासन और सहयोग का महत्त्व बताया। उन्होंने इस अवसर पर अभिभावकों को भी संबोधित करते हुए छात्रों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अभिप्रेरित किया।



# पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को सत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 19 दिसंबर 2025 को अलग-अलग जगह से दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम रणवीर पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम कुआं खेड़ा कोतवाली लक्सर अमित सैनी पुत्र हरपाल निवासी पूडेरपुर उर्फ पिपली थाना कोतवाली लक्सर बताया उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार हेड कांस्टेबल मनोज मीनान कांस्टेबल वीरेंद्र शामिल रहे पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# मनरेगा पर कांग्रेस की चिंता

संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया है इस बीच सरकार ने मनरेगा का वैकल्पिक बिल 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' दोनों सदनों में पारित कर दिया नए बिल को संक्षेप में 'जी-राम-जी' कहा जा रहा है। शायद इसीलिए हिंदी और अंग्रेजी के शब्दों की खिचड़ी बनाई गई है। इसे भाजपा की 'रामवादी राजनीति' से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। यह मानसिकता का संकरापन है। बुनियादी चिंता और सरोकार यह होना चाहिए कि जिस भारतीय को काम का संवैधानिक अधिकार हासिल है, क्या उसे 100 अथवा 125 दिन का रोजगार मुहैया कराया जा रहा है अथवा नहीं? जब 2005 में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी बिल' तैयार किया गया था, तब भाजपा के वरिष्ठ सांसद कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति में बिल पर व्यापक विमर्श किया गया था। संसदीय समिति ने तत्कालीन मनमोहन सरकार को कई सुझाव भी दिए थे। हमारी सूचना है कि अधिकांश सुझाव मान लिए गए थे। यकीनन वह एक ऐतिहासिक प्रयोग था कि देश में गरीब और बेरोजगार अथवा जिसे काम चाहिए, उस व्यक्ति को साल में कमोबेश 100 दिन का रोजगार, केंद्र सरकार के जरिए, उपलब्ध कराया जाएगा। वह संकल्प और कानूनी प्रावधान अधूरे ही रहे, क्योंकि 2006-07 से लेकर 2024-25 तक औसतन 50।24 दिन का रोजगार ही मुहैया कराया जा सका है। वाकई यह सरकार की नाकामियों का स्मारक भी है, लेकिन इसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों की ही सरकारें शामिल रही हैं। साल 2008 में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्धकैगऋ की रपट सामने आई, तो बदइंतजामी और गहरे भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए। करीब 70 फीसदी ब्लॉक में मनरेगा अफसर ही तैनात नहीं थे। करीब 52 फीसदी पंचायतों में मनरेगा सहायक ही नहीं थे। बंगाल के 19 जिलों में बिना काम ही भुगतान किए गए और फंड के गलत इस्तेमाल किए गए। देश के 19 राज्यों में सर्वे कराए गए, तो अधिकारी और ठेकेदार के मिलीभगत भ्रष्टाचारों का खुलासा हुआ। 2024-25 में, मोदी सरकार के दौरान, 193 करोड़ रूपए का गबन और घोटाला पाया गया। 2025-26 में 23 राज्यों में मनरेगा के तहत या तो काम ही नहीं कराया गया अथवा बजटीय खर्च कम किया गया। बीती 5 दिसंबर को ही राज्यसभा में सरकार ने जानकारी दी थी कि मनरेगा की मद के 9746 करोड़ रुपये बकाया हैं। बजट में मनरेगा के लिए 80,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। चूंकि रकम खर्च नहीं की गई, लिहाजा साफ है कि मजदूरी बांटी नहीं गई, क्योंकि काम उपलब्ध ही नहीं कराया गया। यूपीए सरकार के दौरान ही केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कुछ पेशेवरों, पत्रकार आदि, को प्रतिनिधि बना कर बुंद.ेलखंड जैसे पिछड़े इलाकों में भेजा था, ताकि मनरेगा का यथार्थ सामने आ सके। उनमें भी भ्रष्टाचार के कई मामले पकड़ में आए थे।

## चुनावों में सरकारी धन और संसाधनों का दुरुपयोग



वोटर लिस्ट का शुद्ध, निष्पक्ष और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की बुनियाद है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही, भेदभाव या राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जा सकता, पार्टी के पदाधिकारी इस प्रक्रिया पर पैनी नजर रखें और जरूरत पड़ने पर चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराएं, संगठन की ताकत और अनुशासन ही बसपा की सबसे बड़ी पूंजी है, सभी कार्यकर्ता ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी हित में काम करें, हाल के वर्षों में चुनावों के दौरान सरकारी धन और संसाधनों का दुरुपयोग बढ़ा है, जिससे निष्पक्ष चुनाव प्रभावित होते हैं, बिहार विधानसभा उपचुनाव के दौरान सामने आए घटनाक्रम इस बात का उदाहरण हैं, जिनकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

**-सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# महज नाम बदलने से योजना में ईमानदारी और पारदर्शिता आने की संभावना!



एम हसन

यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों तक पहुंचने के नेक इरादे से 2006 में यह योजना शुरू की थी। लेकिन राज्य सरकारों और ग्राम स्तरीय सरकारी तंत्र द्वारा इसके कार्यान्वयन से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ा। पिछले 20 वर्षों में जमीनी स्तर पर जिस तरह से धन का दुरुपयोग हुआ, उससे यह केंद्र द्वारा शुरू की गई अब तक की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। अब वीबी-जी आरएएम जी योजना का धन उसी भ्रष्ट सरकारी तंत्र के हाथों में होगा।

यूपीए सरकार की प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना - महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम द्धएमजीएनआरईजीएऋ को समाप्त करने के लगभग एक दशक के प्रयासों के बाद, एनडीए सरकार ने अंततः इसे एक नई समान योजना - विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक, 2025 से बदलने का निर्णय लिया है। नई योजना का उद्देश्य यूपीए सरकार की योजना के समान ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार प्रदान करना है, लेकिन इसमें कुछ संशोधन किए गए हैं, जिनमें नाम परिवर्तन भी शामिल है। यूपीए योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया था, जबकि एनडीए ने इसे नया नाम दिया है- वीबी-जी आरएएम जी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उच्चारण कैसे होगा, यह कहना मुश्किल है। नई योजना में केंद्र सरकार द्वारा निगरानी का पूर्ण नियंत्रण रखा गया है, जबकि कुल संघीय निधि का केवल 60 प्रतिशत हिस्सा ही केंद्र सरकार के पास रहेगा। राज्यों को शेष 40 प्रतिशत धनराशि देनी होगी और अतिरिक्त व्यय की स्थिति में राज्य सरकारों को अतिरिक्त धनरा.शि वहन करनी होगी।

हालांकि, मूल प्रश्न यह है कि पिछले दो दशकों में इस योजना के लिए निर्धारित विशाल निधियों के उपयोग में व्याप्त भ्रष्टाचार को निचले स्तर पर पूरी तरह से कैसे समाप्त किया जाए। इसलिए, नई समान सैफ्रॉन मेगा ग्रामीण रोजगार योजना को आगे बढ़ाने से पहले, वर्तमान योजना की व्यवहार्यता का आकलन करते हुए इसका निष्पक्ष और पारदर्शी सामाजिक ऑडिट आवश्यक है। पिछले 20 वर्षों में पहले ही भारी मात्रा में सरकारी निधि बर्बाद हो चुकी है।

यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों तक पहुंचने के नेक इरादे से 2006 में इस योजना का शुभारंभ किया था, लेकिन राज्य सरकारों और ग्राम स्तरीय सरकारी तंत्र द्वारा इसके कार्यान्वयन से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ा है। पिछले 20 वर्षों में जमीनी स्तर पर जिस तरह से निधियों का दुरुपयोग हुआ, उससे यह केंद्र द्वारा शुरू की गई अब तक की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। अब वीबी-जी आरएएम जी निधि इसी तरह के भ्रष्ट सरकारी तंत्र के हाथों में होगी।

हालांकि, मूल प्रश्न यह है कि पिछले दो दशकों में इस योजना के लिए निर्धारित विशाल निधियों के उपयोग में व्याप्त भ्रष्टाचार को निचले स्तर पर पूरी तरह से कैसे समाप्त किया जाए। इसलिए, नई समान सैफ्रॉन मेगा ग्रामीण रोजगार योजना को आगे बढ़ाने से पहले, वर्तमान योजना की व्यवहार्यता का आकलन करते हुए इसका निष्पक्ष और पारदर्शी सामाजिक ऑडिट आवश्यक है। पिछले 20 वर्षों में पहले ही भारी मात्रा में सरकारी निधि बर्बाद हो चुकी है। यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों तक पहुंचने के नेक इरादे से 2006 में इस योजना का शुभारंभ किया था, लेकिन राज्य सरकारों और ग्राम स्तरीय सरकारी तंत्र द्वारा इसके कार्यान्वयन से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ा है। पिछले 20 वर्षों में जमीनी स्तर पर जिस तरह से निधियों का दुरुपयोग हुआ, उससे यह केंद्र द्वारा शुरू की गई अब तक की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। अब वीबी-जी आरएएम जी निधि इसी तरह के भ्रष्ट सरक.ारी तंत्र के हाथों में होगी।

विशेष रूप से, मसौदा विधेयक का उद्देश्य प्रत्एक ग्रामीण परिवार को, जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम के लिए पंजीकरण कराते हैं, प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करना है। नए प्रस्ताव के तहत, विधानसभाओं वाले सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्र-राज्य निधि-साझाकरण अनुपात 60:40 होगा। हालांकि, पूर्वोत्तर राज्यों, हिमालई राज्यों और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में यह अनुपात 90:10 होगा। एमजीएनआरईजीए के कार्य एक मजबूत राष्ट्रीय रणनीति के अभाव में कई श्रेणियों में बिखरे हुए थे। नया अधिनियम 4 प्रमुख प्रकार के कार्यों पर केंद्रित है, जो टिकाऊ परिसंपत्तियों को सुनिश्चित करते हैं और सीधे जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संबंधी अवसं.रचना निर्माण और जलवायु अनुकूलन का समर्थन करते हैं। नया अधिनियम ग्राम पंचायतों द्वारा स्वयं तैयार की गई और पीएम गति-शक्ति जैसी राष्ट्रीय स्थानिक प्रणालियों के साथ एकीकृत विस्तृत ग्राम पंचायत योजनाओं को अनिवार्य बनाता है।

अपने 20 वर्षों के अस्तित्व के दौरान, सीएजी द्वारा केवल दो लेखापरीक्षाएं 2007-08 और 2013 और 2016 में एक सामाजिक लेखा परीक्षा की गई। सीएजी ने 2013 की अपनी व्यापक रिपोर्ट में कार्यान्वयन एजेंसियों को अनियमितताओं, धन के दुरुपयोग और लक्ष्य प्राप्ति में विफलता के लिए दोषी ठहराया था। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ऐसी रिपोर्टें हैं जिनमें बताया गया है कि कैसे ग्राम पदाधिकारियों ने अधिकारियों के साथ मिलकर धन का दुरुपयोग किया। 2013 की सीएजी रिपोर्ट ने तत्कालीन यूपीए सरकार की कड़ी आलोचना की थी और कहा था कि पिछले दो वर्षों में प्रति ग्रामीण परिवार रोजगार सृजन में काफी गिरावट आई है और पूर्ण किए गए कार्यों के अनुपात में भी ष्काफी कमीष आई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश, जिनमें कुल मिलाकर 46 प्रतिशत ग्रामीण गरीब रहते हैं, ने केंद्रीय योजना निधि का केवल 20 प्रतिशत ही उपयोग किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि गरीबी स्तर और एमजीएनआरईजीए के कार्यान्वयन के बीच संबंध बहुत मजबूत नहीं था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि केंद्रीय स्तर पर निगरानी संतोषजनक नहीं थी।

2016 की रिपोर्ट में एमजीएनआरईजीए के तहत सामाजिक लेखापरीक्षा इकाइयों के कामक.ाज की जांच की गई। रिपोर्ट में सामाजिक लेखापरीक्षा को प्राथमिक हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ समुदाय द्वारा किसी कार्यक्रम योजना के कार्यान्वयन और उसके परिणामों के सत्यापन के रूप में वर्णित किया गया है। यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लेखापरीक्षा नियम, 2011 के तहत अनिवार्य है। ये नियम ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सीएजी के परामर्श से तैयार किए गए थे। नियमों में राज्य सरकार को स्वतंत्र संगठनों अर्थात् सामाजिक लेखापरीक्षा इकाइयों एसएयू की पहचान और स्थापना, इन लेखापरीक्षाओं के संचालन की प्रक्रिया और लेखापरीक्षाओं से संबंधित व्यक्तियों के दायित्वों को सुगम बनाने का प्रावधान है। इस रिपोर्ट में कई अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था, जिनमें यह भी शामिल है कि सात राज्यों में एसएयू स्थापित नहीं की गई थीं, जबकि आठ राज्यों में वे स्थापित तो थीं लेकिन कार्यरत नहीं थीं। रिपोर्ट में अन्य निष्कर्षों के साथ-साथ सामाजिक लेखापरीक्षा करने के लिए संसाधन व्यक्तियों की कमी का भी उल्लेख किया गया था। भ्रष्टाचार से निपटने के लिए योजना में अंतर्निहित तंत्र - कदाचार के किसी भी मामले का पता लगाने के लिए गठित सामाजिक लेखापरीक्षा इकाइयों-के बावजूद गबन किए गए धन की प्रभावी वसूली नहीं हो पाई है। पिछले कुछ वर्षों में एमएनआरईजीएस योजना को केंद्र सरकार से मिलने वाली धनराशि की कमी के चलते पश्चिम बंगाल जैसे कई विपक्षी शासित राज्यों ने केंद्र सरकार पर इस योजना के तहत धनराशि जारी न करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार पर राज्यों का सबसे अधिक बकाया हैरू पश्चिम बंगाल का 2,770 करोड़ रूपए, उसके बाद राजस्थान का 979 करोड़ रूपए और बिहार का 669 करोड़ रूपए बकाया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्रांतिकारी काकोरी के वीरों को नमन



योगेश कुमार गोयल


भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल राजनीतिक आंदोलनों, प्रस्तावों और समझौतों का क्रम नहीं है बल्कि यह उन असंख्य क्रांतिकारियों की त्यागमई गाथा भी है, जिन्होंने मातृभूमि की आजादी के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। इन बलिदानों ने गुलामी की जड़ों को भीतर से हिलाया और जनता के मन में यह विश्वास जगाया कि अंग्रेजी हुकूमत अजेय नहीं है। ऐसी ही एक ऐतिहासिक और निर्णायक घटना है काकोरी कांड, जिसने न केवल ब्रिटिश सत्ता को गहरी चुनौती दी बल्कि भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की। काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष का वह अध्याय है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि आजादी केवल याचिकाओं और प्रार्थनाओं से नहीं मिलेगी बल्कि उसके लिए साहस, संगठन और बलिदान की आवश्यकता होगी। यही कारण है कि काकोरी कांड में शामिल क्रांतिकारियों को केवल इतिहास के पात्र नहीं बल्कि क्रांति की नींव रखने वाले शूरवीर माना जाता है। उनकी शहादत की स्मृति में हर वर्ष 19 दिसम्बर को काकोरी शहीद दिवस मनाया जाता है, जो हमें स्वतंत्रता की कीमत और उसकी रक्षा की जिम्मेदारी का बोध कराता है। बीसवीं सदी के प्रारंभिक दशकों में भारत का राजनीतिक परि.श्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन ने देश में जन-जागरण की लहर पैदा की थी। 1920 में शुरू हुआ यह आंदोलन ब्रिटिश शासन के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया था लेकिन फरवरी 1922 में चौरी-चौरा कांड के बाद गांधी जी द्वारा आंदोलन वापस लिए जाने से देश के एक बड़े वर्ग, विशेषकर युवा क्रांतिकारियों में गहरी निराशा फैल गई। वे मानते थे कि जब अंग्रेज दमन और हिंसा का सहारा ले रहे हैं, तब केवल अहिंसा के माध्यम से आजादी पाना कठिन है। यही वह ऐतिहासिक मोड़ था, जहां से संगठित क्रांतिकारी आंदोलन ने नई दिशा पकड़ी। निराश लेकिन .ढ़ निश्चई युवाओं ने यह ठान लिया कि वे किसी भी कीमत पर स्वतंत्रता के लक्ष्य से पीछे नहीं हटेंगे। इसी सोच के परिणामस्वरूप 1923 में शचीन्द्रनाथ सान्याल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन द्धएचआरएऋ की स्थापना हुई। इस संगठन का उद्देश्य केवल ब्रिटिश शासन का विरा.ेध करना नहीं बल्कि एक ऐसे स्वतंत्र, गणराज्यात्मक भारत की स्थापना करना था, जहां शोषण और अन्याय का कोई स्थान न हो। एचआरए के प्रमुख सदस्यों में राम प्रसाद बिस्मिल, योगेशचंद्र चटर्जी, शचीन्द्रनाथ बख्शी जैसे साहसी क्रांतिकारी शामिल थे। बाद में चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह जैसे तेजस्वी क्रांतिकारी भी इस विचारधारा से जुड़े। संगठन का स्पष्ट मत था कि क्रांति के लिए संसाधन चाहिए और संसाधनों के लिए धन, लेकिन चंदा मांगना न केवल संगठन की गोपनीयता को खतरे में डाल सकता था बल्कि अंग्रेजी खुफिया तंत्र को भी सतर्क कर सकता था।

ऐसे में निर्णय लिया गया कि ब्रिटिश सरकार के ही खजाने को निशाना बनाया जाए। इस विचार को कार्यरूप देने की जिम्मेदारी संगठन के सेना.पति पं. राम प्रसाद बिस्मिल को सौंपी गई। प्रारंभिक प्रयासों में क्रांतिकारियों ने कुछ धन जुटाने की कोशिश की, लेकिन वह हथियारों और क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए पर्याप्त नहीं था। अंततः यह निर्णय लिया गया कि सीधे सरकारी खजाने पर हाथ डाला जाए। यह फैसला न केवल साहसिक था बल्कि अत्यंत जोखिम भरा भी, क्योंकि असफलता की स्थिति में इसका परिणाम मृत्यु या आजीवन कारावास हो सकता था। 8 अगस्त 1925 को बिस्मिल के घर एक गुप्त बैठक हुई, जिसमें ब्रिटिश सरकार के खजाने को लूटने की विस्तृत योजना बनाई गई। अगले ही दिन 9 अगस्त 1925 को एचआरए के दस क्रांतिकारी सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए। इनमें राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र लाहिड़ी, शचीन्द्रनाथ बख्शी, मन्मथनाथ गुप्त, मुरारी शर्मा, बनवारी लाल, केशव चक्रवर्ती और मुकुंदी लाल शामिल थे।

लखनऊ के निकट काकोरी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चेन खींचकर उसे रोका गया। योजना के अनुसार, राजेंद्र लाहिड़ी ने नेतृत्व संभाला और कुछ ही क्षणों में सरकारी खजाने को कब्जे में ले लिया गया। यह कार्रवाई इतनी सुनियोजित थी कि यात्रियों को अधिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि दुर्भाग्यवश एक आकस्मिक गोली चलने से एक यात्री की मृत्यु हो गई, जिसे बाद में ब्रिटिश सरकार ने पूरे मामले को और अधिक संगीन बनाने के लिए प्रमुख आधार बनाया। इस लूट में कुल 4601 रूपए प्राप्त हुए, जो उस समय एक बड़ी राशि थी। अगले ही दिन यह खबर अखबारों के माध्यम से पूरे देश और विदेश में फैल गई। लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स तक में इस घटना की चर्चा हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गोवा मुक्तिः भारत की स्वतंत्रता का अंतिम निर्णायक अध्याय




औपनिवेशिक दासता के अंतिम अवशेषों के अंत और राष्ट्रीय स्वाभिमान की निर्णायक विजय का प्रतीक 'गोवा मुक्ति दिवस' हर वर्ष 19 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन केवल एक भू-भाग की मुक्ति की तिथि नहीं है बल्कि उस संकल्प, साहस और राजनीतिक दृढ़ता का प्रमाण है, जिसके बल पर भारत ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि स्वतंत्रता अधूरी नहीं रह सकती और राष्ट्र की संप्रभुता पर किसी भी प्रकार का औपनिवेशिक दावा स्वीकार्य नहीं है। 19 दिसंबर 1961 को गोवा, दमन और दीव को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराकर भारत ने लगभग 450 वर्षों की विदेशी सत्ता का अंत किया और इतिहास की धारा को निर्णायक मोड़ दिया।

गोवा का भारत से संबंध केवल भौगोलिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सभ्यतागत रहा है। प्राचीन काल से यह भूमि भारतीय संस्कृति, धर्म और व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र रही थी लेकिन 1510 में पुर्तगालियों के आगमन के साथ ही गोवा विदेशी उपनि.वेशवाद का शिकार बन गया। वास्को-डी-गामा के समुद्री मार्ग खोजने के बाद पुर्तगाली सेनापति अफोंसो डी अल्बुकर्क ने गोवा पर कब्जा कर इसे पुर्तगाल का प्रमुख उपनिवेश बना लिया और अगली चार सदियों से अधिक समय तक गोवा, दमन और दीव पुर्तगाली शासन के अधीन रहे, जहां धार्मिक दमन, सांस्कृतिक हस्तक्षेप और राजनीतिक शोषण की लंबी और पीड़ादायक कहानी लिखी गई। 1947 में जब भारत आजाद हुआ, तब यह उम्मीद स्वाभाविक थी कि गोवा भी स्वेच्छा से भारत में शामिल हो जाएगा लेकिन पुर्तगाल ने इसे अपनी 'विदेशी संपत्ति' मानने से इन्कार कर दिया और गोवा को पुर्तगाल का अभिन्न अंग घोषित करता रहा। यह स्थिति भारत के लिए केवल कूटनीतिक चुनौती नहीं थी बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान का प्रश्न बन चुकी थी। भारत ने प्रारंभ में शांतिपूर्ण और कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से गोवा की मुक्ति का मार्ग तलाशा। संयुक्त राष्ट्र में भी इस मुद्दे को उठाया गया लेकिन पुर्तगाल अडिग रहा। गोवा के भीतर भी स्वतंत्रता आंदोलन धीरे-धीरे तेज हो रहा था। डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे नेताओं ने गोवा में सत्याग्रह को संगठित किया, स्थानीय लोगों ने गिरफ्तारी दी, यातनाएं सही और अपने प्राणों की आहुति दी। यह संघर्ष भले ही राष्ट्रीय स्तर पर उतना चर्चित न रहा हो लेकिन गोवा की मिट्टी में स्वतंत्रता की चिंगारी लगातार सुलगती रही। समय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि केवल कूटनीति से समाधान संभव नहीं है। पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने यह निर्णय लिया कि गोवा को मुक्त कराना अब ऐतिहासिक अनिवार्यता है। दिसंबर 1961 में 'ऑपरेशन विजय' की योजना बनाई गई, जिसे अत्यंत गोपनीयता और सटीकता के साथ अंजाम दिया गया। यह अभियान थल, जल और वायु, तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभियान था, जिसने भारतीय सशस्त्र बलों की समन्वय क्षमता और रणनीतिक कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। 18 दिसंबर 1961 की रात भारतीय सेना ने गोवा की सीमाओं पर मोर्चा संभाला। थल सेना ने उत्तर और पूर्व से गोवा में प्रवेश किया, नौसेना ने अरब सागर में पुर्तगाली जहाजों को निष्क्रिय किया और वायुसेना ने रणनीतिक ठिकानों पर दबाव बनाया। इस पूरे अभियान में भारतीय सेना ने अत्यंत संयम और मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दिया। नागरिक क्षेत्रों को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए विशेष सावधानियां बरती गई। पुर्तगाली सेना, जो संख्या और संसाधनों में भारतीय सेना से बहुत पीछे थी, अधिक देर तक प्रतिरोध नहीं कर सकी। मात्र 36 घंटे के भीतर गोवा, दमन और दीव पर भारतीय ध्वज लहरा दिया गया। इस अभियान से जुड़े कई बहादुरी के किस्से इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं, जो भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और कर्तत्व्यनिष्ठा को उजागर करते हैं। नौसेना के युद्धपोत आईएनएस दिल्ली और आईएनएस मैसूर ने पुर्तगाली जहाजों को घेरकर समुद्री मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित किया। वायुसेना के पायलटों ने बिना किसी अनावश्यक बमबारी के केवल रणनीतिक दबाव बनाकर पुर्तगाली प्रशासन को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। थल सेना के जवानों ने कठिन भू-भाग और सीमित समय में अपने लक्ष्य को सटीकता से प्राप्त किया। गोवा के तत्कालीन पुर्तगाली गवर्नर जनरल मैनुएल एंतोनियो वासालो ई सिल्वा ने 19 दिसंबर 1961 को भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे सदियों पुराना उपनिवेशवाद शांतिपूर्वक समाप्त हुआ। गोवा की मुक्ति का महत्व केवल सैन्य विजय तक सीमित नहीं है। यह भारत की विदेश नीति में एक निर्णायक क्षण था, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अपने भू-भाग और संप्रभुता के प्रश्न पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। उस समय कुछ पश्चिमी देशों ने भारत की इस कार्रवाई की आला.ेचना भी की लेकिन समय ने सिद्ध कर दिया कि यह कदम न केवल न्यायसंगत था बल्कि ऐतिहासिक रूप से अपरिहार्य भी। गोवा की जनता ने भारतीय सेना का फूलों और आंसुओं के साथ स्वागत किया क्योंकि उनके लिए यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि सम्मान और आत्मगौरव की पुनर्प्राप्ति थी। मुक्ति के बाद गोवा को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। यहां भारतीय संविधान लागू हुआ, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना हुई और सामाजिक-आर्थिक विकास की नई यात्रा शुरू हुई। 30 मई 1987 को गोवा को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला और यह भारत का 25वां राज्य बना। दमन और दीव केंद्र शासित प्रदेश के रूप में रहे, जो बाद में दादरा और नगर हवेली के साथ विलय कर दिए गए। राज्य बनने के बाद गोवा ने पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढ़ांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की लेकिन साथ ही उसने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को भी संजोकर रखा। भारत के कई हिस्सों में आजादी की लड़ाई अलग-अलग समय और परिस्थितियों में लड़ी गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिंदू की मॉब लिंचिंग की यूनुस सरकार ने की निंदा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को देश के लोगों से हिंसक प्रदर्शनों से दूरी बनाने की अपील की है। हिंसक प्रदर्शनों में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर की गई हत्या के बाद अंतरिम सरकार ने बयान जारी किया है।

यूनुस सरकार ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से की जा रही हिंसा का सभी बांग्लादेशी नागरिक विरोध करें। उन्होंने हिंसा में मारे गए हिंदू शख्स की हत्या की भी निंदा की। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक बयान में कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। बयान में आगे कहा गया है कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बांग्ला ट्रिब्यून समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, मयमनसिंह शहर में गुरुवार को कथित ईशनिंदा के आरोप में दीपू चंद्र दास नामक एक हिंदू शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। भीड़ ने हत्या करने के



■ बयान में आगे कहा गया है कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

बाद उसके शव को आग लगा दी। मुख्य सलाहकार की मीडिया टीम की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हम हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति को नष्ट करने के सभी कृत्यों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि इस नाजुक घड़ी में, हम प्रत्येक नागरिक से हिंसा, उकसावे और नफरत को अस्वीकार करके और उनका विरोध करके हादी का सम्मान करने का आह्वान करते हैं। हालांकि, शुक्रवार को दिन के दौरान हिंसा की कोई घटना सामने नहीं आई, लेकिन गुरुवार रात प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक पिता शेख मुजीबुर रहमान के आवास की पहले से ही धवस्त इमारत में तोड़फोड़ की। इसके साथ ही ढाका में दो प्रमुख अखबारों के दफ्तरों पर हमला कर आगजनी की। प्रदर्शनकारियों ने चटगांव में सहायक भारतीय उच्चायुक्त के आवास पर ईंट-पत्थर भी फेंके। पुलिस ने आंसू गैस के सहारे और लाठीचार्ज करके भीड़ को तितर-बितर किया और 12 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। बयान में कहा गया कि यह हमारे राष्ट्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है जब हम एक ऐतिहासिक लोकतांत्रिक परिवर्तन से गुजर रहे हैं। हम इसे उन कुछ लोगों की ओर से पटरी से उतरने नहीं दे सकते और न ही देना चाहिए जो अराजकता पर पनपते हैं और शांति को नकारते हैं।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के नागरिकों से की अपील

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के नागरिकों से अपील की है कि वे हर तरह की भीड़ हिंसा (माब वायलेंस) का विरोध करें। यह अपील राजधानी ढाका में जुलाई आंदोलन के एक प्रमुख नेता हादी की गोली लगने के बाद मौत के कुछ दिनों बाद की गई है। सरकार ने कहा है कि ऐसी हिंसा कुछ गिने-चुने अराजक तत्वों की करतूत है और नए बांग्लादेश में इसके लिए कोई जगह नहीं है। सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हम हिंसा, डराने-धमकाने, आगजनी और संपत्ति के नुकसान की हर घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। सरकार ने लोगों से अपील की कि वे नफरत, उकसावे और हिंसा को पूरी तरह नकारें और शांति का रास्ता अपनाएं।




**जयपुर। आगामी मकर संक्रांति त्योहार से पहले एक दुकानदार रंग-बिरंगी पतंगें सजाते हुए।**

## सिंगापुर से ढाका लाया गया उस्मान हादी का शव, छह दिन पहले मारी गई थी गोली

**ढाका।** बांग्लादेश में जुलाई में हुए विद्रोह के एक प्रमुख नेता और इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी का शव सिंगापुर से ढाका लाया गया है। हादी को पिछले हफ्ते अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार सिर में गोली मार दी थी और छह दिनों के बाद बृहस्पतिवार देर रात सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान में 4.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज

**काबुल।** अफगानिस्तान में शुक्रवार को 4.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फार सीस्मोलाजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर रही, जिससे जमीन के तेज हिलने और आफ्टरशाक की आशंका बनी हुई है। एनसीएस ने बताया कि भूकंप 19 दिसम्बर 2025 को रात 12:14 बजे आया, जिसका केंद्र अफगानिस्तान में 36.76 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 72.08 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। विशेषज्ञों के मुताबिक उथले भूकंप ज्यादा खतरनाक माने जाते हैं, क्योंकि उनकी तरंगें सतह तक कम दूरी तय करती हैं और नुकसान की आशंका बढ़ जाती है। इससे पहले 15 दिसम्बर को भी अफगानिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था।

### ताइवान को हथियार बेचेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने ताइवान को 11.1 अरब डालर मूल्य के हथियारों की बिक्री के एक विशाल पैकेज की घोषणा की है, जिसमें मध्यम दूरी की मिसाइलें, होवित्जर तोपें और ड्रोन शामिल हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा सौदा है। यह अमेरिकी कदम चीन को नाराज कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात इन हथियार सौदों की घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित संबोधन के दौरान की।

### नेपाल के पूर्व गृह मंत्री को जमानत

**काठमांडू।** नेपाल की एक हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी और संगठित अपराध मामले में पूर्व गृह मंत्री रवि लामिछाने को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। लामिछाने, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष भी हैं। उन पर बुटवल स्थित सुप्रीम कोआपरेटिव्स के फंड के गबन का आरोप है। एक बयान कहा गया कि मुख्य न्यायाधीश वासुदेव आचार्य व न्यायमूर्ति तेज नारायण पौडेल की बेंच ने बृहस्पतिवार को लामिछाने को 2.68 करोड़ की जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# भारत के साथ सैन्य सहयोग व क्वाड पर जोर

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा नीति बिल पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 19 दिसम्बर को 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा नीति बिल पर हस्ताक्षर किए। इस बिल में भारत के साथ गहरा सैन्य और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है, खासकर क्वाड के माधयम से, ताकि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को स्वतंत्र और खुले रूप में सुरक्षित किया जा सके और चीन की बढ़ती चुनौती का सामना किया जा सके।

बिल में यह भी कहा गया है कि विदेश सचिव को अमेरिका-भारत रणनीतिक सुरक्षा संवाद के तहत भारत सरकार के साथ परमाणु उत्तरदायित्व नियमों पर एक संयुक्त सलाहकार तंत्र स्थापित करना होगा। इस तंत्र के माध्यम से दोनों देश नियमित रूप से मिलकर 2008 में हस्ताक्षरित शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा उपयोग समझौते के कार्यान्वयन का आकलन करेंगे और भारत में घरेलू परमाणु नियमों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने के अवसरों पर चर्चा करेंगे। रक्षा विभाग और विदेश विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अमेरिका के रक्षा गठबंधन और साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रयास जारी रखें। इसके तहत भारत के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने, सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार और मानवीय सहायता तथा आपदा प्रबंधन में सहयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। क्वाड, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं, 2017 में चीन की आक्रामक गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए स्थापित किया गया था। बिल में यह भी कहा गया है कि रक्षा सचिव और विदेश सचिव को मिलकर रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए रणनीति बनानी होगी, जिससे क्षमता, कार्यबल और आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा बढ़ सके। ट्रम्प ने कहा कि यह बिल शक्ति के माध्यम से शांति एजेंडा को साकार करने, घरेलू और विदेशी खतरे से सुरक्षा सुनिश्चित करने और रक्षा उद्योग को मजबूत बनाने में मदद करेगा, साथ ही गैरजरूरी और चरमपंथी कार्यक्रमों पर खर्च को रोकने में सहायक होगा। इस बिल के तहत अमेरिका के मित्र और साझेदार देशों (आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस, न्यूजीलैंड सहित) को सुरक्षा पहल में शामिल करने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। इसके अलावा, संयुक्त रिपोर्ट को बिल के लागू होने के 180 दिन के भीतर और उसके बाद हर साल पांच वर्षों तक प्रस्तुत किया जाएगा। विधेयक में सहयोगी देशों से सलाह-मशविरा करके यूरोप और दक्षिण कोरिया में अमेरिकी सैनिकों की संख्या को भी बनाए रखा जाएगा। मुख्य प्रावधानों में पेंटागन की खरीद प्रक्रियाओं में सुधार, गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम का विकास, और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पर वेनेजुएला के पास कथित ड्रग नावों पर अमेरिकी हमलों के बिना एडिट किए गए फुटेज कांग्रेस को देने का दबाव डालना शामिल है, जब तक वे ऐसा नहीं करते, तब तक उनके यात्रा बजट का एक चौथाई हिस्सा रोक दिया जाएगा। सदन की ओर से 312-112 वोटों से इसे पारित करने के एक हफ्ते बाद, बुधवार को सीनेट ने 77 के मुकाबले 20 वोटों से इस विधेयक को मंजूरी दे दी।



■ सदन की ओर से 312-112 वोटों से इसे पारित करने के एक हफ्ते बाद बुधवार को सीनेट ने 77 के मुकाबले 20 वोटों से इस विधेयक को मंजूरी दे दी

## अब 'प्राकृतिक नागरिकता' रद्द करेगी ट्रम्प सरकार

■ हर माह 100-200 लोगों को देश से निकालने की तैयारी

**वाशिंगटन।** अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई करने के साथ ही अब ट्रम्प सरकार ने प्राकृतिक नागरिकों की भी नागरिकता छीनने की तैयारी कर ली है। ट्रम्प सरकार के इस कदम से हजारों प्राकृतिक नागरिकों की नागरिकता जाने का खतरा बढ़ गया है। इसे लेकर लोगों में डर का माहौल है। खासकर एशियाई मूल के लोग इसे लेकर ज्यादा चिंतित हैं। अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी नागरिकता और अप्रवासन सेवा विभाग के फील्ड अफसरों को एक आंतरिक निर्देश जारी किया गया है। इस निर्देश के तहत हर महीने 100-200 प्राकृतिक नागरिकता वाले लोगों की सिटीजनशिप रद्द करने का निर्देश दिया गया है। अमेरिका के संघीय कानून में प्राकृतिक नागरिकता छीनने का प्रावधान है। दरअसल अगर नागरिकता के लिए आवेदन करते समय या कुछ अन्य स्थितियों में धोखाधड़ी या कोई गड़बड़ी की गई है तो प्राकृतिक नागरिकता छीनी जा सकती है। माना जा रहा है कि ट्रम्प प्रशासन इन्हीं प्रावधानों का आधार बनाकर बड़े पैमाने पर लोगों की नागरिकता छीन सकता है। जिन लोगों से जाने-अनजाने अपने नागरिकता आवेदन में अगर कोई गलती हुई है तो वे लोग भी अब ट्रम्प प्रशासन के निशाने पर आ जाएंगे। इसे लेकर लोगों में डर का माहौल है। अमेरिका में प्राकृतिक नागरिकता का प्रावधान है। जो लोग अमेरिका में पैदा नहीं हुए हैं और एक तय कानूनी प्रक्रिया के तहत अमेरिकी नागरिक बने हैं, उन्हें प्राकृतिक नागरिक कहा जाता है।

# जुबीन गर्ग की मौत के मामले पर सिंगापुर पुलिस का दो टूक

**सिंगापुर।** असम के मशहूर दिवंगत गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में सिंगापुर ने बड़ा बयान जारी किया है। सिंगापुर पुलिस ने कहा है कि गायक जुबीन गर्ग की मौत की जांच जारी है, लेकिन अब तक किसी भी तरह की साजिश का संदेह नहीं है। गर्ग की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय हालात में हुई थी।

पुलिस ने बताया कि सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) की ओर से सिंगापुर कोरोनर्स अधिनियम 2010 के तहत मामले की जांच अभी भी जारी है। बयान में कहा गया है कि हमारी अब तक की जांच के आधार पर पुलिस को गर्ग की मौत में किसी भी तरह की साजिश का संदेह नहीं है। सिंगापुर पुलिस के बयान के मुताबिक जांच पूरी होने पर निष्कर्ष सिंगापुर के राज्य कोरोनर को सौंप दिए जाएंगे, जो एक कोरोनर जांच (सीआई) आयोजित करेंगे। यह जांच जनवरी और फरवरी 2026 के लिए निर्धारित है। एसपीएफ ने बताया कि सीआई एक तथ्य-खोज प्रक्रिया है जिसका नेतृत्व कोरोनर की ओर से मौत की वजह और हालातों का पता लगाने के लिए किया जाता है। इसके निष्कर्ष समाप्त होने पर सार्वजनिक किए जाएंगे। सिंगापुर पुलिस ने कहा कि वह इस मामले



■ कहा: मौत की जांच जारी, अभी तक किसी साजिश का शक नहीं

की पूरी और पेशेवर तरीके से जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है। एसपीएफ ने कहा कि हम संबंधित पक्षों से धैर्य और समझदारी की अपील करते हैं। साथ ही हम जनता से आग्रह करते हैं कि वे अटकलें न लगाएं और अपुष्ट जानकारी न फैलाएं। गर्ग की मौत की जांच कर रही एक विशेष जांच टीम ने पिछले हफ्ते भारत की एक अदालत में दायर आरोपपत्र में गायक के सचिव सिद्धार्थ शर्मा और महोत्सव आयोजक यामकानू महंता सहित चार आरोपियों पर हत्या का आरोप लगाया है। गर्ग को 20 सितम्बर को सनटेक सिंगापुर कन्वेंशन एंड एक्जिबिशन सेंटर में आयोजित होने वाले चौथे पूर्वोत्तर भारत महोत्सव में प्रस्तुति देनी थी।

# आईएस-के प्रवक्ता सुल्तान अजीज अजम हुए गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गई एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने इस वर्ष इस्लामिक स्टेट-खुरासान (आईएस-के) के प्रवक्ता सुल्तान अजीज अजम को गिरफ्तार किया है।

संयुक्त राष्ट्र की विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की 16वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने कुछ हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारियों की है, जैसे कि इस मई में अजम की गिरफ्तारी हुई है। इस कारण क्षेत्र में आईएस-के की सक्रियता कम हो गई है। बता दे कि आईएस-के इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत का संक्षिप्त रूप है, जो मुख्य रूप से अफगानिस्तान, मध्य एशिया और दक्षिण एशिया में सक्रिय एक आतंकवादी संगठन है। सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस आफ पाकिस्तान और पीटीवी न्यूज ने बताया कि खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास एक अभियान के दौरान अजम को गिरफ्तार किया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया कि उनकी गिरफ्तारी के बाद, अल-अजैम फाउंडेशन जैसे आईएस-के के प्रचार तंत्र को भारी झटका लगा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मिलाकर, आतंकवाद विरोधी अभियानों के की वजह से आईएसके की क्षमता में कमी आई है। आईएसके के प्रमुख कमांडरों और विचारकों को निष्क्रिय कर दिया गया है। इसके साथ ही आईएसके लड़ाकों की संख्या में भी कमी आई है।

## उत्तरी वजीरिस्तान में सुरक्षा कैंप पर आतंकी हमला, जवाबी कार्रवाई में सभी पांच हमलावर ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने एक आत्मघाती बम हमले के बाद पांच आतंकवादियों को मार गिराया। इस घटना के दौरान चार सुरक्षाकर्मी घायल हुए है। घटना अफगानिस्तान सीमा से सटे उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीरान शाह की दत्ता खेल तहसील में बोया किले के कैंप में हुई। पुलिस के अनुसार आतंकवादियों में से एक, जो आत्मघाती हमलावर था, उसने विस्फोटक से भरी गाड़ी को सुरक्षा कैंप में घुसा दिया और उसमें विस्फोट कर दिया।

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहा पाकिस्तान

## सिंधु जल संधि को लेकर फिर बौखलाया, उप पीएम इशाक डार ने दी युद्ध की गीदड़भभकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सिंधु जल संधि को लेकर फिर से बौखला गया है। इसी क्रम में एक बार फिर पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा है कि भारत लगातार सिंधु जल संधि को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है और हाल की गतिविधियां इस ऐतिहासिक समझौते की मूल भावना पर सीधा हमला हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शुक्रवार को इशाक डार ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत से चिनाब नदी के पानी के बहाव में अचानक आए बदलाव को लेकर आधिकारिक रूप से सफाई मांगी है। उन्होंने कहा कि



■ पाकिस्तान ने भारत से चिनाब नदी के पानी के बहाव में अचानक आए बदलाव को लेकर आधिकारिक रूप से सफाई मांगी है: डार

यह मामला पाकिस्तान के लिए बेहद संवेदनशील है, क्योंकि इसका सीधा असर देश की कृषि और आम लोगों की जिंदगी पर पड़ता है। सिंधु जल संधि पर गीदड़भभकी देते हुए पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि अगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि सिर्फ दो देशों के बीच समझौता नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता की बुनियाद है। डार ने कहा कि अप्रैल महीने में भारत ने एकतरफा रूप से सिंधु जल संधि को 'अस्थाई रूप से निलंबित' करने का फैसला किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून और समझौतों के खिलाफ है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के मुताबिक, अब जो हो रहा है वह सिर्फ निलंबन नहीं बल्कि संधि का गंभीर उल्लंघन है, जिसके दूरगामी और खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

इस दौरान डार ने याद दिलाया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल था। इशाक डार ने आरोप लगाया कि भारत इंडस बेसिन के पानी के साथ हेरफेर कर रहा है, और वह भी ऐसे समय में जब पाकिस्तान में फसलों का अहम मौसम चल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पाकिस्तान के किसानों की आजीविका और देश की खाद्य सुरक्षा को सीधा खतरा पैदा हो गया है।







# यूक्रेन के और भी इलाकों पर होगी रूसी सेना का कब्जा

## वार्षिक ऑनलाइन सत्र में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का ऐलान

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि मास्को की सेना यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में आगे बढ़ रही है और उन्होंने भरोसा जताया कि क्रेमलिन के सैन्य लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे। पुतिन ने एलान किया कि रूसी सेनाओं ने रणनीतिक पहल को पूरी तरह से अपने हाथ में ले लिया है और वर्ष के आखिर तक और ज्यादा फायदा मिलेगा।

■ रूस की बड़ी और बेहतर हथियारों से लैस सेना ने हाल के महीनों में यूक्रेन में धीमी लेकिन स्थिर प्रगति की है

रूस की बड़ी और बेहतर हथियारों से लैस सेना ने हाल के महीनों में यूक्रेन में धीमी लेकिन स्थिर प्रगति की है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार को हर साल के आखिर में होने वाला वार्षिक ऑनलाइन सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान पुतिन ने जनता और मीडिया के सवालों के जवाब दिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'डायरेक्ट लाइन' प्रश्नोत्तर सत्र में कहा कि यूक्रेनी सेना डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के क्रास्नोआर्मेस्क के कुछ हिस्सों को फिर से हासिल करने की अप्रभावी कोशिश कर रही है, जिसमें उसे भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्लादिमीर पुतिन ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि रूसी सेना के भविष्य में क्रास्नी लिमान पर नियंत्रण करने और फिर स्लाव्यान्स्क की ओर आगे बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सेवेर्स्क शहर के दक्षिण में रूसी सेना दक्षिणी लिमान में सक्रिय और प्रभावी ढंग से अभियान चला रही हैं। सेना शहर में घुस चुकी हैं और वहां लड़ाई जारी है। मुझे भरोसा है कि क्रास्नी लिमान बहुत जल्द आजाद हो जाएगा। ऑनलाइन प्रश्नोत्तर सत्र भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे से आयोजित किया गया। पुतिन अपने राष्ट्रपति के तौर पर कार्यकाल के 22वें वर्ष में है और इस सत्र में रूस के नजरिये से साल 2025 के नतीजों का सारांश प्रस्तुत किया। क्रेमलिन की ओर से कहा गया है कि पुतिन उन विदेशी मीडिया से भी सवाल लेंगे जिन्हें मास्को 'दोस्त जैसा' नहीं मानता है। शुक्रवार को होने वाले ऑनलाइन सम्मेलन से पहले के दो हफ्तों में क्रेमलिन की ओर से खासतौर से स्थापित काल सेंटरों को राष्ट्रपति के लिए 24 लाख से अधिक प्रश्न प्राप्त हुए हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव के अनुसार, अधिकांश प्रश्न सामाजिक मुद्दों और सब्सिडी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रश्नों को विषय के हिसाब से वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन पिछले कुछ दिनों से देर रात तक उनका अध्ययन कर रहे हैं। पिछले साल के सम्मेलन के दौरान उन्होंने चार घंटे से अधिक समय तक सवालों के जवाब दिए थे।

## खैबर पख्तूनख्वा के सीएम सुहैल अफरीदी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक जिला अदालत ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई गुरुवार को अदालत में पेश न होने के कारण की गई। इस्लामाबाद की एक वरिष्ठ सिविल जज की अदालत में राज्य संस्थानों के खिलाफ कथित रूप से भ्रामक आरोप लगाने और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा मामला चल रहा है। सुनवाई के दौरान न तो मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी और न ही उनके वकील अदालत में उपस्थित हुए।